लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

HAPPY MAKAR SANKRANTI

गुरुवार 15 जनवरी, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 95 | www.janexpresslive.com/epaper | हिंदुत्व हमारी आत्मा, वोट के लिए कभी... 12


# माघ मेले में पवित्र स्नान के लिए उमड़ा जनसैलाब

## मेला अधिकारियों की तरफ से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 85 लाख लोगों ने डुबकी लगाई

■ 30 किलो रुद्राक्ष पहनकर पहुंचे बाबा, माघ मेले में 'पुष्पा' की एंट्री, बोला, झुकेगा नहीं

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और हरिद्वार में बुधवार सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मकर संक्रांति और एकादशी के पावन अवसर पर जहां प्रयागराज के संगम तट पर स्नान करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे तो हरिद्वार की हर की पौड़ी में भी बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान किया। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति और माघ की एकादशी पर स्नान को अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मेले में श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। घाटों पर पुलिस बल तैनात है, ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष रूट डायवर्जन लागू किया गया है।




### 4.40 करोड़ की पोर्श से निकले सतुआ बाबा

माघ मेले में सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले सतुआ बाबा अपनी नई नवेली कार पोर्श कार से निकले। उन्होंने 3 करोड़ की लैंड रोवर डिफेंडर छोड़कर स्पोर्ट्स कार पोर्श टर्बो 911 ले ली है। इसकी कीमत करीब 4.40 करोड़ बताई जा रही है। यह कार मंगलवार रात माघ मेले में सतुआ बाबा के शिविर पहुंची थी। रायबरेली के महराजगंज कस्बे में 21 साल के बीए के छात्र अमर कमल रस्तोगी ने संन्यास ले लिया। छात्र 1 जनवरी को घर से कहकर निकला कि वह चर्च जा रहा है, लेकिन वह प्रयागराज में माघ मेले में पहुंच गया। वहां उसकी मुलाकात एक सन्यासी से हुई और उसने संन्यास स्वीकार कर लिया। उसके मोबाइल पर स्टेट्स देख कर घर वालों को जानकारी मिलने पर वे प्रयागराज पहुंचे और उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह घर लौटने के लिए तैयार नहीं हुआ।

### 'बदनाम करने की कोशिश की तो एक्शन लूंगी'

हर्षा रिछारिया ने कहा कि मैंने महाकुंभ में तो बदनाम करने वालों को छोड़ दिया था। इस बार ऐसा नहीं होगा चाहे वो मीडिया हो या फिर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, अगर किसी ने मुझे टीआरपी के चक्कर में मेरे ऊपर सवाल खड़े किए तो मैं कड़ा एक्शन लूंगी। रवि किशन मिश्रा ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं। पुष्पा स्टाइल में सजने में उन्हें 2-3 घंटे लगते हैं। उन्होंने बताया- बचपन से ही एक्टिंग का शौक है। विधायकों की भी एक्टिंग की है। आज ही माघ मेले में बस से पहुंचा हूं। वहीं, चर्चा में रहने वाले सतुआ बाबा भी अपनी नई नवेली पोर्शे कार से निकले। मंगलवार रात सतुआ बाबा ने ऊंट की सवारी की थी। नीदरलैंड से पहुंचे पीटर ने कहा- ऐसा अद्भुत नजारा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। कड़ाके की ठंड के बावजूद साधु-संत, अखाड़े और कल्पवासी संगम की रेती पर डेरा जमाए तप कर रहे हैं।

### अभिनेता राजपाल यादव माघ मेले में पहुंचे

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने माघ मेले 2026 में पहुंचकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि साल में एक बार आने वाले इस मेले में उन्हें इस पवित्र भूमि पर घूमने का सौभाग्य मिलता है, जिसका एहसास शब्दों में बयां करना मुश्किल है। राजपाल यादव ने बताया कि वह हर साल माघ मेले में आते हैं और इस अनुभव का आनंद लेते हैं।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मकर संक्रांति के लिए सुरक्षा इंतजामों पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा, 'पूरे मेला क्षेत्र को सेक्टरों में बांटा गया है, और लगभग 12,000 फीट लंबे घाट तैयार किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर घाट पर वॉटर पुलिस के साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आरएएफ की टीमें तैनात की गई हैं। घाटों पर पर्याप्त चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में पुलिसकर्मी ड्यूटी पर हैं, और सफाई कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है।'

### माघ मेले में कांटे वाले बाबा पहुंचे

माघ मेले में इस बार कांटे वाले बाबा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पूरे शरीर पर कांटे धारण कर तपस्या करने वाले बाबा को देखने के लिए संगम क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु उनकी कठिन साधना को अद्भुत आस्था और तप का प्रतीक मानते हुए दर्शन कर रहे हैं, वहीं बाबा का कहना है कि यह साधना आत्मशुद्धि और लोककल्याण के लिए की जा रही है।

# प्रयागराज में बड़ा हादसा : तालाब में डूबने से एक युवक समेत चार बच्चों की मौत



**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

प्रयागराज में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। पुरामुफ्ती थाना इलाके के केशवपुर कुसुआ गांव में एक तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। घटना बुधवार को हुई, जब गांव के ही रहने वाले एक युवक के साथ तीन बच्चे तालाब के पास खेल रहे थे। बच्चों की उम्र 10 से 11 वर्ष बताई जा रही है। बुधवार को प्रयागराज के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर इलाके के कुसुआ गांव में एक दुखद घटना सामने आई। एक तालाब में डूबने से एक युवक समेत चार बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक गांव का ही निवासी था, और उसके साथ तीन अन्य बच्चे भी थे।

### खेलते-खेलते तालाब में गिरने की आशंका

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, बच्चे तालाब के किनारे खेल रहे थे। बच्चों के कपड़े और चप्पल तालाब के पास ही पड़े मिले, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वे खेलते-खेलते अचानक तालाब में चले गए और किसी को कुछ पता नहीं चला।

### पुलिस कर रही है जांच, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

इस गंभीर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है कि आखिर यह हादसा कैसे हुआ। वहीं, मृतकों के परिजनों ने हत्या की आशंका भी जताई है, जिसके बाद पुलिस इस दिशा में भी जांच आगे बढ़ा रही है।

यह घटना घटित हुई। तालाब में चार बच्चों की डूबने से मौत के बाद कोहराम मचा हुआ है। पुलिस चौकी सल्लाहपुर पर भारी भीड़ जमा हो गई है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे हैं। परिजन बच्चों की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जिन बच्चों डूबने से मौत हुई है उनमें प्रतीक सोनकर (12) पुत्र प्रदीप सोनकर, प्रिंस सोनकर (10) पुत्र प्रदीप सोनकर, करण सोनकर (19) पुत्र राजेश सोनकर और प्रियांशु सोनकर (11) पुत्र स्व. संदीप सोनकर हैं।

# अमेरिका ने 75 देशों के लिए रोका वीजा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका ने बड़ा फैसला लेते हुए 75 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। अमेरिकी स्टेट विभाग ने 75 देशों के लिए सभी वीजा प्रोसेस को रोक दिया है। इस लिस्ट में रूस, अफगानिस्तान और ईरान सहित बहुत सारे देशों का नाम है। इस कदम से पीछे अमेरिका का उन आवेदकों को रोकना है, जो देश पर सार्वजनिक लाभों पर बोझ बन सकते हैं। फॉक्स न्यूज के मुताबिक स्टेट विभाग के एक ज्ञापन में कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे मौजूदा कानून के तहत वीजा देने से इनकार कर दें, जबकि विभाग स्क्रीनिंग और जांच प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। इस लिस्ट में सोमालिया, रूस, अफगानिस्तान, ब्राजील, ईरान, इराक, मिस्र, नाइजीरिया, थाईलैंड, यमन और अन्य देश शामिल हैं। ऐसे में अब इन देश के नागरिकों को अमेरिका का वीजा नहीं दिया जाएगा।

### 21 जनवरी से शुरू होगी रोक

यह रोक 21 जनवरी से शुरू होगी और विभाग की ओर से वीजा प्रोसेसिंग के पुनर्मूल्यांकन किए जाने तक अनिश्चित काल तक जारी रहेगी। बता दें कि मिनेसोटा की घटना के बाद सोमालिया संघीय अधिकारियों की कड़ी निगरानी में आ गया है, जहां बड़े पैमाने पर घोटाले का खुलासा हुआ है। इस घोटाले में शामिल कई लोग सोमाली नागरिक या सोमाली-अमेरिकी हैं।







# जल शक्ति राज्यमंत्री के क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे खेरेपर मोहल्लेवासी

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

जसपुरा विकासखंड के अंतर्गत नमामि गंगे के तहत सरकार ने पानी के लिए पाइपलाइन व टंकी तो बना दी लेकिन सभी शोपीस बने हुए हैं गांव में कई जगह से पाइपलाइन लीकेज है लोगों तक पानी नहीं पहुंच रहा और सड़क खुदी हुई पड़ी है ज्यादातर लोगों ने आरोप लगाया कि इसमें लापरवाही जेई रमेश कुमार गुप्ता व अवस्थी ट्यूबवेल कंपनी के प्रोपराइटर राजू उपाध्याय जो ठेकेदार है जिन्होंने पाइपलाइन तो डाल दी लेकिन बार-बार लीकेज की समस्या और पानी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा।

तिंदवारी विधानसभा से विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद के क्षेत्र जसपुरा कस्बे के मुहल्ले खेरेपर निवासी संजय सिंह अमित सिंह शिवम सिद्ध गोपाल विजय राजेश बृजेश आदि ग्रामीणों का आरोप है कि 15 दिनों से बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं जिसकी शिकायत भी कई बार जल संस्थान से लेकर 1076 व मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी किया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संजय सिंह ने बताया कि मोहल्ले में लोगों को 15 दिन से पानी नहीं मिल पा रहा जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और अगर शिकायत भी करते हैं तो कोई सुनवाई नहीं होती ना जाने क्यों अधिकारियों को हमारे मोहल्ले की समस्या नहीं दिखाई देती क्या हम इस देश के नागरिक नहीं है। ठेकेदार राजू उपाध्याय ने जमकर नमामि गंगे के तहत काम में भ्रष्टाचार किया है अगर काम सही होता तो बार-बार पाइपलाइन नहीं टूटती नही हम मोहल्ले को पानी की समस्या उत्पन्न होती। अगर 2 दिन के अंदर पाइपलाइन नहीं बनती तो वह सड़क जाम करने की भी चेतावनी दी हैं। जब वही पूरे मामले की जानकारी जेई रमेश कुमार गुप्ता से ली गई तो उन्होंने बताया कि 2 दिन से मजदूर नहीं है और त्योहार बाद काम चालू करा दिया जाएगा।



# उत्तर प्रदेश में संस्थागत प्रसव के मामले में चित्रकूट का पहला नंबर

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जननी सुरक्षा योजना तथा मातृ एवं शिशु कार्यक्रम के तहत इस वर्ष जनपद चित्रकूट ने संस्थागत प्रसव में पहला स्थान प्राप्त किया है। जहाँ पिछले नौ महीनों में जनपद में 14,987 संस्थागत प्रसव हुए है, जिसमें 11,408 प्रसूताओं को मिलने वाली धनराशि का (70.38 प्रतिशत) भुगतान डीबीटी के माध्यम से खातों में भेजी जा चुकी है। शेष लाभार्थियों का भुगतान राज्य मुख्यालय द्वारा लिमिट प्राप्त होने के बाद करा दिया जायेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष अभी तक पंजीकृत गर्भवती महिलाओं 21960 के सापेक्ष 14,978 संस्थागत प्रसव कराएं है, जो 68 प्रतिशत है। बची हुई महिलाओं के संस्थागत प्रसव का लक्ष्य मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में मातृ मृत्यु दर 1000 जीवित जन्म पर 141 है, जिसके अनुसार जनपद में सम्भावित मातृ मृत्यु 48 के सापेक्षा 14 मातृ मृत्यु हुई है। बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस में जनसंख्या के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन का लक्ष्य 32,557 है, जिसके सापेक्ष माह दिसम्बर 2025 तक पीएमएसएमए में 19,790 गर्भवती महिलाए चिन्हित की गयी है।

चिन्हित गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष अब तक 16,839 महिलाओं को चिकित्सा इकाईयों में लाकर एमबीबीएस चिकित्सक की देखरेख में सभी जांच करायी गयी व साथ ही 12,076 महिलाओं को अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा प्रदान की गयी है, जिसमें सरकारी चिकित्सालयों में 8744 व निजी चिकित्सालयों में 3332 अल्ट्रासाउण्ड निःशुल्क कराए गए। पीएमएसएमए के अन्तर्गत प्रत्येक माह की प्रत्येक एक, नौ, 16 व 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच व देखभाल अभियान जनपद की 15 चिकित्सा इकाईयों संयुक्त जिला चिकित्सालय, 200 शैया एमसीएच विंग खोह, सीएचसी मानिकपुर, रैपुरा, मऊ, राजापुर, रामनगर, पहाड़ी, शिवरामपुर व पीएचसी सीतापुर, बरवारा, गौरी, सरैया, सरनुयां तथा शहरी सीएचसी कर्वी में जायोजित किया जाता है। जहां पर गर्भवती महिला का पंजीकरण कर चिकित्सक द्वारा जांच व अल्ट्रासाउण्ड किया जाता है। खून की कमी पाये जाने पर आयरन सुक्रोज दिया जाता है तथा अत्यधित खून की कमी होने पर ब्लड भी चढ़ाया जाता है।

जांच के बाद चिकित्सक के परामर्श के अनुसार स्टॉफ नर्स द्वारा उपचार सेवा देते हुए संस्थागत प्रसव कराने के लिए परामर्श दिया जाता है। पीएमएसएमए के दिन जनपद की सभी आशाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से एम्बुलेंस अथवा निजी साधन के द्वारा गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय में लाकर जांच कराते हुये उपचार उप्लब्ध कराया जाता है। इस दौरान चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं के बैठने, पीने के पानी व स्वल्पाहार की व्यवस्था सम्बंधित इकाई के प्रभारी द्वारा की जाती है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने के लिए जनपद स्तर से ब्लांक के लिए नामित जनपद स्तरीय नोडल/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सघन पर्यवेक्षण किया जाता है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर व गुणवत्ता बढ़ाने पर योगी सरकार दे रही है जोर

## पिछले साल जिले की कई चिकित्सा इकाइयों को मिल चुका है कायाकल्प अवार्ड

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

प्रदेश की योगी सरकार बुंदेलखंड की स्वास्थ्य इकाइयों की सुविधाओं को बेहतर करने और उनकी गुणवत्ता बढ़ाने पर निरंतर जोर दे रही है। इसी क्रम में जनपद की 350 चिकित्सा इकाइयों का इस वर्ष कायाकल्प होना है। वहीं पिछले साल जिले की कई चिकित्सा इकाइयों को कायाकल्प अवार्ड भी मिल चुका है। और सरकार के प्रयासों के चलते लगातार जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर हो रही है।जिले में 350 स्वास्थ्य इकाइयां हैं। जिसमें 286 उप स्वास्थ्य केंद्र, 47 पीएचसी, 7 यूपीएचसी व 8 सीएचसी समेत जिला अस्पताल व जिला महिला अस्पताल शामिल है। जहां पिछले साल 2025 में जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, बिसंडा पीएचसी, बबेरू सीएचसी, नरैनी सीएचसी, जसपुरा सीएचसी व अतर्रा सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड मिल चुका है। जिसमे सीएचसी जसपुरा व अतर्रा में तो अब ऑपरेशन से डिलीवरी की भी सुविधा उपलब्ध हो गई है। वही जिले की स्वास्थ्य इकाइयों को बेहतर बनाने के क्रम में कई स्वास्थ्य इकाइयों पर लोगों के द्वारा किए गए अवैध कब्जो को भी डीएम ने हटवाया है और वहां की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर विजेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे जिले मैं 350 स्वास्थ्य इकाइयां है जिसमे 16 स्वास्थ्य इलाकियों का कार्यकाल हो चुका है। वही 46 स्वास्थ्य इकाइयों के कागज आनलाइन अपडेट किए जा चुके हैं। और जल्द ही यहां पर भी कायाकल्प का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इन्होंने बताया कि सबसे पहले हम आयुष्मान आरोग्य मंदिर का कायाकल्प करवाएंगे जहां पर सीएचओ की तैनाती है।और डीएम ने सीडीओ व डीपीआरओ को ऐसे चिन्हित 57 स्वास्थ्य इकाइयों की लिस्ट दी है।जहां की बाउंड्री, सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था इनके द्वारा दुरुस्त कराई जाएगी।वहीं बाकी व्यवस्थाओं को हम दुरुस्त कराएंगे जिससे कि पीएचसी स्तर की वहां पर सुविधा मिल सके।

फोटो न0-3



# दिव्य अलौकिक भक्तिमय हनुमंत कथा का होगा भव्य आयोजन

## 15 जनवरी को आयोजित होगी भव्य कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



बागेश्वर धाम की कृपा से पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से चित्रकूट धाम मंडल मुख्यालय के मवई बाई पास चौराहे के पास स्थित लगभग 100 बीघे से भी ज्यादा बड़े मैदान में पांच दिवसीय हनुमंत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन 16 से 20 जनवरी तक होने जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस अलौकिक अद्वितीय और भक्तिमय हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार में उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, गुजरात सहित कई राज्यों से राम भक्तों का आगमन होगा।

बागेश्वर धाम सरकार की लोकप्रियता देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चरम पर है।बागेश्वर धाम सरकार की कृपा से भक्तों के सभी बिगड़े काम बनते हैं तथा सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।इस ऐतिहासिक आयोजन में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी कर रही हैं। पांच दिवसीय हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार के आयोजन से पहले 15 जनवरी 2026 को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।इस कलश यात्रा के लिए भक्तों का एकत्रीकरण शहर के रामलीला मैदान में होना सुनिश्चित हुआ है।कलश यात्रा यहीं से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए राइफल क्लब मैदान में समाप्त हो जाएगी।

# पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान में रविवार को हर बूथ पर रहेंगे बीएलओ

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन बीती छह जनवरी को विधानसभा क्षेत्र 236-चित्रकूट एवं 237-मानिकपुर के सभी मतदेय स्थलों पर करा दिया गया है। साथ ही जिन मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में नहीं दर्ज हुआ है व कुछ त्रुटियां है, उनसे आगामी छह फरवरी तक इस सम्बन्ध में दावे व आपत्तियों अर्थात फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 इत्यादि प्राप्त किये जा रहे है।

बताया कि जिन मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में नहीं दर्ज हुआ है या कोई त्रुटि है, वह प्रत्येक कार्य दिवस में मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक फार्म 6, फार्म 7 व फार्म 8 भरकर दे सकते है। बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आगामी 18 जनवरी रविवार को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। जिसके तहत 18 जनवरी रविवार को सभी बीएलओ अपने बूथों पर आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर नामों का सत्यापन करेंगे साथ ही दावे व आपत्तियों अर्थात फार्म 6, फार्म-7, फार्म-8 इत्यादि को भी प्राप्त करेंगे। बताया कि मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशन आगामी छह फरवरी तक सभी मतदान केन्द्रों पर जन सामान्य को देखने के लिए उपलब्ध है। इसके साथ ही वेब साइट पर भी मतदाता अपना विवरण दर्ज कर अपने नाम की की पुष्टि कर सकते है।

# पाठा के लाल प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने बढ़ाया गौरव

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



पाठा क्षेत्र के सकरौंहा गांव के निवासी और वर्तमान समय में राजस्थान के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर में निदेशक के रूप में कार्यरत प्रो. रमाकांत पाण्डेय को उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार का कुलपति नियुक्त किया गया है। किसी जमाने में दस्यु प्रभावित क्षेत्र के रूप में बदनाम इलाके के लाल की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उत्तराखण्ड के राज्यपाल एवं उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले.ज. गुरमीत सिंह ने बुधवार को पत्र जारी कर बताया कि प्रो. रमाकांत पाण्डेय को कार्यभार ग्रहण करने के बाद से आगामी तीन वर्ष की अवधि के लिए विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि जिले के मानिकपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत सकरौंहा ग्राम पंचायत के निवासी प्रो. रमाकांत पाण्डेय के छोटे भाई डॉ उदित नारायण पाण्डेय भी गौतम बुद्ध नगर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहें हैं। दोनों भाईयों ने स्थानीय शिक्षण संस्थाओं से ही अध्ययन करते हुए उच्च पदों तक पहुंचने में सफलता हासिल की है। प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने श्रीमती पकौवा देवी संस्कृत महाविद्यालय मानिकपुर में अध्ययन करने के बाद सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद वह सागर विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के बाद राजस्थान के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर में निदेशक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# रामरत्नेश्वर महादेव का चतुर्थ पाटोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

धर्मनगरी के जानकीकुण्ड स्थित श्री रघुबीर मंदिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) के तत्वावधान में रामरत्नेश्वर महादेव का चतुर्थ पाटोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया।

उत्सव का शुभारंभ प्रातःकाल मंदिर परिसर स्थित शिवालय में विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कर किया गया। ओम नमः शिवाय के सामूहिक मंत्रोच्चार के मध्य वैदिक परंपरा के अनुसार लघु रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। इस दौरान गुरुकुल के विद्यार्थियों एवं वैदिक आचार्यों द्वारा रुद्राष्टाध्यायी का सस्वर पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर शिवमय वातावरण से ओतप्रोत हो गया। इसके बाद आयोजित रुद्रयज्ञ में पधारे हुए संत-महंतों, यजमानों, सद्गुरु परिवार के समस्त सदस्यों तथा गुरुभाई-बहनों द्वारा श्रद्धापूर्वक आहुतियाँ अर्पित की गई। यज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण, शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति की कामना की गई। समारोह के समापन अवसर पर भगवान श्री रामरत्नेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया तथा विधिवत प्रसाद का भोग अर्पित कर महाआरती की गई। इस मौके पर ट्रस्टी डॉ. ईलेश जैन, शिक्षा समिति की अध्यक्ष उषा जैन, अनुभा अग्रवाल, आर.बी.सिंह चौहान, डॉ. अभय सिंह, पूजा सिंह, आचार्य अनिल शास्त्री, डॉ. सुरेंद्र तिवारी, संस्थान के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।



# पीसीएफ कर्मी ने खुदकुशी कर मौत को लगाया गले

**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

मुख्यालय के विवेक नगर में किराये के मकान में रह रहे पीसीएफ कर्मी ने साफी से फांसी लगाकर मौत को लगाया गले। सदर कोतवाली पुलिस ने बताया कि 36 वर्षीय सतीश कुमार पुरवार पुत्र स्व0 लखनलाल जो सीपरी बाजार झांसी के रहने वाले थे,और करीब दो साल से विवेक नगर में रह रहे थे, साथ ही यू0पी0 को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (पीसीएफ) में तैनात थे। पुलिस ने बताया कि मृतक के मालिक मकान ने बताया कि 13 जनवरी 2026 से सतीश कुमार अपने कमरे से बाहर नहीं निकले थे, वही जब 14 जनवरी को भी सुबह 7 बजे के करीब दरवाजा नाक करने पर भी, जब अन्दर से कोई जवाब नहीं आया। जिसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा गया, तो सतीश कुमार ने सफेद साफी से गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस ने बिना देर किये मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। साथ ही मृतक के परिवार वालों को घटना की जानकारी दे दी गई है।



# डॉयट में आईसीटी लैब व स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए मिले उपकरण




**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर चित्रकूट में आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए कार्यदाई संस्था श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड द्वारा अत्याधुनिक उपकरण संस्थान को उपलब्ध कराए हैं।

जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर (डायट) प्राचार्य बीके शर्मा ने बताया कि आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए कार्यदाई संस्था द्वारा तीन इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल, 10 डेस्कटॉप कंप्यूटर, 10 टीएफ्टी मॉनीटर, दो लैपटॉप, तीन ओपीएस, तीन वायरलेस कीबोर्ड-माउस, 13 यूपीएस, दो मल्टीफंक्शन प्रिंटर, चार वेब कैमरा, पांच वाई-फाई राउटर, एक प्रोजेक्टर व एक पीए सिस्टम उपलब्ध कराए गए है। प्राचार्य ने इस पहल को शिक्षक-शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। कहा कि यह आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास भविष्य में गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं आधुनिक शिक्षा को सशक्त आधार प्रदान करेगी। इन उपकरणों के माध्यम से शिक्षकों के प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी, सहभागितापूर्ण एवं व्यवहारिक बनाया जायेगा। इन उपकरणों के उपयोग से प्रशिक्षण सत्रों में डिजिटल कंटेंट, सिमुलेशन, ऑनलाइन संसाधन तथा लाइव डेमो को सहज रूप से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए यह पहल विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी, वह स्मार्ट क्लास के माध्यम से डिजिटल पेडागॉजी, ई-लर्निंग टूल्स, मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण एवं तकनीक आधारित शिक्षण विधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इससे उनकी व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि होगी और वे विद्यालयों में नवाचारपूर्ण शिक्षण के लिए बेहतर रूप से तैयार होंगे। यह तकनीक भविष्य में गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं तकनीक-आधारित शिक्षा के लक्ष्य को साकार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## आठ डग्गामार वाहनों को सीज किया गया



**हमीरपुर।** एआरटीओ अमिताभ राय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, एआरएम रोडवेज की देखरेख में मुख्यालय के खास मार्गों सहित भीड़-भाड़ वाली जगहों पर डग्गामार वाहनों के खिलाफ खास चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके चलते 8 डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें सीज किया गया। साथ ही ट्राफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्यवाही की गई, साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वैध अभिलेख साथ रखने के साथ ही सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने के लिये जागरूक किया गया। साथ ही वाहनों को गलत जगह और गलत तरीके से पार्क न करने की हिदायत दी।

# अनन्या ने हासिल की नेशनल डांस चैम्पियनशिप

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

सरस्वती बालिका विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोढ़वारा कर्वी की छात्रा अनन्या ने नेशनल चैंपियनशिप जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह ने बताया कि 11वें बैटल स्पोर्ट डांस नेशनल चैपियनशिप में योगा में छात्रा अनन्या ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। जिसका चयन इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है।

बताया कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने अनन्या को पुरस्कार देते हुए उत्साहवर्धन किया है। छात्रा अनन्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता एवं विद्यालय की कोषाध्यक्ष पद्मा सिंह एवं पिता सह नगर संघ चालक कमल सिंह व अपने गुरुओं को दिया है। आचार्य अनुराग शुक्ला ने बताया कि छात्रा अनन्या की सफलता से विद्यालय में उत्साह का माहौल है। इस सफलता से छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।




# सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुँचाना: रामकेश निषाद

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

बुधवार को पैलानी तहसील अंतर्गत पौराणिक ग्राम वसुधरी (लसड़ा) में भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। यह स्थल अपने गौरवशाली एवं पौराणिक इतिहास के कारण विशेष महत्व रखता है, जिसे भगवान कृष्णद्वैपायन वेदव्यास की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। यह भूमि माता सत्यवती एवं महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली के रूप में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में माता सत्यवती एवं महर्षि वेदव्यास की भव्य प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया। प्रतिमा अनावरण का शुभ कार्य अयोध्या धाम से पधारे मुख्य अतिथि मानसपीठ जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामानंदाचार्य तथा उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, लोक गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा। महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया।जिसमें ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा कृषि, श्रम कल्याण, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना स्टॉल लगाए गए.इन स्टॉलों के माध्यम से महोत्सव में सम्मिलित हजारों ग्रामीणों, किसानों एवं मजदूरों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं,उनके उद्देश्यों,पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुँचाना है और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण जनता को सीधे लाभ मिलता है। वहीं जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामानंदाचार्य ने अपने उद्बोधन में इस पौराणिक स्थल के धार्मिक, पौराणिक महत्व का विस्तार पूर्वक वर्णन कर बेदब्यास भगवान का संपूर्ण चित्रण किया साथ ही योगी आदित्यनाथ व जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को पांच हजार साल बाद इस पौराणिक स्थल को जीवंत करने पर बहुत शुभकामनाएं देते हुए इसके संरक्षण एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष साहिब सिंह, अनिरुद्ध सिंह चन्देल, दिनेश सिंह,शिववली निषाद, बलबीर सिंह, सत्यप्रकाश निषाद, प्रकाश सेंगर, जितेन्द्र सिंह चंदेल संरक्षक, रामहित निषाद, ग्राम प्रधान लसडा मंजू देवी, इन्द्र जीत सिंह, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।




### राहुल गांधी के साथ नेतृत्व परिवर्तन को लेकर...

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को साफ किया कि मंगलवार को जब उनकी राहुल गांधी के साथ बात हुई थी, उसमें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दरअसल राहुल गांधी, जब मंगलवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे तो शिवकुमार... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# विधायक रमेश मिश्रा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री से की भेंट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ






संगठन के निर्देश पर महाराष्ट्र में चल रहे बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव प्रचार अभियान से वापस लौटने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में सोमवार को महत्वपूर्ण राजनीतिक मुलाकात हुई। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट कर अपने संपूर्ण महाराष्ट्र प्रवास की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर बताया गया कि महाराष्ट्र प्रवास के दौरान महायुति प्रत्याशियों के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क, नुक्कड़ सभाएं एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र के लगभग 27 वार्डों में सघन प्रचार किया गया, जहां पार्टी की नीतियों, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा विकास कार्यों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखा गया। इसके अलावा ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में कुल 16 प्रत्याशियों के लिए वार्ड संख्या 122, 123, 4 एवं 15 में जनसंपर्क किया गया। वहीं मीरा-भायंदर महानगरपालिका के वार्ड 21 एवं 18 में कुल 08 प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं और घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। इसी क्रम में पनवेल महानगरपालिका के वार्ड 04 में भी महायुति प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार प्रचार किया गया। इस प्रकार पूरे महाराष्ट्र प्रवास के दौरान कुल 32 वार्डों में लगभग 55 प्रत्याशियों के लिए महायुति के समर्थन में व्यापक प्रचार अभियान संचालित किया गया। प्रचार के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं प्रभावशाली व्यक्तियों से भी भेंट-मुलाकात कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री ने महाराष्ट्र प्रवास के दौरान किए गए संगठनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए इसे पार्टी की चुनावी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगामी चुनावों में भी इसी प्रकार समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# बिजली संधोधन विधेयक ओर निजीकरण का वित्तीय पैकेज लाने की तैयारी में केंद्र सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार बिजली (संशोधन) बिल 2025 और बिजली के निजीकरण के लिए वित्तीय पैकेज का प्रस्ताव संसद के आगामी बजट सत्र में लाने की तैयारी में है। इसे स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। संघर्ष समिति ने बताया कि बिजली के मामलों की संसदीय समिति की 18 दिसंबर को बैठक हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की थी। इस बैठक में ही यह निर्णय लिया गया है कि बिजली (संशोधन) बिल 2025 को संसद के बजट सत्र में पारित कराया जाय। संघर्ष समिति ने बताया कि इस वित्तीय पैकेज के तहत प्रदेश सरकारों को तीन विकल्प दिए जाएंगे। पहला विकल्प यह होगा कि राज्य के विद्युत वितरण निगमों की 51% इक्विटी बेंच दी जाए और विद्युत वितरण निगमों को पीपीपी मॉडल पर चलाया जाए। दूसरा विकल्प यह होगा कि विद्युत वितरण निगमों की 26% इक्विटी बेची जाए लेकिन प्रबंधन निजी क्षेत्र का होगा। तीसरा विकल्प यह होगा कि विद्युत वितरण निगमों को स्टॉक एक्सचेंज में एनलिस्ट किया जाए। संघर्ष समिति ने बताया कि बजट सत्र में लाए जाने वाले वित्तीय पैकेज की इन तीनों शर्तो का एक ही तात्पर्य है बिजली का निजीकरण किया जाए। बिजली कर्मचारी ऐसे किसी प्रस्ताव का पुरजोर विरोध करेंगे। संघर्ष समिति ने बताया की बिजली के मामलों की संसदीय समिति की 03 फरवरी को बैठक हो रही है। उम्मीद की जाती है कि इसी बैठक में वित्तीय पैकेज और बिल 2025 के ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिससे इसे संसद के इसी बजट सत्र में रखा जा सके।

# मायावती आज मनाएंगी अपना 70वां जन्मदिन
## पूरे प्रदेश से आएंगे नेता, 2027 के लिए देंगी जीत का मंत्र




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बृहस्पतिवार को अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को आगामी पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संदेश देंगी। बसपा सुप्रीमो राजधानी स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित करेंगी। वहीं सभी राज्यों में उनका जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पार्टी पदाधिकारी इसकी तैयारियों में जुटे हैं। बसपा सुप्रीमो अपने जन्मदिन के अवसर पर पूर्व की भांति अपनी पुस्तक ''मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा'' के 21वें संस्करण का विमोचन भी करेंगी। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय संयोजक आकाश आनंद समेत तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ जनाधार बढ़ाने और राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के बाबत दिशा-निर्देश देंगी। हाल ही में कई राज्यों में हुए निकाय चुनावों में बसपा को मिली सफलता के बाद वह कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएंगी। उनका जन्मदिन यूपी में मंडल स्तर पर, जबकि अन्य राज्यों में जोनल स्तर पर मनाया जाएगा, जिसमें सभी केंद्रीय कोआर्डिनेटर और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। राजधानी समेत सभी जिलों में बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर हजारों की संख्या में होर्डिंग आदि लगाए गए हैं।

### खास है 70वां जन्मदिन

बसपा सुप्रीमो का 70वां जन्मदिन पार्टी संगठन के लिहाज से खास है। बसपा का अस्तित्व इस बार राज्यसभा में भी समाप्त हो रहा है। वहीं राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को खास सफलता नहीं मिल सकी है। इसकी वजह से पार्टी के अस्तित्व पर संकट है। बसपा सुप्रीमो इससे निपटने के लिए कोई खास रणनीति का खुलासा भी कर सकती हैं।

# करोड़ों की कोठी बनाने में खर्च रकम का हिसाब नहीं दे सकी बर्खास्त सिपाही की पत्नी, ईडी पहुंची घर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में गिरफ्तार बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह की पत्नी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने मंगलवार को गहन पूछताछ की। ईडी की तीन सदस्यीय टीम ने सुल्तानपुर रोड स्थित आलोक सिंह के घर पर जाकर उसकी पत्नी से करोड़ों रुपये की लागत से बने मकान का हिसाब मांगा। सूत्रों की मानें तो आलोक सिंह की पत्नी अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी, जिसकी वजह से उसे नोटिस देकर कार्यालय तलब किया जाएगा। दरअसल, एसटीएफ और ईडी की जांच में सामने आया है कि सुल्तानपुर रोड पर बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह ने आलीशान कोठी बनाई, जिसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। आलोक सिंह के आयकर विवरण की छानबीन में पता चला कि उसने बीते तीन वर्षों में महज कुछ लाख रुपये की आमदनी का ब्योरा दिया था। आलोक से ईडी ने जेल में पूछताछ की थी, जिसके बाद उसकी पत्नी से भी घर पर जाकर आमदनी और खर्च का हिसाब मांगा गया। उसकी पत्नी ने अधिकारियों को बताया कि कोठी के निर्माण में खर्च रकम का ब्योरा आलोक के पास होगा, उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं दूसरी ओर आलोक सिंह ने भी जेल में हुई पूछताछ में अधिकारियों का सहयोग नहीं किया था, जिसकी वजह से उसे कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी है।

### आर्पिक फार्मा का मनोहर नहीं हो रहा पेश

वहीं दूसरी ओर कफ सिरप की तस्करी के आरोप में वांछित अहमदाबाद की आर्पिक फार्मा का संचालक मनोहर जायसवाल ईडी के सामने पेश नहीं हो रहा है। ईडी उसे तीन बार नोटिस देकर तलब कर चुका है। सोमवार को उसे जांच एजेंसी के सामने पेश होना था, लेकिन उसने अपनी पत्नी की तबियत खराब होने का हवाला देने वाला ई-मेल भेजकर मोहलत मांगी है। अधिकारियों के मुताबिक मनोहर गिरफ्तारी के डर से पेश नहीं हो रहा है। इस मामले में उसकी पत्नी और बेटी भी आरोपी है। ईडी ने बीते दिनों उसके अहमदाबाद और लखनऊ के ठिकानों पर छापे मारकर कई अहम सुबूत जुटाए थे। उसके खिलाफ राजधानी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

# प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं से मिले अखिलेश यादव बोले, बूथ को मजबूत करो, 2027 में चूकना नहीं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सतर्क और संगठित रहने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने स्पष्ट कहा कि चुनावी जीत की असली लड़ाई बूथ पर लड़ी जाती है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर मजबूती से काम करे। वोट बचाना और बूथ जिताना समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। फार्म-6 के माध्यम से छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वाएं और भाजपा की चालाकियों से पूरी तरह सतर्क रहें। 2027 में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। ' अखिलेश यादव ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा संघ परिवार से है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता से झूठ बोलने और झूठा नरेटिव गढ़ने में माहिर है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में एक भी घुसपैठिया नहीं मिला, फिर भी जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से बेहद परेशान है। भ्रष्टाचार हर विभाग में व्याप्त है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और महिला अपराध व साइबर क्राइम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि राजधानी लखनऊ के बड़े अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में भी गुणवत्तापूर्ण इलाज नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि सरकार संस्थाओं को पर्याप्त बजट नहीं दे रही है। अखिलेश ने समाजवादी सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा कि लोहिया संस्थान, सैफई मेडिकल कॉलेज और विश्वस्तरीय कैंसर संस्थान समाजवादी सरकार की देन हैं। केजीएमयू और पीजीआई जैसी संस्थाओं में सुविधाओं का विस्तार किया गया था, जबकि मौजूदा सरकार ने व्यवस्थाओं को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है और कार्यकर्ताओं को अपने व्यवहार और काम से इस भरोसे को और मजबूत करना होगा।

### विदेशी ताकतों का स्वागत कर रही है भाजपा

अखिलेश ने भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि जो पार्टी कभी चीनी सामान के बहिष्कार की बात करती थी, वही आज विदेशी ताकतों का खुलेआम स्वागत कर रही है। उन्होंने इसे भाजपा समर्थकों के साथ धोखा बताते हुए कहा कि सच सामने आने पर 'रंगे सियार' की तरह उनका असली चेहरा उजागर हो रहा है।

# संविदा बिजली कर्मियों ने ऊर्जा मंत्री को सुनाई व्यथा, समस्याएं हल करने का मिला आश्वासन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा / संविदा कर्मचारी संघ के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात की और कर्मियों की व्यथा को सुनाया। ऊर्जामंत्री ने भी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि दोपहर दो बजे शुरू हुआ बातचीत के दौरान ऊर्जामंत्री को छंटनी के नाम पर,55 वर्ष का हवाला संविदा कर्मियों को हटाने, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने, कार्य के अनुरूप अनुबंध करने, घायल कर्मचारियों द्वारा उपचार में व्यय की गई धनराशि को संविदाकारों के बिल से काट कर भुगतान करने, फेस अटेंडेंस न लगाने के कारण कर्मचारियों के रोके गए वेतन का भुगतान करने की मांग रखी गई। मंत्री को यह भी बताया कि अधिकारियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर मेसर्स टीडीएस कम्पनी, मेसर्स अवनी परिधि, मेसर्स जनमेजय सिंह, मेसर्स विद्युत मजदूर कल्याण समिति, मेसर्स एस के इलेक्ट्रिकल व मेसर्स साधना सिक्योरिटी सलुएशन के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा मंत्री ने समस्याओं की समीक्षा करके उनके निराकरण का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद और सुरेंद्र बाजपेयी आदि शामिल थे।

# 282 वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटों से साकार होगी कचरे से कंचन की अवधारणा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को प्लास्टिक कचरे से मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा और निर्णायक कदम उठाया जा रहा है। मिशन क्लीन यूपी के तहत प्रदेश में 282 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। मेगा प्लान के जरिए यूपी को प्लास्टिक कचरे से मुक्त राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो चुकी है।प्रदेश में अब तक 103 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 132 यूनिटों का काम तेजी से निर्माणाधीन है। शेष इकाइयों को चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। इन यूनिटों के जरिए प्लास्टिक कचरे का संग्रहण, छंटाई और वैज्ञानिक निस्तारण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता को भी नई मजबूती मिलेगी और कचरे से कंचन की अवधारणा साकार होगी।पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि योगी सरकार के इस अभियान के तहत 304 विकास खंडों में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की व्यवस्था शुरू हो चुकी है। शहरी क्षेत्रों में 515 विकास खंड नगरीय मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी एमआरएफ से आच्छादित किए जा चुके हैं। प्लास्टिक कचरा खुले में फेंके जाने के बजाय व्यवस्थित रूप से प्रोसेस होगा और प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश के सभी विकास खंडों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की मजबूत श्रृंखला तैयार करना है। ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों तक एकीकृत मॉडल पर काम किया जा रहा है।

# अडानी एयरपोर्ट विस्तार के खिलाफ किसानों का बिगुल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अडानी एयरपोर्ट विस्तार परियोजना के खिलाफ राजधानी के किसान अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा भारत और भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दसहरी संगठन) के नेतृत्व में किसान सोमवार से शांतिपूर्ण लेकिन अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। किसानों का आरोप है कि एयरपोर्ट विस्तार के नाम पर उनकी खेती, रोज़गार और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य छीना जा रहा है, जबकि मुआवजा और पुनर्वास सिर्फ सरकारी फाइलों तक सीमित हैं। किसान नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि यह आंदोलन अब निवेदन नहीं, निर्णायक संघर्ष का रूप ले चुका है। 'यह लड़ाई समझौते की नहीं, हक की है। जमीन-रोटी पर हमला हुआ तो आवाज़ खेतों से निकलकर सत्ता के गलियारों तक गूंजेगी। '

### प्रशासन पर गंभीर आरोप

किसानों का कहना है कि न तो जमीन अधिग्रहण में पारदर्शिता बरती जा रही है और न ही किसानों से सहमति ली गई। कई परिवारों की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है, लेकिन सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने उन्हें बेघर करने की तैयारी कर ली है।

### आंदोलन और तेज करने की चेतावनी

किसान संगठनों ने चेताया कि यदि सरकार और जिला प्रशासन ने किसानों की मांगों की अनदेखी जारी रखी, तो आंदोलन को राजधानी स्तर पर व्यापक रूप दिया जाएगा। नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन संविधान और अहिंसा के दायरे में रहेगा, लेकिन पीछे हटने का सवाल ही नहीं है। किसानों ने दो टूक कहा कि आंदोलन के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार, जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी की होगी।

# निर्यात तैयारी सूचकांक में यूपी की ऐतिहासिक छलांग...देश में चौथे और लैंड लॉक्ड राज्यों में पहला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश ने निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तर प्रदेश ने ओवरऑल रैंकिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया है, जबकि भू-आबद्ध (लैंडलॉक्ड) राज्यों की श्रेणी में प्रदेश देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश ओवरऑल सातवें स्थान पर और लैंडलॉक्ड श्रेणी में दूसरे स्थान पर था। मात्र दो वर्षों में यह उल्लेखनीय सुधार राज्य के निर्यात क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों को दर्शाता है। प्रदेश में लागू की गई निर्यात-प्रोत्साहन नीतियों का असर अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगा है। उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति, एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, लॉजिस्टिक्स सुधार, सड़क कनेक्टिविटी और ड्राई पोर्ट जैसी पहल निर्यात को नई गति देने में सहायक साबित हुई हैं। सरकार द्वारा माल भाड़ा व्यय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेलों एवं प्रदर्शनियों में भागीदारी, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, ई-कॉमर्स ऑनबोर्डिंग शुल्क, कूरियर और एयर-फ्रेट खर्च तथा निर्यात क्रेडिट गारंटी पर प्रतिपूर्ति जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इन उपायों से निर्यातकों पर लागत का बोझ कम हुआ और वे वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सके। पिछले तीन वर्षों से आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने भी प्रदेश के निर्यात पर सकारात्मक असर डाला है। इस मंच के माध्यम से एमएसएमई इकाइयों और पारंपरिक कारीगरों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से सीधा संपर्क मिला, जिससे नए बाजार खुले और निर्यात ऑर्डरों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हथकरघा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, चमड़ा, फार्मा और कृषि आधारित उत्पादों को इससे नई पहचान मिली है। नीति आयोग ने ईपीआई-2024 की रैंकिंग चार प्रमुख स्तंभ निर्यात अवसंरचना, बिजनेस इकोसिस्टम, नीति एवं सुशासन और निर्यात प्रदर्शन–के साथ 13 उप-स्तंभों और 70 संकेतकों के आधार पर तैयार की है। इन सभी मानकों पर उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज कराते हुए अपनी स्थिति मजबूत की है। रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गुजरात जैसे तटीय राज्य रहे हैं। समुद्री तट न होने के बावजूद उत्तर प्रदेश का चौथे स्थान तक पहुंचना राज्य सरकार की नीतिगत प्रतिबद्धता और निर्यातकों को दिए गए निरंतर समर्थन का प्रमाण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को निर्यात, रोजगार और निवेश के क्षेत्र में एक नए राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करती है।

# तहरी की थाली पर तय होगी व्यापार मंडल की सत्ता!

■ ऐशबाग में 15 जनवरी को व्यापारियों का सियासी मंथन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नववर्ष 2026 की दस्तक के साथ ही राजधानी के व्यापारिक संगठनों में हलचल तेज हो गई है। 15 जनवरी, गुरुवार को रामलीला ग्राउंड, ऐशबाग में आयोजित होने जा रहा स्नेह मिलन एवं तहरी भोज अब केवल पारंपरिक आयोजन नहीं, बल्कि लखनऊ व्यापार मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव की दिशा तय करने वाला अहम राजनीतिक मंच बनता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इस आयोजन में आगामी चुनाव, संभावित नेतृत्व, संगठन की कमान और भविष्य की रणनीति को लेकर गंभीर और गोपनीय स्तर तक चर्चा होगी। यही वजह है कि शहर भर के व्यापारी नेता और पदाधिकारी इस कार्यक्रम को लेकर खासे सक्रिय नजर आ रहे हैं। हर साल सौहार्द और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक रहा यह आयोजन इस बार शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक संदेश का माध्यम भी माना जा रहा है। तहरी भोज के साथ पारंपरिक व्यंजनों की भव्य व्यवस्था के बीच रणनीति, समीकरण और समर्थन की गणित भी साधी जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने व्यापारियों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है। उनका कहना है कि यह आयोजन संगठन की मजबूती और भावी दिशा तय करने का अवसर है।
व्यापारिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि ऐशबाग का यह मंच आने वाले दिनों में व्यापार मंडल की राजनीति की तस्वीर साफ कर देगा– कौन आगे, कौन पीछे और किसके हाथ में होगी कमान।

### तहरी भोज बना चुनावी थर्मामीटर

ऐशबाग का स्नेह मिलन इस बार व्यापार मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए मूड टेस्ट माना जा रहा है। नेताओं की मौजूदगी, भीड़ की ताकत और आपसी मेल–जोल से संगठन की अंदरूनी राजनीति के संकेत साफ दिखेंगे।

# मुसाफिरखाना एसडीएम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

■ अध्यक्ष तक पहुंचा मामला, निजी सचिव ने डीएम को लिखा पत्र, प्रशासनिक हलकों में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के मुसाफिरखाना तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी एसडीएम अभिनव कनौजिया पर भ्रष्टाचार और अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।यह मामला अब तहसील स्तर से निकलकर विधानसभा अध्यक्ष तक पहुंच गया है,जिससे प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुसाफिरखाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एसडीएम पर राजस्व मामलों के निस्तारण में नियमों की अनदेखी करने,अनावश्यक रूप से अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशान करने तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।आरोप है,कि राजस्व से जुड़े मामलों में मनमानी की जाती है।और शिकायत करने वालों पर दबाव बनाया जाता है।बताया गया है,कि इस प्रकरण में पहले ही डीएम स्तर से तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया जा चुका है,हालांकि आरोप लगाने वालों का कहना है कि आरोपी अधिकारी अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं,जिससे निष्पक्ष जांच प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसी को लेकर एसडीएम को हटाने की मांग तेज हो गई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए विधान सभा अध्यक्ष के निजी सचिव ने जिलाधिकारी अमेठी को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। इस पत्र के माध्यम से प्रशासन से निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई है।पत्र सामने आने के बाद यह मामला अब जिला स्तर तक सीमित न रहकर प्रदेश स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। उधर बार एसोसिएशन और स्थानीय अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है,कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई,तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।बीते दिनों तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें एसडीएम को तत्काल हटाने की मांग दोहराई गई।फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई को लेकर सभी की निगाहें प्रशासनिक निर्णय पर टिकी हुई हैं।

### हमारी संस्कृति हमारी पहचान के तहत तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत सांस्कृतिक उत्सव-2025-26 की श्रृंखला में जनपद की समस्त तहसीलों में तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सभा स्तर पर चयनित 14 वर्ष से 20 वर्ष एवं 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने गायन, वादन एवं नृत्य को विधाओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन संबंधित तहसील हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। इसी क्रम में सदर तहसील का कार्यक्रम, सामुदायिक रतापुर में किया गया, जिसमें जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुधीर गिरी, प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी प्रत्यूष श्रीवास्तव (उप प्रधानाचार्य), आशुतोष तिवारी, डॉ0 विनीत कुमार त्रिवेदी, विनोद कुमार तिवारी, मृत्युंजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# सुरक्षा शपथ के साथ एनटीपीसी टांडा का 26वाँ स्थापना दिवस मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



एनटीपीसी टांडा में 26वाँ स्थापना दिवस सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिसर स्थित विश्वकर्मा पार्क में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सेफ्टी पीप टॉक एवं सुरक्षा शपथ के माध्यम से सुरक्षित कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टांडा, जयदेव परिदा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसके उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदाकारों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक श्री जयदेव परिदा ने 26वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सुरक्षा एनटीपीसी की सर्वोच्च प्राथमिकता है और दुर्घटना-मुक्त कार्यस्थल के लिए सभी को सजग एवं अनुशासित रहना आवश्यक है। समारोह में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजय सिंह यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) हर्ष सेठी, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) राम नारायण त्रिपाठी, महाप्रबंधक (सतर्कता) एस.सी. सिंह सहित सभी अपर महाप्रबंधकगण, उप कमांडेंट, सीआईएसएफ के जवान, विभागाध्यक्षगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, कर्मचारीगण एवं संविदाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदाकारों ने सामूहिक रूप से केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर आयोजित सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं में विजयी कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी ने सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने का संकल्प लिया।

# आज अमेठी आएंगी यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष, कल करेंगी जनसुनवाई

## महिला उत्पीड़न मामलों की समीक्षा, योजनाओं की प्रगति पर भी होगी चर्चा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान गुरुवार को जनपद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।आयोग अध्यक्ष के इस दौरे को महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. बबीता सिंह चौहान सायं 5:30 बजे अमेठी पहुंचेंगी और गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। अगले दिन शुक्रवार को वे अपने भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय निरीक्षण करेंगी।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं महिलाओं को दी जा रही सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी।तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगी। इसके उपरांत आयोग अध्यक्ष गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव जैसे कार्यक्रमों में भाग लेकर महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण से जुड़ी योजनाओं का संदेश देंगी।पूर्वाह्न 11:30 बजे वे गौरीगंज तहसील सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई करेंगी।जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानसिक एवं शारीरिक शोषण सहित अन्य मामलों से पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना और दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इसके बाद महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक कल्याण, उद्योग एनआर एलएम, पंचायती राज, कौशल विकास एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। बैठक में महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात आयोग अध्यक्ष दोपहर 3:30 बजे अमेठी से सुल्तानपुर जनपद के लिए प्रस्थान करेंगी।

### राना बेनी माधव सिंह समिति शंकरपुर के संस्थापक अध्यक्ष हरिचंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वर्ष 1857 की क्रांति सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक अध्याय मानी जाती है, जिसने देशभर में आजादी की अलख जगाई। इस ऐतिहासिक आंदोलन का केंद्र अवध रहा, जहां अंग्रेजी सत्ता को सीधी चुनौती देने वाले महान योद्धाओं में अमर स्वतंत्रता सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह का नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। प्रख्यात लेखक अमृतलाल नागर ने राणा को 卐अवध की क्रांति का पुष्प卐 कहकर उनके अद्वितीय योगदान को रेखांकित किया है। वर्ष 1856 में अंग्रेजों द्वारा अवध के नवाब वाजिद अली शाह को पदच्युत किए जाने का सबसे मुखर और संगठित विरोध राना बेनी माधव सिंह ने किया। ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा स्थापित रायबरेली के सलोन जिला मुख्यालय में हुआ विद्रोह राणा की संगठन क्षमता और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम था। उनकी रणनीति इतनी सशक्त थी कि 1857 की क्रांति से पूर्व ही पूरे रायबरेली जनपद में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह भड़क उठा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को नशा मुक्ति विषय पर प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कल्पना चावला इकाई, सरोजनी नायडू इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट के संयोजकत्व मे एक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सभागार मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह तथा प्रो श्री प्रकाश मिश्र थे। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात डॉ रमेश शुक्ल के नेतृत्व मे जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं की एक रैली निकाली गई। डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने अपने सम्बोधन मे इस दिवस के महत्व की जानकारी संक्षेप मे छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को दी। डॉ शुक्ल ने NCORD के विषय मे भी संक्षेप मे छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ को जानकारी दी।

प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने अपने सम्बोधन मे कहा कि महात्मा गांधी यह मानते थे कि शराब से शरीर और आत्मा का नाश होता है ।प्राचार्य ने नशीले पदार्थ की तस्करी व दुरूपयोग के विषय मे संक्षेप में छात्र-छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवीकाओं को जानकारी दी। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी को कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी तथा सवंयसेवक एवं स्वयंसेवीकाओं से कहा कि वे इस विषय पर समाज को अधिक से अधिक जागरूक करें। मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह ने अपने सम्बोधन मे सविनय अवज्ञा आंदोलन मे महिलाओ द्वारा शराब की दूकानो पर दिए गए धरना के विषय में संक्षेप मे जानकारी दी। प्रो वीणा ने असहयोग आंदोलन के स्थगन के बाद बलरामपुर मे महात्मा गांधी के आगमन तथा उनके नेतृत्व मे किए गए रचनात्मक कार्यो का भी संक्षेप मे उल्लेख किया। आई क्यू ए सी के कॉर्डिनेटर प्रो श्री प्रकाश मिश्र ने अपने सम्बोधन मे छात्र-छात्राओं से कहा कि वे पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण से बचें। प्रो मिश्र ने कहा कि योग विश्व को भारत की अनमोल देन है ।कल्पना चावला इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका सिंह के नेतृत्व मे नशा मुक्ति पर छात्र-छात्राओ तथा स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ को शपथ दिलायी गई। साथ ही प्राचार्य जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व मे एक नशा मुक्ति के लिए एक रैली निकाली गई जिसमे अनेको छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवम स्वयंसेवीकाओं ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर एक डॉ रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व मे एक स्वच्छता रैली तथा साफ सफाई अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर छात्र के द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर परीक्षा प्रभारी लवकुश पाण्डेय, डी के मौर्य, डॉ अभय नाथ ठाकुर, शैंकी रहेला, डॉ विनीत कुमार, डॉ ओमप्रकाश, सिद्धार्थ महंता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

### एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया भारतीय सेना दिवस

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारतीय सेना दिवस पर देशभक्ति और गौरव की भावना से ओत - प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सैनिकों के प्रतिरूप में उपस्थित छात्रों का तिलक लगाकर सम्मान किया, इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के शौर्य को नमन कर राष्ट्र की सेवा एवं सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में छात्रा आराध्या पांडेय, अनुमेहा मिश्रा, अविरल श्रीवास्तव, आकाश शर्मा और कार्तिक अग्रवाल ने भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और बलिदान को भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सगुन सिंह ने किया ।
प्रधानाचार्य प्रजापति ने बताया कि भारतीय सेना हमारे देश की सुरक्षा का मजबूत ढाल है।

# अवैध शराब के विरुद्ध अभियान तेज, 44 लीटर कच्ची शराब बरामद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर प्रदेशभर में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जनपद अमेठी में बुधवार को सघन कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी अमेठी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक एवं जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में गठित आबकारी टीम ने विभिन्न गांवों में आकस्मिक दबिश देकर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को आबकारी टीम द्वारा ग्राम सवानगी, बाहापुर, नजर अली का पुरवा एवं हंसा का पुरवा में छापेमारी की गई। यह कार्रवाई क्षेत्र-3 के अंतर्गत थाना बाजार शुकुल एवं मुसाफिरखाना क्षेत्र में की गई। दबिश के दौरान ग्राम नजर अली का पुरवा एवं हंसा का पुरवा से लगभग 44 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसके साथ ही मौके पर मौजूद लगभग 150 किलोग्राम महुआ लहन को नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। आबकारी टीम ने इस दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया तथा उनसे अपील की कि वे अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की सूचना विभाग के टोल फ्री नंबर अथवा संबंधित आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर अवश्य दें। इसके अतिरिक्त क्षेत्र की आबकारी दुकानों का भी सघन निरीक्षण किया गया। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 चंद्रभान वर्मा के साथ1आबकारी स्टाफ तीरथनाथ, शमशेर कुमार प्रधान आबकारी सिपाही सर्वेश वर्मा एवं सुलेखा देवी, आबकारी सिपाही शामिल रहे।

### 'खूब लड़ा मर्दाना, वह तो शंकरपुर का राना था'

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जगतपुर क्षेत्र के शंकरपुर और उड़वा गांव वीरता, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथाओं के सजीव साक्ष्य हैं। यही कारण है कि इस अंचल के युवाओं में आज भी सेना और पुलिस सेवा के प्रति विशेष रुझान देखने को मिलता है। राना बेनी माधव सिंह की कुलदेवी आदि शक्ति जगतजननी मां दुर्गा का विशाल मंदिर भी इसी क्षेत्र में स्थित है, जिसका भव्य विस्तार एवं सौंदर्यीकरण कार्य समिति द्वारा शासन के संज्ञान में लाए जाने के बाद तीव्र गति से अग्रसर है। बुधवार को वीर अमर शहीद राना बेनी माधव बक्श सिंह को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारियों, समिति पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज शंकरपुर के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार सहित अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंतर्गत 7 जनवरी को मुंशीगंज में अंग्रेजों द्वारा किसानों पर की गई बर्बर गोलीबारी की घटना को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दिवस मनाया गया।

# जन अदालतें आयोजित करेगी 'उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन': गीता मिश्रा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**


आशा कर्मियों की हड़ताल के 29 वे दिन भी पूरे प्रदेश की तरह रायबरेली में हड़ताल जारी रही । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहनिया के जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने धरने में शामिल आशा कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार कितनी असंवेदनशील है , इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 29 दिन बाद भी सरकार स्वास्थ्य विभाग की उस सेना से बात नहीं करना चाहती, जिसे विश्व मंच पर ग्लोबल लीडर का खिताब दिया गया। उन्होंने कहा कि आशा कर्मी पूरी दक्षता के साथ अपने कार्यों का 20 वर्षों से संपादन करती आई हैं। इनके अधिकांश आशा कर्मी अगले 5 वर्षों में सेवा से निवृत्त हो जाएगी किंतु कितना भयावह है कि 30 वर्ष रात दिन सेवाएं देने वाली आशा कर्मियों को उनकी सेवा निवृत्ति पर उनके बुढ़ापे भरे भविष्य के लिए कुछ नहीं होगा। न भविष्य निधि और न ग्रेड्यूटी। सेवा काल में सामाजिक सुरक्षा नहीं , पेट भर रोटी का भी पारिश्रमिक नहीं ,बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए कुछ नहीं, खुद की बीमारी पर इलाज नहीं, दुनिया में अकेली कामगार महिलाएं जिनको मातृत्व अवकाश नहीं, ऐसे बेगार करने वाले लोग अगर बोलने लगे तो सरकार को अच्छा नहीं लगा होगा।

यह आन्दोलन उसी भविष्य की असुरक्षा से जुड़ा हुआ है। सरकार को इन सवालों का हल और 20 वर्षों से जारी श्रम की लूटका हिसाब करना होगा।

गीता मिश्रा ने घोषणा की कि आगामी 19 और 20 जनवरी को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन पूरे प्रदेश में सरकार की इस दमनकारी नीतियों और आशा कर्मियों के शोषण के विरुद्ध जन अदालतें लगाएगी। बदायूं में भी तमाम सामाजिक और कर्मचारी संगठनों के साथ साथ आशा कर्मियों के परिजनों , ग्रामीण और शहरी निकायों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों , पत्रकारों लेखकों और जनता के विभिन्न तबकों सहित आशा कर्मियों के परिजनों ,शुभ चिंतकों , रिश्तेदारों सहित जिनकी सेवा के अपना कीमती 20 वर्ष लगाया उन ग्रामीण और शहरी नागरिकों को इन जन अदालतों में आमंत्रित किया जाएगा। जिला सह सचिव रेखा ने कहा कि सरकार इस आंदोलन को जितना दमित करेगी, उतना ही आंदोलन बढ़ेगा।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का त्यौहार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में बुधवार को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति'' का त्योहार मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी व प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा नें विद्यालय के मैदान में आग प्रज्जवलित करके तिल, गुड़, रेवड़ी व मूंगफली का प्रसाद चढ़ाया । साथ ही उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नें प्रसाद चढ़ाया । प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी नें बच्चों को बताया कि मकर संक्रान्ति भारत का प्रमुख पर्व है। मकर संक्रान्ति पूरे भारत और नेपाल में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। पौष मास में जब सूर्य मकर राशि पर आता है तभी इस पर्व को मनाया जाता है। मकर संक्रान्ति के अवसर पर गंगा स्नान एवं गंगा तट पर दान करने को अत्यन्त शुभदायक माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। इस दिन जप, तप, दान, स्नान, श्राद्ध, तर्पण जैसे धार्मिक क्रियाकलापों का विशेष महत्व है। इस दिन खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। गुड-तिल, रेवड़ी, गजक का प्रसाद बाँटा जाता है। इस त्योहार का सम्बन्ध प्रकृति, ऋतु परिवर्तन और कृषि से है। ये तीनों चीजें ही जीवन का आधार है। प्रकृति के कारक के तौर पर इस पर्व में सूर्यदेव को पूजा जाता है, जिन्हे शास्त्रों में भौतिक एवं अभौतिक तत्वों की आत्मा कहा गया है। इन्हीं की स्थिति के अनुसार ऋतु परिवर्तन होता है और धरती अनाज उत्पन्न करती है, जिससे जीव समुदाय का भरण-पोषण होता है। यह एक अति महत्वपूर्ण धार्मिक कृत्य एवं उत्सव है। प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा ने बच्चों को बताया कि लोहड़ी एक प्रमुख पंजाबी त्योहार है, जो हर साल मनाया जाता है। यह त्योहार खासतौर पर पंजाव, हरियाण और उत्तर भारत के हिस्सों में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। लोहड़ी के त्योहार पर लोग शाम को खुले स्थान पर आग जलाते है। इस अलाव को सर्दी के अंत और नई फसल के स्वागत का प्रतीक माना जाता है। इसमें लो तिल, गुड़, रेवड़ी, मूंगफली, पॉपकार्न डालकर आग की परिक्रमा करते है और अच्छी फसल और सुख-समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है। साथ ही लोग भांगड़ा और गिद्धा करते है, ढोल की थाप पर नाचते है और खुशी मनाते है, लोहड़ी से जुड़ी लोककथाएँ जैसै दुल्ला भट्टी की कहानी गाई और सुनाई जाती है। लोहड़ी खुशी, एकता और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का त्योहार है। लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति'' त्योहार के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कला प्रतियोगिता के अन्तर्गत मेधावी सिंह, मरियम आबदीन, सिफा, श्रेया श्रीवास्तव एवं शशांक सिंह ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम में अन्तर्गत 'सुन्दर मुडेरिया हो' के नामक पंजाबी गीत पर छात्राओं में मेधावी, मरियम, श्रेया, यशवी, श्रृष्टि, आराध्या, सौम्या, तनय, मानविक एवं शशांक ने एक सुंदर एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

# सरकारी धन गबन के आरोप में बैंक अधिकारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत तत्कालीन शाखा प्रबंधक पीएनबी बैंक के द्वारा एक व्यक्ति के मिलीभगत से उसके खाते मे 12 करोड़ 03 लाख 37 हजार रुपए गलत तरीके से लोन कर सरकारी धन का गबन करने वाले वाले लोन अप्रूवर ऑफिसर को बुधवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 14 जनवरी को बताया कि चीफ मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक सर्किल आफिस जनपद अयोध्या द्वारा की गई नहर बालागंज की पीएनबी ब्रांच मे पाए गए लोन अनियमितता की विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर थाना कोतवाली नगर बलरामपुर पर दिनांक 15 अगस्त 2025 को एक शिकायती प्रार्थना पत्र इस बावत दिया कि महेश त्रिपाठी (शाखा प्रबंधक पी.एन.बी बैंक नहर बालागंज बलरामपुर) पुत्र राम आधार त्रिपाठी निवासी लखनऊ 08 सहयोगी (सहायक बैंक कर्मी व अन्य सहयोगी) द्वारा बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के फर्जी व गलत दस्तावेज तैयार कर विभिन्न लोन खाते खोल कर जालसाजी करके बैंक शाखा से 525.184 लाख रुपये गबन कर लेने के संबंध में दिया गया । प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर पर सुसंगत धाराओं में महेश त्रिपाठी (वरिष्ट शाखा प्रबंधक), विनय कुमार शर्मा (अधिकारी शाखा कार्यालय), सन्तोष गुप्ता (अधिकारी शाखा कार्यालय), यशवंत कुमार (कैश बीओ), पूनम सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस), वैभव सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस), समरजीत सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस) व अन्य के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पंजीकृत मुकदमा से संबंधित अभियुक्त विनय शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा निवासी टेढ़ी बाजार खलवा को0 नगर को थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा चिनहट लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया। बताते चलें कि इस मुकदमें से संबंधित 03 अभियुक्तों महेश त्रिपाठी पुत्र राम अधार त्रिपाठी (तत्कालीन वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पीएनबी शाखा नहर बालागंज बलरामपुर) निवासी लखनऊ, समरजीत सिंह पुत्र पंचम सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस) निवासी गोण्डा तथा संतोष कुमार सिंह निवासी गोण्डा को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त विनय शर्मा द्वारा पूछताछ में बताया गया कि महेश त्रिपाठी तत्कालीन शाखा प्रबंधक नहर बालागंज व सह अभियुक्त समर जीत सिंह से मिलीभगत करके गलत तरीके से अलग अलग समय पर फर्जी लोन खाता बनाकर लगभग 46 लोन धारकों के 08 करोड़ 09 लाख 87 हजार रुपए व 40 अदद मुद्रा लोन के खातों का 03 करोड़ 93 लाख 50 हजार रुपए का गबन किया गया । विनय शर्मा लोन अप्रूवर लेवल एस-1 के पद पर कार्यरत था जो लेंस सॉफ्टवेयर पर फर्जी एलआईसी पॉलिसी नम्बर की इन्ट्री कर लोन अप्रूवल का पहल चरण का कार्य करता था। जिसके बाद बैंक मैनेजर महेश त्रिपाठी द्वारा फाइनल अप्रूवल करने के उपरांत लोन का पैसा अनधिकृत रूप से कैश अथवा अकाउन्ट ट्रांसफर के माध्यम से पीएसपी कंसट्रक्शन के मालिक समर जीत सिंह व उसके सहयोगियों को भेज दिया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों विनय शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। विनय शर्मा के विरुद्ध एक दर्जन से अधिक अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पीएनबी सर्किल ऑफिस अयोध्या द्वारा प्रथम बार 31 नॉन बॉरोवल ओ0डी0 खातों के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। तत्पश्चात 14 बॉरोवल ओ0डी0 खातों के संबंध में अलग-अलग अभियोग पंजीकृत कराए गए हैं जिसमें भी विनय शर्मा वांछित है ।

## बिल्हौर में गौकशी का बड़ा खुलासा

# खेत-आबादी के बीच मिले गौवंश के कटे अवशेष

## ठेका व्यवस्था की आड़ में चल रहा था संगठित नेटवर्क

■ विधायक राहुल बच्चा सोनकर की सख्ती के बाद तेज हुई कार्रवाई, दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में खेत और आबादी क्षेत्र के बीच बड़ी मात्रा में गौवंश के कटे हुए अवशेष, खाल, हड्डियाँ, सिर, पैर और खून से सने अंग मिलने से पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त हो गया है। यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि सनातन आस्था, गौ-माता की गरिमा और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती के रूप में सामने आई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर अवशेष पाए गए, वहां से दुर्गंध फैलने के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी उत्पन्न हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बिल्हौर में अपराध संख्या 0021/2026 के तहत उत्तर प्रदेश गोहत्या निवारण अधिनियम की धारा 3, 5 व 8 में मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि मामला केवल मृत पशु निस्तारण का नहीं, बल्कि गौकशी, अवैध संग्रहण और संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

मृत पशु निस्तारण ठेके की आड़ में अवैध गतिविधियां - जांच के दौरान सामने आए दस्तावेजों के अनुसार जिला पंचायत, कानपुर नगर द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए दिया गया मृत पशु शव निस्तारण का ठेका केवल प्राकृतिक रूप से मृत पशुओं को वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से उठाकर निस्तारित करने के उद्देश्य से दिया गया था, ताकि बदबू, प्रदूषण और बीमारियों से बचाव हो सके।

नियमों के अनुसार शवों का निस्तारण आबादी से कम से कम 300 मीटर दूर और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से किया जाना अनिवार्य है, जबकि घटनास्थल पर खेत और आबादी के बीच टीन शेड में खून से सने कटे अंगों का संग्रह किया गया, जो लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन माना जा रहा है।

ठेका किसी और के नाम, संचालन किसी और के हाथ -इस प्रकरण में यह भी तथ्य उजागर हुआ है कि ठेका जिस व्यक्ति के नाम पर स्वीकृत था, वास्तविक संचालन कोई अन्य व्यक्ति कर रहा था। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह स्थिति धोखाधड़ी, ठेका शर्तों के उल्लंघन और आपराधिक साजिश की श्रेणी में आती है, जिसकी अलग से जांच की जा रही है।

विधायक की चेतावनी के बाद सक्रिय हुई पुलिस -गौकशी की सूचना मिलते ही विधायक राहुल बच्चा सोनकर स्वयं थाना बिल्हौर पहुँचे और पुलिस अधिकारियों को 48 घंटे के भीतर कठोर व निष्पक्ष कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। विधायक की सख्ती के बाद पुलिस ने अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पाँच विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

मुख्यमंत्री से मिलने का अल्टीमेटम, विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि अब तक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से वे संतुष्ट हैं और आगे भी कानून के अनुसार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसी भी स्तर पर मामले को दबाने, भटकाने या जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया, तो वे 2 से 3 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पूरे गौकशी एवं अवैध डंपिंग नेटवर्क के तथ्यात्मक साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे।

पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई की मांग- विधायक ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले में ठेकेदारों, ऑपरेटरों, परिवहनकर्ताओं और संरक्षण देने वालों की भूमिका की गहन जांच कर उनके विरुद्ध कठोरतम धाराओं में कार्रवाई की जाए, ताकि सनातन आस्था, गौ-माता की गरिमा और जनस्वास्थ्य की प्रभावी रक्षा सुनिश्चित हो सके।

## निजामाबाद में हैंडपम्प रिबोर में बड़ा घोटाला, सचिव पर लगे गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत निजामाबाद में हैंडपम्प रिबोर के नाम पर एक बड़ा घोटाला सामने आया है। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए बताया कि रिबोर कार्य कागजों में तो पूरा दिखा दिया गया, लेकिन ज्यादातर स्थानों पर न तो रिबोर हुआ और न ही हैंडपम्पों की स्थिति में कोई सुधार देखने को मिला।ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सचिव द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग कर फर्जी बिल-वाउचर लगाकर भुगतान करा लिया गया। कई हैंडपम्प ऐसे चिन्हित किए गए जिन पर वर्षों से कोई कार्य नहीं हुआ, फिर भी उन्हें फ़रिबोर पूर्णफ़ दर्शाकर धन निकाल लिया गया। बताते चले कि ग्राम पंचायत में तैनात सचिव गीतांजलि वर्मा का यह कोई नया मामला उजागर नही हुआ है इससे पहले सचिव पर ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग में भी प्रधान के पुत्र मनीष के नाम लाखो रूपये भुगतान करने का आरोप लग चुका है हालाकि ग्राम पंचायत निजामाबाद में सूत्रों की मॉने तो सचिव के द्वारा प्रधान से मिलीभगत कर हैण्डपम्प रिबोर के नाम पर भारी भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है, क्योकि दिनाक 17.10.2025 को 99300 रूपये का हैण्डपम्प रिबोर के नाम भुगतान निकाला गया जबकि सूत्रों का कहना है कि यह भुगतान पूर्ण रूप से फर्जी है क्योंकि हैण्डपम्प रिबोर का काम ही नहीं कराया गया है। जब इस सम्बंध में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा गोलमोल करते हुए बताया गया कि आ जाना दिखा देंगे ऐसे क्या बताए।वही जब ग्राम प्रधान से जानकारी की गई तो बताया कि 3 हैण्डपम्प का काम कराया गया नटवीर बाबा, खेरवा स्कूल व बभनिया में दयाराम के घर के पास लेकिन जब सितंबर माह हुए भुगतान के बारे में पूछा गया।

## नाबालिग से दुराचार के आरोपी को अरौल पुलिस ने किया गिरफ्तार, त्वरित कार्रवाई की हो रही सराहना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना अरौल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नाबालिग पीड़िता के साथ दुराचार के गंभीर मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया।पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम तथा अपर पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम के कुशल निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरौल द्वारा गठित पुलिस टीम ने थाना अरौल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 013/2026, धारा 65(2)/ 351(3) बीएनएस एवं 5एम/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त अतुल पुत्र भगवानदीन, निवासी ग्राम बकोठी, थाना अरौल, उम्र 24 वर्ष को बकोठी अंडरपास के समीप से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध नाबालिग के साथ दुराचार का गंभीर आरोप है।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में संतोष का माहौल है तथा आमजन द्वारा पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम, उपनिरीक्षक कमल सिंह उपनिरीक्षक गौरव रजौर महिला उपनिरीक्षक प्रीतांजली यादव कांस्टेबल विशाल सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## केंद्र सरकार के सात दिवसीय प्रशिक्षण में बिल्हौर के युवाओं ने बढ़ाया जनपद का मान, सूरत में हरिओम द्विवेदी सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में गुजरात के सूरत में आयोजित सात दिवसीय युवा अंतर- जनपदीय आदान-प्रदान प्रशिक्षण कार्यक्रम में कानपुर नगर जनपद के बिल्हौर तहसील के युवाओं ने सक्रिय सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया।कार्यक्रम 'माय भारत (रू्ड्ड क्ष्द्धड्डह्ल्डुह्ल)' पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें कानपुर नगर के जिला युवा अधिकारी अनुपम कुमार एवं स्वयंसेवक विनय त्रिपाठी के निर्देशन में बिल्हौर विकास खंड के नानामऊ गांव निवासी हरिओम द्विवेदी (नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष) ने विकास खंड का प्रतिनिधित्व किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट सहभागिता एवं प्रस्तुति के लिए सूरत जिले के माय युवा भारत डिस्ट्रिक्ट युवा अधिकारी सचिन शर्मा द्वारा हरिओम द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी युवाओं ने सूरत के विश्वप्रसिद्ध डायमंड उद्योग, आधुनिक औद्योगिक ढांचे और वैश्विक स्तर पर स्थापित बिजनेस मॉडल का गहन अध्ययन किया। विशेष रूप से हीरा तराशने की इकाइयों का भ्रमण कर युवाओं ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि किस प्रकार कुशल कारीगरों द्वारा हीरों को नई-नई आकृतियों में तराशा जाता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार से व्यापारिक संबंध स्थापित किए जाते हैं।

प्रशिक्षण में सूरत के लार्जेस्ट मैन्युफैक्चरिंग हब, इंफ्रास्ट्रक्चर, कार्यप्रणाली और प्रभावी बिजनेस स्ट्रेटेजी को समझाया गया। हरिओम द्विवेदी ने बताया कि सूरत की कार्यशैली से प्रेरणा लेकर वे अपने विकास खंड के युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और आधुनिक कौशल के प्रति जागरूक करेंगे।

इस सात दिवसीय दल में कानपुर नगर के विभिन्न विकास खंडों से चयनित हरिओम द्विवेदी, हिमांशु मिश्रा, संगम साहू, सतीश कुमार, हर्षित, अंशू भारती एवं विकास यादव शामिल रहे।

प्रशिक्षण पूर्ण कर गृह जनपद लौटने पर युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 'माय युवा भारत' कार्यक्रम युवाओं की छिपी प्रतिभा और कौशल को पहचान दिलाने वाला मंच है, जो उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों और संभावनाओं को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिल्हौर लौटने पर हरिओम द्विवेदी को विनय त्रिपाठी, उत्कर्ष शुक्ला, शिव सिंह कुशवाहा, अमित कुमार सहित अन्य युवाओं व समाजसेवियों ने बधाई दी।

## बिल्हौर प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग, पूर्व विधायक प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने एसीपी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में कथित रूप से गोमांस के अवशेष मिलने की घटना को लेकर सियासत गरमा गई है। समाजवादी पार्टी की ओर से बुधवार को बिल्हौर विधानसभा की पूर्व विधायक प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने,ष्टक्कबिल्हौर को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और बिना किसी राजनीतिक दबाव के जांच कराने की मांग की।ज्ञापन में रचना सिंह गौतम ने कहा कि इस प्रकरण में दो प्रकार के तथ्य सामने आ रहे हैं। एक ओर इसे लाइसेंस प्राप्त स्लॉटर हाउस से जुड़ा मामला बताया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर इसे अवैध गतिविधि करार दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधी कोई भी हो, उसे कानून के अनुसार कठोरतम सजा मिलनी चाहिए, लेकिन अपराध की आड़ में पूरे विधानसभा क्षेत्र को साम्प्रदायिक तनाव और दंगों की आग में झोंकने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पूर्व विधायक प्रत्याशी ने स्थानीय भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर के एक कथित बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि फ़हम कानून अपने हाथ में लेकर न्याय करेंगेफ़ जैसे वक्तव्य संविधान, पुलिस प्रशासन और कानून-व्यवस्था पर सीधा सवाल खड़ा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि इससे समाज में अराजकता फैलने का खतरा भी पैदा होता है।रचना सिंह गौतम ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हुए कहा कि जब राज्य सरकार स्वयं स्लॉटर हाउस को लाइसेंस देती है

## सहभोज कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपरा का द्योतक है- राकेश कर्रा





### गांधी भवन में आयोजित सामूहिक खिचड़ी भोज में दिखी एकता की झलक

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट की ओर से बुधवार को गांधी भवन में आयोजित समरसता खिचड़ी भोज में एकता की झलक दिखी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी को आदर के साथ भोजन कराया, तो वहीं लोगों ने सामाजिक एकता की दिशा में आयोजन को बेहतर प्रयास बताया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। तदोपरान्त खिचड़ी भोज शुरू हुआ। कार्यक्रम संयोजक एवं गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी और डॉ राममनोहर लोहिया जाति तोड़ो-समाज जोड़ो की बात करते थे। उन्हीं की विचारधारा पर गांधी ट्रस्ट की गतिविधियां संचालित होती है। यह सामूहिक भोज इसी विचारधारा का प्रमाण है। जिसमें सभी राजनीतिक दल और विभिन्न विचारधाराओं के लोगों ने एक साथ सामूहिक रूप से खिचड़ी भोज का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की स्थापना काल से यह अभियान चलाया जा रहा है। खास बात यह होती है कि खिचड़ी की सामग्री विभिन्न जाति-धर्म के लोगों के सहयोग से जुटाते हैं। सासंद तनुज पुनिया ने कहा कि खिचड़ी सहभोज समरसता का पर्व है। इसमें सभी आपसी द्वेष भुलाकर प्रेम भाव से एक स्थान पर भोजन ग्रहण करते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सहभोज कार्यक्रम आदि काल से चला आ रहा है, जो हमारी समृद्ध परंपरा का द्योतक है। पूर्व प्रमुख एवं नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने ऐसे आयोजन को सामाजिक हित में आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति पर आयोजित होने वाला यह भोज अपने आप में अनूठा होता है। इस खिचड़ी भोज के माध्यम से समाज में जातिवाद, धर्मवाद, छुआछूत, ऊंच-नीच की कुरीतियों को दूर कर समाज में समरसता लाने हेतु यह प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के सहसंयोजक एवं समाजसेवी अताउर्रहमान 'सज्जन' ने धन्यवाद ज्ञापित किया। खिचड़ी भोज में प्रमुख रूप से देवा वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासिक वारसी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विवेक सिंह वर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, वरिष्ठ सपा नेता शहाब खालिद, शिक्षाविद नवनीत तिवारी, अशोक शुक्ला, प्रमोद वाजपेयी, भूपेन्द्र सिंह, दानिश आजम, उमेर किदवई, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, भाजपा नेता पंकज गुप्ता पंकी, सलाउद्दीन किदवई, सभासद ताज बाबा राईन, अश्विनी शर्मा 'शिवा', सभासद अरूण यादव 'सोनू', वरिष्ठ पत्रकार दीपक मिश्र, तारिक खान, श्रीनिवास त्रिपाठी, पीयूष वर्मा, पत्रकार उमेश चन्द श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश वर्मा, धनंजय शर्मा, अपना दल के वरिष्ठ नेता सुरेश चन्द्र गौतम, बी.एल गौतम एडवोकेट, शिवशंकर शुक्ला, आयुष यादव, राम टंडन, वीरेन्द्र प्रधान, आकाश त्रिपाठी, ज्ञान सिंह यादव, प्रदीप यादव, हशमत अली गुड्डु, मनीष सिंह, परवेज अहमद, साद किदवई, भाजपा नेता रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

### खिचड़ी भोज का आयोजन

बाराबंकी। देवा रोड स्थित बंकी ब्लाक के सामने केएलएसएस कन्सट्रक्शन द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के बैनर तले खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। हजारो व्यापारी इस भोज में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर केएलएसएस कन्सट्रक्शन के मुखिया अनुपम शुक्ला ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के बैनर तले खिचड़ी भोज का आयोजन किया था। खिचड़ी भोज में संगठन के कई पदाधिकारियों के साथ साथ सत्ता पक्ष के दिग्गजों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर डा. विवेक वर्मा, जयदीप सिद्धू, मनीष गौतम, हर्ष वर्धन सिंह, भूपेन्द्र शुक्ला, अलका मिश्रा, उमेश मिश्रा, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, केडी पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## आगामी मकनपुर मेला को लेकर पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने किया मेला स्थलों का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

अरौल आगामी मकनपुर मेला के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम.क़ासिम आबिदी ने थाना अरौल क्षेत्रान्तर्गत मेला स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के अवसर पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने संबंधित धर्म गुरुओं से भेंट कर मेला आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, यातायात के सुचारु संचालन तथा आपसी समन्वय के माध्यम से किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात डायवर्जन को लेकर पूर्व से प्रभावी योजना बनाई जाए।

इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन ने मेला आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

## बगैर हेलमेट दिया पेट्रोल तो होगा पंप का लाइसेन्स निरस्त-डीएम

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के प्रभावी अनुपालन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को किसी भी दशा में पेट्रोल पंपों से ईंधन न दिया जाए, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के समस्त पेट्रोल पंप संचालक इस अभियान का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।साथ ही यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से नियमित रूप से निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसा न करने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पुलिस गस्त भी करते रहे तथा शरारती तत्वों पर कार्यवाही की जाए।

## झलकी लापरवाही डीएम ने रोका प्रभारी चिकित्याधिकारी का वेतन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कल देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐलिया का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी सुधीर पाण्डेय से चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी ली। वार्ड में बेडशीट गंदी होने सही ढंग से बिछी न होने पर एवं उनके द्वारा दिये गये आदेश के उल्लंघन पर प्रभारी चिकित्साधिकारी सुधारी पाण्डेय का वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जब तक सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त न हो जायें, तब तक वेतन आहरित न किया जाये। चिकित्सक कुमार गौड़ की अनुपस्थिति पर एक दिन का वेतन काटनें के निर्देश दिये।मातृ सुरक्षा केन्द्र पहुंचकर रजिस्टरों का अवलोकन किया एवं लेबर रूम रजिस्टर को भी देखा। जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव के बारे में जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि स्टॉफ नर्स ए0एन0एम0 से वार्ता करते हुये गांव की गर्भवती महिलाओं का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी रेफरल रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर में कमियां, रेफर किये गये एनीमिया के मरीजों का इलाज न करने पर एवं रजिस्टरों का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रभारी चिकित्साधिकारी सुधारी पाण्डेय को प्रतिकूल प्रविष्टि, स्टॉफ नर्स पूजा यादव एवं ज्योति अवस्थी का 15-15 दिन का वेतन रोकने निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। महिला वार्ड को देखते हुये टीकाकरण एवं खाने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज प्राथमिक विद्यालय-ग्वाली, विकास क्षेत्र गोंदलामऊ में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में वी.एच.एस.एन.डी. सत्र का औचक निरीक्षण किया।

## सोनामती महाविद्यालय में मां गंगा पुत्र भीष्म पितामह जन्मोत्सव पर संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



मां गंगा पुत्र भीष्म पितामह के जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार को सोनामती महाविद्यालय, बिल्हौर परिसर में गंगा समग्र बिल्हौर इकाई द्वारा संगोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम गंगा समग्र बिल्हौर इकाई के जिला संयोजक श्री रवेन्द्र कुमार के संयोजन में संपन्न हुआ।

संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने मां गंगा की पवित्रता, अविरलता एवं संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से विचार रखे।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पदाधिकारियों को मां गंगा को पालीथीन मुक्त रखने की भीष्म प्रतिज्ञा दिलाई गई, जिससे गंगा स्वच्छता के प्रति सामूहिक संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत मां गंगा पुत्र भीष्म पितामह के जीवन, त्याग और आदर्शों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में गंगा समग्र से जुड़े विभिन्न आयामों के प्रमुख पदाधिकारी,

महाविद्यालय के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. अतुल दुबे, सह-प्रमुख गंगा भाग, गंगा समग्र कानपुर प्रान्त एवं उप-प्राचार्य सोनामती महाविद्यालय, बिल्हौर ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही गंगा संरक्षण के अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है।

कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता, संरक्षण एवं जनजागरूकता के संकल्प के साथ किया गया।

## तिरंगे में रंग रही नगर पालिका परिषद खैराबाद

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

### सबका साथ सबका विकास लेकर नपाप में विकास का पहिया दौड़ा रहे अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक

नगर पालिका परिषद खैराबाद इस समय तिरंगे के रंग में रंग रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि रात के समय पालिका की सड़को पर तिरंगे प्रकाश में लोग अपना सफर तय करे। इसके लिये प्रयास जारी है। इन्ही विकास के सपनों के साथ नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बब्लू द्वारा सबका साथ सबका विकास लेकर पालिका क्षेत्र में विकास का पहिया दौड़ाने का प्रयास कर रहे है। चुनाव जीतने के बाद से नही अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि ने क्षेत्र के विकास का ताना बना बुन लिया था और सबसे पहले श्री गुप्ता ने क्षेत्र की सड़को को महत्व दिया और सड़को का चैड़ीकरण, सुन्दरीकरण से लेकर रात में दूधिया और तिरंगा प्रकाश सड़को पर बिखेरने का प्रयास किया। विकास के मामले में नगर पालिका व सरकारी जमीनों पर कुछ भूमाफियाओं ने कब्जा किया था नजूल की भूमि पर बड़े पैमाने पर कब्जा था। विकास को गति देने और पालिका क्षेत्र की जनता को मूलभूम सुविधाओं से लैश करने के लिये श्री गुप्ता ने सरकारी जमीनों पर जिन दबंगो ने कब्जा किया था उनके कब्जे से जमीन को मुक्त कराकर उस पर विकास कार्य कराया। नगर के चैराहो का सौन्दर्यीकरण करते हुए श्री गुप्ता ने चैराहो को ऐसा सजाया कि रात में जब इन चैराहे पर दूधिया प्रकाश पड़ता है तो चैराहो से नजर हटती ही नही है।

इसके अलावा पार्को से लेकर अन्य मूलभूत सुविधओं को ध्यान रखते हुए प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बब्लू द्वारा लगातार पालिका क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई जा रही है। जहां पर जिस विकास की आवश्यकता होती है प्रतिनिधि द्वारा मेहतन करके उस विकास को कराया जाता है इसके साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जारी योजनाओं को पालिका क्षेत्र में निवास कर रहे अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि से बात की कई तो उन्होने बताया कि मेरा पूरा प्रयास रहता है कि जो भी योजनाएं सरकार द्वारा जनहित मे संचालित की जा रही है उनका लाभ पूरी तरह से हमारी जनता को मिले जनता को अपनी समस्याओं के समाधान में ज्यादा दौड़ भाग न करनी पडे लिये अध्यक्ष व मेरे द्वारा जनता की समस्याएं सुनी जा रही है और उनका गुणवत्तापरक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# शरिया या उम्मा की निष्ठा भारतीय संविधान से पहले

**यह भी ध्यान देने योग्य है कि गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक पिछड़ेपन का लाभ उठाकर कई कट्टर समूह भीड़ को भड़काते हैं, गरीब महिलाओं को पैसे देकर आंदोलनों में बैठाते हैं, और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए 'पीड़ित अल्पसंख्यक' का नैरेटिव तैयार करते हैं। ऐसे तंत्र को तोड़ना शिक्षित समाज, स्वतंत्र न्यायपालिका और कठोर शासन तीनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक यह तंत्र मजबूत रहेगा, अपराधियों को 'कौमी समर्थन' मिलता रहेगा और वे राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को अपनी पहचान का हिस्सा मानकर आगे बढ़ेंगे।**

*भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां संविधान की सर्वोच्चता और कुछ समूहों की विचारधारात्मक आक्रामकता के बीच संघर्ष अब स्पष्ट रूप में दिखने लगा है। यह समस्या किसी धर्म-विशेष के अनुयायियों की नहीं, एक तरह से देखें तो उन लोगों की है जो अपने धार्मिक या वैचारिक ग्रंथों को देश, समाज, राष्ट्र और संविधान से ऊपर रखने की घोषणा करते हैं। संविधान भारतीय नागरिकता का आधार है, और नागरिकता स्वयं तभी सार्थक होती है जब नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानता है। दुर्भाग्य यह है कि अब कुछ संगठित समूह खुले तौर पर घोषणा करने लगे हैं कि उनके लिए शरिया या उम्मा की निष्ठा भारतीय संविधान से पहले है। यह घोषणा सिर्फ धार्मिक भावना नहीं है, यह राष्ट्रीय ढांचे के विरुद्ध वैचारिक विद्रोह है। इस प्रकार की विचारधारा धीरे-धीरे अपराधों को वैधता देने का खतरनाक माध्यम बन जाती है। जब किसी कट्टर नेटवर्क के भीतर अपराधी मानसिकता को 'कौमी कर्तव्य' कहकर समर्थन दिया जाता है, तब वह अपराध सामान्य आपराधिक हरकत नहीं रह जाता; वह संगठित सामाजिक हिंसा बन जाता है। भीड़ हिंसा, दंगे, पत्थरबाजी, आतंकवादियों के लिए खुला समर्थन, और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले आंदोलन इसी मानसिकता की उपज हैं। यदि यह वातावरण बढ़ता रहा तो अराजकता केवल सामाजिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और भौगोलिक स्तर पर भी देश को कमजोर कर देगी। इतिहास इस बात का प्रमाण है कि किसी भी राष्ट्र में जब कानून से ऊपर किसी वैचारिक पहचान को बढ़ावा मिलता है, तो राष्ट्र अंततः विघटन के मार्ग पर चल पड़ता है। यहाँ पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे नागरिकों के लिए समाधान क्या होना चाहिए? क्या देश से निष्कासन या फाँसी जैसे कठोर दंड की आवश्यकता है? या कोई ऐसा उपाय है जो राष्ट्र को भी सुरक्षित रखे और लोकतंत्र की मर्यादा भी बनाए रखे? यह समझना आवश्यक है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में मृत्यु-दंड या नागरिकता-निष्कासन अंतिम औज़ार हैं। इन्हें केवल तभी उपयोग किया जा सकता है जब नागरिक ने स्वयं हिंसक राष्ट्र-विरोधी अपराध किया हो- जैसे आतंकवाद, राजद्रोह की सशस्त्र गतिविधि या बड़े पैमाने पर हिंसा का नेतृत्व। केवल विचारधारात्मक बयान के आधार पर इन दंडों का इस्तेमाल करना संविधान की दृष्टि से संभव नहीं है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि संवैधानिक व्यवस्था ऐसे घोषणाओं को सहन करने के लिए बाध्य है। समाधान दंड की कठोरता में नहीं, बल्कि कानून के निर्णायक और निर्भीक प्रयोग में है। जिस नागरिक ने संविधान-विरोधी विचार को सार्वजनिक रूप से घोषित किया है, उसके लिए कानून पहले से मौजूद है- यूएपीए, राजद्रोह से संबंधित धाराएँ, 153ए और 295ए जैसी सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी धाराएँ तथा संगठित अपराधों पर राज्यस्तरीय कठोर कानून। समस्या यह है कि इन कानूनों का प्रयोग निरंतर, निष्पक्ष और त्वरित गति से नहीं होता। जब कानून लचीला हो जाता है, तब अपराधी समूहों को यह भ्रम हो जाता है कि वे अपनी 'कौमी एकता' या 'धार्मिक पहचान' की आड़ लेकर किसी भी अपराध को दबा या पलट सकते हैं। यही भ्रम भविष्य में अराजकता का मूल कारण बनता है। इसलिए राष्ट्रहित में पहला और अनिवार्य कदम यह होना चाहिए कि संविधान को अस्वीकार करने की सार्वजनिक घोषणा को गंभीर अपराध माना जाए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**फिल्म को कलात्मक स्वतंत्रता के नाम पर स्वीकार किया गया और इसे एक क्लासिक बना दिया गया। जोधा अकबर तो ऐतिहासिक विरूपण का और भी बड़ा उदाहरण है। अकबर की पत्नी का नाम 'जोधा' था या नहीं, यह अत्यंत विवादास्पद है। अधिकांश इतिहासकारों का मानना है कि अकबर की राजपूत पत्नी का नाम 'हरका बाई' या 'हीर कुंवरी' था, जो बाद में 'मरियम-उज-जमानी' कहलाई। 'जोधा' नाम का कोई ऐतिहासिक साक्ष्य नहीं है। अकबर को एक अत्यंत उदार, धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील शासक के रूप में दिखाया गया, जबकि उसके द्वारा किए गए नरसंहारों और क्रूरताओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।**

# ऐतिहासिकता को भी प्रमाण चाहने वाला मनोविज्ञान



मनोज श्रीवास्तव

**आपको शायद यह व्यंग्य लगे कि मैं कहूँ कि आज के युग में शंकराचार्य के 'ब्रह्म सत्य जगन्मिथ्या' को सच मानने वाला सिर्फ वाम बुद्धिजीवी है इस फर्क के साथ कि अपने ब्रह्म को वह मार्क्स कहता है। पर जगत् का कार्य व्यापार, उसकी हक़ीक़तें, उसकी सच्चाई इस बुद्धिजीवी के लिए सब मिथ्या हैं। अब सोचिए, वह कौन-सा मनोविज्ञान है, कौन सी बुद्धिजीविता जिसमें कुछ चीजें अनैतिहासिक होने पर भी स्वत सिद्ध हैं।**

कभी आपने देखा कि विवेक अग्निहोत्री या सुदीप्तो सेन या आदित्य धर आदि निर्देशकों को जब फिल्में बनाना होता है तो उसके पूर्व उन्हें इतिहास का बहुत अध्ययन करना पड़ा है, बहुत सी बारीकियों में उतरना पड़ा है पर किसी मुगल-ए-आजम या किसी जोधा अकबर को बनाने के लिए कभी इन परिशुद्धताओं की आवश्यकता नहीं पड़ी। विवेक या सुदीप्तो या आदित्य से उनसे हर छोटी-छोटी बात के लिए ऐतिहासिक प्रमाण, दस्तावेज, और साक्ष्य मांगे गये। इन फिल्मों की हर घटना, हर संवाद, और हर दृश्य को सूक्ष्मदर्शी यंत्र से परखा गया। विवादों का तूफान खड़ा किया गया, तथ्य-जांचकर्ताओं की पूरी फौज लग गई, और मीडिया में बहसें चलती रहीं। अग्निहोत्री ने जब 'द कश्मीर फाइल्स' (2022) बनाई, तो उन्होंने लगभग चार वर्षों तक शोध किया। उन्होंने 700 से अधिक कश्मीरी पंडित परिवारों से साक्षात्कार किए, उनके दर्द को समझा, दस्तावेजों का अध्ययन किया, और पुरानी रिपोर्ट्स, समाचार पत्रों और सरकारी अभिलेखों को खंगाला। फिल्म में दिखाए गए अधिकांश दृश्य वास्तविक घटनाओं पर आधारित हैं - जैसे बीके गंजू की हत्या, गिरजा टिक्कू की हत्या, और अन्य भीषण अत्याचार। इसके बावजूद, फिल्म रिलीज होते ही विवादों में घिर गई। तथाकथित बुद्धिजीवियों, इतिहासकारों, और मीडिया के एक वर्ग ने फिल्म को प्रोपेगेंडा करार दिया। हर घटना को चुनौती दी गई, हर आंकड़े पर सवाल उठाए गए। यहां तक कि कश्मीरी पंडितों की पीड़ा को भी अतिरंजित बताया गया। विवेक अग्निहोत्री को बार-बार अपनी फिल्म के हर दावे को सिद्ध करना पड़ा, साक्ष्य प्रस्तुत करने पड़े, और जनसुनवाई में खड़ा होना पड़ा। द बंगाल फाइल्स बंगाल विभाजन (1947) के दौरान हुए नोआखाली नरसंहार और हिंदुओं पर हुए अत्याचारों को दिखाती है। जैसे ही फिल्म की घोषणा हुई या इसके निर्माण की बात आई, तुरंत विवाद शुरू हो गए। फिल्म निर्माताओं से हर घटना के लिए दस्तावेजी सबूत मांगे गए। फिल्म को सांप्रदायिक एजेंडा बताया गया। कहा गया कि यह इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक समूहों ने इसका विरोध किया। निर्माण टीम द्वारा 7000 से अधिक शोध पृष्ठों और 1000 से अधिक अभिलेखों का अध्ययन किया गया। 20,000 से अधिक पृष्ठों के दस्तावेजों और बचे हुए लोगों और उनके परिवारों के साक्षात्कार लिये। 1946 के भारतीय, अंतरराष्ट्रीय, अमेरिकी और ब्रिटिश समाचार पत्रों की गहन जांच की। महीनों विभिन्न शहरों और गांवों का दौरा किया गया। लोगों से साक्षात्कार लिये, स्थानीय संस्कृति और इतिहास का अध्ययन किया, और बंगाल के हिंसक इतिहास के मूल कारण को समझने की कोशिश की। अग्निहोत्री ने बताया कि जब वे उस समय के समाचार पत्रों की जांच कर रहे थे, तो कुछ छवियों ने उन्हें बहुत बुरी तरह प्रभावित किया। उन्हें यह जानकर भी सदमा



**आंकड़ों पर विवाद हुआ, और फिल्म निर्माताओं को संख्याओं में संशोधन करना पड़ा। आलोचनाओं से निपटने से कहीं अधिक कठिन था फिल्म बनाने में हुआ विरोध। सुदीप्तो ने शोध के लिए केरल में लगभग 10 वर्षों तक काम किया। यह एक असाधारण लंबी अवधि है जो उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।**

लगा कि डायरेक्ट एक्शन डे में लगभग 40,000 लोग केवल दो रातों में मारे गए, और कोलकाता की सड़कों पर एक महीने से अधिक समय तक मानव शव पड़े रहे क्योंकि उन्हें साफ करने के लिए कोई नहीं बचा था, अधिकांश सफाई कर्मचारी मारे जा चुके थे। उनकी टीम को बहुत सारी बाधाओं का सामना करना पड़ा, जिसमें कोलकाता में एक होटल में हिरासत में लिया जाना भी शामिल था। सुदीप्तो सेन की 'द केरल स्टोरी' जो केरल में लव जिहाद और आईएसआईएस में भर्ती की कहानी बताती है, को तुरंत झूठी और भ्रामक करार दिया गया। आंकड़ों पर विवाद हुआ, और फिल्म निर्माताओं को संख्याओं में संशोधन करना पड़ा। आलोचनाओं से निपटने से कहीं अधिक कठिन था फिल्म बनाने में हुआ विरोध। सुदीप्तो ने शोध के लिए केरल में लगभग 10 वर्षों तक काम किया। यह एक असाधारण लंबी अवधि है जो उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 2018 में सुदीप्तो ने एक विवादास्पद डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'इन द नेम ऑफ लव - मेलानकॉली ऑफ गॉड्स ओन कंट्री' बनाई थी जो धार्मिक रूपांतरण और लव जिहाद पर थी, जिसे लंदन इंडिपेंडेंट फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार मिला। उन्होंने केरल के हर जिले की यात्रा की, और एक बार उन्हें एक बचकर रहना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनके होटल पर हमला हो सकता है। वास्तविक युवा महिलाओं से मुलाकात की जो धार्मिक रूपांतरण से बच निकली थीं और आर्ष विद्या समाजम आश्रम द्वारा उनकी देखभाल की जा रही थी। सेन ने एक विशेष रूप से मार्मिक घटना साझा की जब उन्होंने पहली बार श्रुति से एक छोटे से गांव में मुलाकात की, तो उसके घर में बिजली नहीं थी क्योंकि कनेक्शन काट दिया गया था। जब भी वह सब्जियां खरीदने बाहर जाती, लोग उसका बैग छीन लेते। सेन को उनसे उनके घर की एक छोटे खिड़की के माध्यम से साक्षात्कार करना पड़ा क्योंकि वे बाहर आने से डरती थीं। 17 मई को मुंबई के रंग शारदा ऑडिटोरियम में 26 साहसी लड़कियों को केरल से विशेष रूप से इस अवसर के लिए बुलाया गया। अभिनेत्री अदा शर्मा ने निर्देशक द्वारा दिखाए गए वीडियो की भयावहता का खुलासा किया जिसमें लड़कियों और उनके बच्चों को टैंकरों में 16 घंटे तक बिना खाने, पीने या खुद को राहत देने के तरीके के बिना कपड़ों के ढेर की तरह जमा किया जा रहा था। जब तक वे अपने गंतव्य पर पहुंचते, कुछ मर चुके होते थे और अधिकांश आधे-मरे हुए होते थे। उधर, मुगल-ए- आजम को ले लें। इतिहासकारों में आम सहमति है कि अनारकली नाम की कोई दरबारी नर्तकी का कोई विश्वसनीय ऐतिहासिक साक्ष्य नहीं है। यह कहानी लोककथाओं और बाद के साहित्य से उत्पन्न हुई प्रतीत होती है। अकबर के समकालीन इतिहासकार अबुल फजल ने 'आइन-ए-अकबरी' में ऐसी किसी घटना का उल्लेख नहीं किया। अकबर के शासनकाल में हुए बनी मुंडों की मीनारें, चित्तौड़ का नरसंहार, और अन्य क्रूर घटनाओं को मुगले आजम में सरासर नजरअंदाज किया गया और दरबारी संस्कृति का रूमानीकरण किया गया। मुगल दरबार को अत्यंत भव्य और सभ्य दिखाया गया, जबकि उस समय की हकीकत कहीं अधिक जटिल और कठोर थी। क्या 'मुगल-ए-आजम' के निर्माताओं से कभी यह पूछा गया कि अनारकली के अस्तित्व का प्रमाण क्या है? क्या उन्हें यह सिद्ध करना पड़ा कि दीवार में चुनवाने की घटना सत्य है? नहीं। फिल्म को कलात्मक स्वतंत्रता के नाम पर स्वीकार किया गया और इसे एक क्लासिक बना दिया गया। जोधा अकबर तो ऐतिहासिक विरूपण का और भी बड़ा उदाहरण है। अकबर की पत्नी का नाम 'जोधा' था या नहीं, यह अत्यंत विवादास्पद है। अधिकांश इतिहासकारों का मानना है कि अकबर की राजपूत पत्नी का नाम 'हरका बाई' या 'हीर कुंवरी' था, जो बाद में 'मरियम-उज-जमानी' कहलाई। 'जोधा' नाम का कोई ऐतिहासिक साक्ष्य नहीं है। अकबर को एक अत्यंत उदार, धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील शासक के रूप में दिखाया गया, जबकि उसके द्वारा किए गए नरसंहारों और क्रूरताओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। फिल्म रिलीज हुई, तो राजस्थान और अन्य राज्यों में राजपूत समुदाय ने इसका विरोध किया। उन्होंने फिल्म को ऐतिहासिक रूप से गलत बताया। लेकिन मीडिया और बुद्धिजीवियों ने इस विरोध को असहिष्णुता करार दिया। फिल्म निर्माताओं को अपने दावों को सिद्ध करने की जरूरत नहीं पड़ी। गोलकीपर नेगी को कबीर खान बना देना कलात्मक स्वतंत्रता है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 20:14 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 29:40 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | वृद्धि, 20:32 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:40 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 13:45-15:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:06-12:47 |

## जन एक्सप्रेस

### फिसल रही जुबान !

*है चुनाव चरम ।*
*फिसल रही जुबान ।।*
*हैं आतुर अब सारे ।*
*पाने को सम्मान ।।*
*नीचा उन्हें दिखाना ।*
*है हमको हर हाल ।।*
*है चुनावी बेला ।*
*उठने दो सवाल ।।*
*माहिर होने खातिर ।*
*जारी है प्रयास ।।*
*होके रहेंगे अब तो ।*
*हम ही सबके खास ।।*
*है खाका तैयार ।*
*उसी तरफ है ध्यान ।।*
*बोलकर अपशब्द ।*
*छूना आसमान ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या ग्लूकोमा से आंखों की रोशनी परमानेंट जा सकती है?

**आज** के समय में अनहेल्दी लाइफस्टाइल और आंखों की देखभाल ठीक से न करने पाने के कारण लोगों को आंखों से जुड़ी समस्या होने और ग्लूकोमा जैसी आंखों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। ग्लूकोमा की समस्या होने के कारण लोगों कों आंखों के कमजोर होने, धुंधला दिखने और आंखों के कमजोर होने जैसी आंखों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन क्या इसके कारण आंखों की रोशनी परमानेंट तौर पर जा सकती है? डॉ. पारुल सोनी के अनुसार, ग्लूकोमा आंखों की एक गंभीर बीमारी है, जो समय पर पता न चलने और इलाज न होने पर हमेशा के लिए अंधापन होने की समस्या हो सकती है। ग्लूकोमा की समस्या होने पर ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाता है, साथ ही, पेरिफेरल विजन को नुकसान होने की समस्या हो सकती है।



**ऑप्टिक नर्वस को नुकसान:** ग्लूकोमा ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाता है, जो आंखों से दिमाग तक देखने की जानकारी भेजने के लिए जिम्मेदार होती है। ज्यादातर मामलों में, यह नुकसान धीरे-धीरे होता है और इसके शुरुआती लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे ग्लूकोमा खास तौर पर खतरनाक हो जाता है।

**पेरिफेरल विजन को होता है नुकसान:** ग्लूकोमा से होने वाला नजर का नुकसान ठीक नहीं हो सकता। यह आमतौर पर साइड की नजर (पेरिफेरल विजन) के नुकसान से शुरू होता है और जब तक बीमारी गंभीर स्टेज तक नहीं पहुंच जाती, तब तक इसका पता नहीं चलता। अगर इलाज न किया जाए, तो ग्लूकोमा टनल विजन और आखिरकार पूरी तरह से अंधापन पैदा कर सकता है। नजर के नुकसान को रोकने के उपाय डॉ. पारुल सोनी के अनुसार, गंभीर नजर के नुकसान को रोकने के लिए शुरुआती जांच बहुत ज़रूरी है। रेगुलर आंखों की जांच, खासकर 40 साल से ज़्यादा उम्र के लोगों या जिन्हें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या जिनके परिवार में ग्लूकोमा की हिस्ट्री है, उनके लिए बहुत जरूरी है। हालाँकि ग्लूकोमा का इलाज नहीं किया जा सकता, लेकिन आई ड्रॉप्स, लेजर प्रोसीजर या सर्जरी से समय पर इलाज करने से आंखों का प्रेशर कंट्रोल किया जा सकता है और बची हुई नजर को बचाने में मदद मिल सकती है।

**ग्लूकोमा का पहला चरण क्या है?:** ग्लूकोमा की समस्या होने पर आंखों की रोशनी के कमजोर होने की समस्या होती हैं। इसके अलावा, लोगों को धीरे-धीरे साइड विजन कम होने, धुंधला दिखने, सिर में तेज दर्द होने, अचानक तेज दर्द होने, आंखों के लाल होने, मतली, उल्टी जैसा महसूस होने, आंखों को धीरे-धीरे हानि होने और आंखों में दबाव महसूस होने जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

**ग्लूकोमा से बचने के लिए क्या करना चाहिए?:** ग्लूकोमा जैसी आंखों से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए आंखों की नियमित जांच कराएं, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखें, नियमित एक्सरसाइज करें, हेल्दी और पोषक तत्वों से युक्त डाइट लें, स्ट्रेस कम करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# रक्तहीन क्रांति के 105 साल



प्रयाग पाण्डे

**इस विषय में ब्रिटिश पार्लियामेंट में भी चर्चा हुई। ब्रिटिश पार्लियामेंट में तत्कालीन भारत मंत्री ने यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया कि यह व्यवस्था अंग्रेजों ने कायम नहीं की है, इसलिए इसे हटाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।**

**1904 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस प्रथा को नियम विरुद्ध और गैर कानूनी करार दिया। व्यवस्थापिका सभा में भी इस प्रथा के विरोध में प्रस्ताव पारित हुआ। बावजूद इसके तब उत्तराखंड में तैनात मनबढ़ अंग्रेज अधिकारियों ने इस व्यवस्था को कायम रखा। यही नहीं 1913 में अल्मोड़ा के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर ने अल्मोड़ा शहरवासियों को भी कुली उतार देने के आदेश जारी कर दिए।**

**भारत** की आजादी के लिए हुए जन संघर्षों की विस्तृत श्रृंखला में 14 जनवरी, 1921 की तारीख को नहीं भुलाया जा सकता । इसी रोज उत्तराखंड की जनता ने अहिंसक सामूहिक प्रतिरोध के बूते न केवल सर्वशक्तिमान ब्रिटिश सत्ता को घुटनों के बल ला दिया, बल्कि पिछले लंबे समय से चली आ रही कुली-बेगार जैसी अमानुषिक कुप्रथा से मुक्ति पा ली थी। उत्तराखंड में कुली-बेगार उन्मूलन आंदोलन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भारत में प्रारंभ किए गए असहयोग आंदोलन के रूप में अभिव्यक्त हुआ और पूर्णतः सफल रहा। उत्तराखंड को गोरखा सैनिक शासन के जुल्मी शिकंजे से मुक्त करा कर अंग्रेजों ने 1815 में यहां अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था। ब्रिटिश राज कायम होने के बाद बेशक हरिद्वार का 'दास बाजार' धीरे-धीरे कमजोर पड़ा, लेकिन अंग्रेज यहां के पूर्ववर्ती राजाओं की भांति गांवों के प्रधानों/ पटवारियों के माध्यम से इस क्षेत्र के काश्तकारों से कुलियों का काम अनवरत लेते रहे। 1815 में यहां ईष्ट इंडिया कंपनी और 1858 में ब्रिटिश शासनकाल में यह कुप्रथा उत्तराखंड के भोले - भाले ग्रामीण काश्तकारों के अपमान और शोषण का औजार बन गई थी। 1863 -73 के दसवें भूमि बंदोबस्त में जे.ओ.बी. बेकट ने बड़ी चालाकी से कुली - बेगार, कुली - उतार और कुली - बर्दायश को भूमि बंदोबस्ती इकरारनामों का हिस्सा बना दिया था। कुली- बेगार कुप्रथा के तहत यहां के प्रत्येक जमींदार, हिस्सेदार और आसामी को सरकार ने कुली का दर्जा दिया था। जिनके पास भी काश्तकारी की जमीन हो, वे सभी कुली कहलाते थे। भूमिहीन इस कलंक से मुक्त थे। तब पहाड़ में भूमिधर होना सम्मान की नहीं बल्कि 'कुली' होने का अभिशाप था। यह कुख्यात कुली प्रथा तीन चरणों में विभक्त थी, जिसे कुली - उतार, कुली - बेगार और कुली- बर्दाश्त कहा जाता था। अंग्रेज साहबों के दौरों और सैर-सपाटों के वास्ते पटवारी कुलियों की मांग तथा कुली बर्दाश्त का रूक्का प्रधानों/ थोकदारों को भेजते थे। कुली -उतार के तहत सरकारी आदेश पर लोगों को सामान ढोने के लिए गांव से उतर कर सड़क में बने पड़ावों में एकत्र होना पड़ता था। दौरे पर आने वाले पुलिस, प्रशासन, जंगलात विभाग एवं सेना के अधिकारियों, सैलानियों, सर्वे दलों और अंग्रेज काश्तकारों का सारा सामान, यहां तक कि कमोड, जूते और ऐसी सामग्री ढोने को मजबूर किया जाता था, जिससे यहां की धर्मभीरु जनता की धार्मिक भावनाएं आहत होती हों। स्कूल, सड़कें, पुल, डाक बंगले और वन विभाग की चौकियां आदि सार्वजनिक उपयोग के निर्माण कार्य भी बेगार द्वारा कराए जाते थे। साहब लोगों के रहने के लिए मुफ्त में टेंट गाड़ना, पानी भरना, उनके जूठे बर्तन साफ करना, उनके घोड़ों के लिए घास और जलावन के लिए ईंधन की व्यवस्था करना आदि छोटे-मोटे काम कुली- बेगार कहलाते थे। जबकि कुली- बर्दाश्त कुप्रथा रसद से जुड़ी थी। इसके अंतर्गत साहब लोगों के दौरों के दौरान पटवारी गांव वालों से घास, लकड़ी, कोयला, अन्न, घी, दूध - दही, अंडा-मुर्गा, दालें, सब्जी, बर्तन और अन्य खाद्य सामग्री मुफ्त अथवा नाममात्र की कीमत पर लेते थे। पहाड़ के प्रत्येक गांव में कुली रजिस्टर बनते थे, इन रजिस्टरों में 'कुलियों' के नाम कटते और जुड़ते रहते थे। हरेक गांव में कुलियों की संख्या निर्धारित थी। सरकारी आज्ञा पर इन्हें निर्धारित कुली पड़ावों में हर हालत में हाज़िर होना पड़ता था। व्यक्तिगत अथवा पारिवारिक सुख-दुःख, प्रतिकूल मौसम और तीज-त्यौहार, किसी भी परिस्थिति में कुली को बारी से छूट नहीं मिलती थी। बोझा नहीं ढोने वालों को अर्थदंड देना पड़ता था। अंग्रेज साहबों की सुविधा के लिए बेगारी देना उत्तराखंड के लोगों विशेषकर ग्रामीण काश्तकारों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी था। इस अमानुषिक कुप्रथा से संपूर्ण उत्तराखंड की जनता त्रस्त थी। अपमान सहने को विवश थी। उत्तराखंड में प्रचलित इस अमानुषिक व्यवस्था के विरुद्ध अतीत में अनेक बार विरोध के छुटपुट स्वर मुखरित होते रहे, लेकिन कोई बड़ा जनांदोलन खड़ा नहीं हो पाया था।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# बरखेड़ा पुलिस का बड़ा एक्शन
# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह ध्वस्त

■ 07 चोरी की मोटरसाइकिलें व 05 मोबाइल बरामद, यूपी-उत्तराखंड के 06 शातिर आरोपी जेल भेजे

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




जनपद में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बरखेड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 06 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 07 चोरी की मोटरसाइकिलें और 05 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की।

## ग्राम नवादा महेश अंडरपास के पास हुई कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ग्राम नवादा महेश अंडरपास के पास गुप्त सूचना के आधार पर सघन चेकिंग और सुरागरसी के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह गिरोह लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था और सीमावर्ती जिलों में सक्रिय था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह की कार्यप्रणाली पूरी तरह संगठित थी। आरोपी पहले घरों या सड़कों के किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों की रेकी करते, मौका मिलते ही उन्हें चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट बदल दी जाती थी। इसके बाद चोरी की मोटरसाइकिलें जरूरतमंद लोगों को कम कीमत पर बेच दी जाती थीं। चोरी से प्राप्त धनराशि को आरोपी आपस में बांटकर मौज-मस्ती में खर्च कर देते थे।

### बरखेड़ा निवासी बना गिरोह की अहम कड़ी

पुलिस ने बताया कि उत्तराखंड निवासी आरोपियों के पास कुछ चोरी की मोटरसाइकिलें काफी समय से खड़ी थीं, जो बिक नहीं पा रही थीं। इसी दौरान उन्होंने बरखेड़ा निवासी अमित कुमार से संपर्क किया। अमित ने मोटरसाइकिलें बिकवाने का भरोसा दिया और एक मोटरसाइकिल खुद रख ली, जबकि शेष को जंगल में छिपाकर खड़ा कर दिया गया। जब आरोपी दोबारा बाइक बेचने के सिलसिले में पहुंचे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

## गिरफ्तार आरोपी

अमित कुमार निवासी ग्राम हेमपुर, थाना बिलसंडा, पीलीभीत,पवन निवासी रमेशपुर लालपुर, थाना किच्छा, ऊधमसिंहनगर,अनुज राठौर निवासी राजा कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप, ऊधमसिंहनगर,कुनाल जोशी निवासी महेंद्र कॉलोनी, किच्छा,रियासत निवासी रमेशपुर लालपुर, थाना किच्छा,अर्पित उर्फ लकी निवासी महेंद्र कॉलोनी, किच्छा कानूनी कार्रवाई और आगे की जांच थाना बरखेड़ा में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अन्य चोरी की घटनाओं से भी इस गिरोह के संबंधों की जांच कर रही है। इसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक धीर सिंह, नवीन कुमार, प्रदीप चौहान, हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह तथा कांस्टेबल मोहित पाल, अभिषेक गौड़, रोहित कुमार, सौरभ पंवार और अंकित कुमार अभियान में शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वाहन चोरी या किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, और ऐसे अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे।

# टाइगर रिजर्व में अवैध घास कटान का खेल वन विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

■ प्रतिबंधित जंगल में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से निकाली जा रही घास, वन्यजीवों की सुरक्षा पर खतरा

जन एक्सप्रेस। अतिनेश शुक्ला



**पूरनपुर।** टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद राज्य सरकार वन्यजीवों के संरक्षण और जंगलों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के दियोरिया वीट में अवैध रूप से घास काटे जाने के मामलों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, जंगल क्षेत्र में आम नागरिकों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद लंबे समय से जंगल के अंदर घास की कटाई की जा रही है। सवाल यह उठता है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में घास कटान किसके आदेश पर और कैसे हो रहा है। सूत्रों का आरोप है कि वन विभाग के स्थानीय कर्मचारियों और रेंजर की मिलीभगत से यह अवैध गतिविधि धड़ल्ले से जारी है। सूत्रों के मुताबिक, आसपास के गांवों के मजदूरों को जंगल के अंदर भेजकर घास कटवाई जा रही है। कटाई के बाद घास को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर सूर्यास्त के बाद जंगल से बाहर निकाला जाता है, ताकि किसी की नजर न पड़े। यह गतिविधि न केवल वन संपदा को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि टाइगर समेत अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन रही है। बताया जा रहा है कि इस अवैध घास कटान का काम ठेकेदारों के जरिए कराया जा रहा है, जो जंगल से निकाली गई घास को आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। यदि वन विभाग की जानकारी या अनुमति के बिना यह सब हो रहा है, तो अब तक किसी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। दियोरिया कलां के रेंजर लल्लन दीक्षित ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जंगल के अंदर घास का कटान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति जंगल क्षेत्र के बाहर से घास काटकर लाता है, तो उसकी जिम्मेदारी वन विभाग की नहीं है। वीट क्षेत्र में कैमरे लगे हैं और यदि जंगल के अंदर घास काटने का कोई मामला सामने आता है, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### तथाकथित पत्रकारों की भूमिका भी संदिग्ध

मामले को दबाने के लिए अवैध घास कटान में शामिल लोगों द्वारा कथित रूप से पैसे बांटे जाने की भी चर्चा है। सूत्रों के अनुसार, घुंघचाई क्षेत्र में कुछ तथाकथित पत्रकारों को चुप कराने के लिए करीब पांच हजार रुपये बांटे गए। बताया जा रहा है कि किसी को 500 तो किसी को 1000 रुपये दिए गए। सवाल यह है कि यदि जंगल के अंदर घास नहीं काटी जा रही है, तो फिर पैसे बांटने की जरूरत क्यों पड़ी। यह पूरा मामला न केवल वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि टाइगर रिजर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा करता है। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस प्रकरण का संज्ञान लेकर कब और क्या कार्रवाई करते हैं।

## अगर ठेका नहीं दिया गया, तो कार्रवाई क्यों नहीं?

सूत्रों का कहना है कि दियोरिया वीट के कुछ स्थानीय कर्मचारियों द्वारा मोटी रकम लेकर घास कटान का ठेका दिया गया है। यदि ऐसा नहीं है, तो फिर जंगल के अंदर घास काटने वालों पर अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्रतिबंधित क्षेत्र में खुलेआम गतिविधियां चलना विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

# मकर संक्रांति पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कराया भव्य भंडारा



■ हजारों लोगों ने ग्रहण किया भोजन प्रसाद, रेवड़ी-गजक वितरण से बढ़ी पर्व की रौनक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की ओर से बुधवार को शहर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। चुंगी माल गोदाम, बरेली दरवाजा स्थित सिटी पोस्ट ऑफिस के बाहर आयोजित इस विशाल सेवा कार्यक्रम में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं, राहगीरों, व्यापारियों और नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन स्थल पर सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। भंडारे का विधिवत शुभारंभ सुबह करीब 11 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने मंत्रोच्चार के साथ किया। मकर संक्रांति की परंपरा के अनुरूप रेवड़ी और गजक का वितरण भी किया गया, जिसे लोगों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ ग्रहण किया। इसके बाद भोजन प्रसाद वितरण का क्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक लगातार चलता रहा।

आयोजन स्थल पर प्रसाद ग्रहण करने वालों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज से आए राहगीरों, दैनिक मजदूरों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। नगर के प्रमुख मार्ग पर आयोजित इस भंडारे के कारण पूरे क्षेत्र में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने इस अवसर पर नगरवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व और त्योहार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा, सहयोग और सामाजिक समरसता को मजबूती मिलती है। डॉ. अग्रवाल ने यह भी कहा कि नगर पालिका परिषद आगे भी जनसेवा से जुड़े ऐसे आयोजनों को प्राथमिकता देती रहेगी। भंडारे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन राजू फौजी, विकास बाबू, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, मोहम्मद शरीफ, दिनेश पटेल, अनिल महेंद्रु सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा छेंवी पातशाही गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार बिल्लू सिंह, साहब सिंह, राजेंद्र भारती, अवतार सिंह मोनू, आशीर्वाद अग्रवाल, विनोद भारती, विपिन मिश्रा, मनोज शर्मा, रोहित राय, अंशु सोनी, नन्नू बाल्मीकि, पंकज तिवारी, अमिताभ अग्निहोत्री, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजीव कुमार, हर्षल सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने आयोजन में सहभागिता की। पूरे दिन चले इस आयोजन के दौरान क्षेत्र में उत्सव और सेवा का वातावरण बना रहा। नगरवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के इस प्रयास की खुले दिल से सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और जनसेवा की मिसाल बताया। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित यह भव्य भंडारा शहर में चर्चा का विषय बना रहा।

# एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

■ बनारस में छात्र कांग्रेस अध्यक्ष पर पुलिस कार्रवाई का विरोध, दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बनारस में मनरेगा का नाम परिवर्तन किए जाने के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय छात्र कांग्रेस (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं उनके साथियों पर पुलिस द्वारा की गई कथित कार्रवाई के विरोध में पीलीभीत में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां नारेबाजी करते हुए उन्होंने महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

## लोकतांत्रिक विरोध पर पुलिसिया दमन का आरोप

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बनारस में छात्र नेताओं द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर पुलिस ने अमानवीय व्यवहार किया। आरोप है कि पुलिस ने न केवल प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट की, बल्कि उन्हें जबरन गिरफ्तार भी किया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।

## दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई ने राज्यपाल से मांग की कि उक्त घटना में शामिल दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। संगठन ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार है और इसे दबाने का प्रयास लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। प्रदर्शन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कमलेश राजपूत, हरीश मौर्य, मोहम्मद सदिक अल्वी उर्फ लल्ला, प्रदीप मौर्य, कुंवर सेन पासवान, मोहम्मद कामरान, मोहम्मद मुशीर, विकास कुमार, जावेद मलिक, मेहरान मलिक, ओवैस रफी, निहाल रजा, रिजवान, तस्लीम, मोहम्मद अयान सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि संगठन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास जारी रहा, तो एनएसयूआई प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आंदोलन को और तेज करेगी।

# श्रद्धालुओं ने शारदा नदी में लगाई आस्था की डुबकी

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बुधवार को शारदा नदी के धनाराघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने शारदा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान-दक्षिणा दी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या रात में ही नदी किनारे स्थित लालबाबा रामनगरिया पहुंच गई थी। तड़के स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने गंगाजल मिलाकर शारदा नदी में स्नान किया। इसके बाद मंदिरों में दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रीराम जानकी मंदिर के महंत बाबा राघवदास साधु-संतों के साथ लालबाबा रामनगरिया मेला क्षेत्र में धनाराघाट शारदा नदी पर कल्पवास कर रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर स्नान व पूजा कर रहे हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर संभावित भीड़ को देखते हुए उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह एवं नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने धनाराघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्नानार्थियों और साधु-महात्माओं के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# अनियंत्रित ट्रक ने गोलगप्पे खा रहे लोगों को रौंदा, एक की मौत, सात घायल परिजनों में मचा कोहराम



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गढ़वा खेड़ा गांव के पास बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतर आया और सड़क किनारे गोलगप्पे खा रहे लोगों को कुचल दिया।

जानकारी के अनुसार जोगराजपुर गांव निवासी मोहम्मद वक्स पुत्र इमाम वक्स और उनका भाई मोहम्मद अजीम कपड़े का व्यवसाय करते हैं। बुधवार को दोनों भाई पूरनपुर से कपड़ा लदवाकर ई-रिक्शा से गांव भेजने के बाद गढ़वा खेड़ा गांव के पास एक गोलगप्पे की दुकान पर रुक गए। इसी दौरान अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर दुकान के पास आ गया और वहां खड़े लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे में मोहम्मद अजीम, मोहम्मद वक्स, उनके बच्चे जीलानी (7 वर्ष) और अयान (8 वर्ष) के अलावा गढ़वा खेड़ा निवासी चंद्रशेखर पुत्र मुनीश समेत करीब आठ लोग घायल हो गए। ट्रक की चपेट में आने से तीन मोटरसाइकिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों को आनन-फानन में पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद अजीम को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी ने 15 लाभार्थियों को वितरित किए एग एवं चिकिन कार्ट

■ पोल्ट्री व्यवसाय को बढ़ावा देकर जनपद को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पोल्ट्री व्यवसाय को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। बुधवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पशु चिकित्सालय सदर पहुंचकर जनपद के चयनित 15 लाभार्थियों को एग एवं चिकिन कार्ट वितरित किए। यह वितरण नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पीलीभीत जनपद में अंडा उत्पादन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं, लेकिन वर्तमान में मांग की तुलना में उत्पादन कम है। उन्होंने कहा कि यदि कुक्कुट पालन को योजनाबद्ध तरीके से बढ़ावा दिया जाए, तो जनपद न केवल अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है, बल्कि अन्य जिलों को भी अंडा आपूर्ति करने में सक्षम बन सकता है।

## स्वरोजगार का सशक्त माध्यम है कुक्कुट पालन



जिलाधिकारी ने कहा कि कुक्कुट पालन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है, जिससे ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और छोटे किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में पहले से संचालित पोल्ट्री फार्म अपनी क्षमता का विस्तार कर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि कर सकते हैं।

एग एवं चिकिन कार्ट प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने इस पहल को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। उन्होंने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें स्वरोजगार शुरू करने में बड़ी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पी.के. त्यागी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चाइनीज़ मांझे पर सख्ती: बिक्री, भंडारण व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर 'शिकार' की धाराओं में मुकदमा

■ वन विभाग का सख्त रुख, मानव जीवन और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान तेज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बुधवार को मानव जीवन, पक्षियों और वन्यजीवों के लिए जानलेवा बन चुके चाइनीज़ मांझे (सिंथेटिक पतंग डोर) के खिलाफ वन विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए इसके निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग के अनुसार नायलॉन व रासायनिक पदार्थों से बना यह मांझा सामान्य सूती डोर की तरह नष्ट नहीं होता और सड़क पर पैदल चलने वालों, दोपहिया वाहन चालकों व बच्चों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। देश के कई हिस्सों में इससे गंभीर चोटें और मौत तक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे इसे सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है।

## पक्षियों और वन्यजीवों के लिए घातक

वन क्षेत्रों व हरित पट्टियों में चाइनीज़ मांझा चील, कबूतर, गिद्ध सहित अन्य पक्षियों के पंख कटने, अत्यधिक रक्तस्राव और मौत का कारण बन रहा है। कई मामलों में यह मांझा बिजली लाइनों में फंसकर आग लगने और करंट फैलने का भी खतरा पैदा करता है, जिससे जनहानि की आशंका बनी रहती है।

### 'शिकार' की धाराओं में दर्ज होगा मुकदमा

वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज़ मांझा बेचते, रखते या उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की 'शिकार' संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही संपत्ति जब्ती (कन्फिस्केशन) का भी प्रावधान लागू होगा। वन क्षेत्र और आसपास के बाजारों में इसे लेकर विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है।

### सूचना देने पर इनाम, पहचान रहेगी गोपनीय

विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी चाइनीज़ मांझा बिकता या उपयोग होता दिखाई दे, तो तुरंत सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सटीक सूचना पर इनाम भी दिया जाएगा। वन विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि केवल पर्यावरण-अनुकूल सूती मांझा का ही उपयोग करें, पतंगबाजी खुले व सुरक्षित स्थानों पर करें और उपयोग के बाद डोर को इकट्ठा कर उचित तरीके से नष्ट करें। विशेष रूप से अभिभावकों से बच्चों को इस घातक मांझे से दूर रखने की अपील की गई है। वन विभाग का कहना है कि त्योहारों को सुरक्षित, जिम्मेदार और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाना सभी नागरिकों का दायित्व है। मानव जीवन, पक्षियों और वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग कर ही सच्चे अर्थों में उत्सव मनाया जा सकता है।

# बरखेड़ा में सराफा व्यापारी का शव पशुशाला में फंदे से लटका मिला

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक सराफा व्यापारी का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित पशुशाला में रस्सी के फंदे से लटका मिला। पशुशाला का दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान राजीव रस्तोगी (40 वर्ष) पुत्र स्व. इुद्दु निवासी गांव पतरसिया के रूप में हुई है। राजीव बरखेड़ा कस्बे के दौलतपुर मार्ग पर 'शांति ज्वेलर्स' नाम से सराफा की दुकान संचालित करते थे और क्षेत्र में एक मिलनसार व प्रतिष्ठित व्यापारी के रूप में जाने जाते थे।

## रात में जन्मदिन की खुशियां, सुबह मिली दर्दनाक खबर

परिजनों के अनुसार मंगलवार रात राजीव रस्तोगी की छोटी बेटी साक्षी का जन्मदिन था। घर में दावत और उत्सव का माहौल था, रिश्तेदार और परिचित भी शामिल हुए थे। किसी को अंदेशा नहीं था कि यह खुशी कुछ ही घंटों में गहरे मातम में बदल जाएगी। बुधवार सुबह राजीव रोज की तरह घर के बाहर स्थित पशुशाला में पशुओं को चारा डालने के लिए गए थे, लेकिन काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटे तो परिवार को चिंता हुई। इसके बाद उनकी बड़ी बेटी और बेटे हिमांशु ने पशुशाला की ओर जाकर देखा। पशुशाला का दरवाजा अंदर से बंद था।

## अंदर से बंद था दरवाजा, टिनशेड में लटका मिला शव

बताया गया कि किसी तरह पड़ोस के घर से होकर हिमांशु अंदर पहुंचा और दरवाजा खोला। दोनों भाई-बहन पशुशाला के भीतर बने टिनशेड की ओर गए, जहां उन्होंने देखा कि राजीव रस्तोगी का शव रस्सी के फंदे से लटका हुआ है। यह दृश्य देखते ही दोनों बदहवास हो गए और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बरखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया। आवश्यक साक्ष्य संकलन के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। बरखेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# शाहाबाद में 'जल जीवन मिशन' बना 'जल-लूट मिशन'

## 72 ग्राम पंचायतों में नल रिबोर के नाम पर करोड़ों की धनराशि बंदरबांट

जन एक्सप्रेस । रामप्रकाश राठौर



**हरदोई।** शाहाबाद विकास खण्ड में पेयजल व्यवस्था के नाम पर ऐसा खेल खेला गया कि सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा दिए गए। विकास खण्ड की 72 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों द्वारा नल रिबोर व मरम्मत कार्य दिखाकर पूरे पांच सालों में प्रति पंचायत कम से कम 10 लाख रुपये की धनराशि निकाली गयी। जिसकी पुष्टि सरकारी पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़े खुद कर रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जलशक्ति मंत्रालय के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव पानी की टंकियां बनवाकर स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू की जा चुकी है। अधिकांश गांवों में नलों से पानी भी आ रहा है। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुधारने के नाम पर कागजों में नल रिबोर और मरम्मत का काम चलता रहा और भुगतान होता रहा।प्रधान-सेक्रेटरी की इस जुगलबंदी में न तो नियम दिखे, न ही जरूरत। फाइलों में कार्य पूरे हुए, बिल लगे और धनराशि जारी होती चली गई। हैरत की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर हुए भुगतान पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर नहीं पड़ी या यूं कहें कि सब कुछ देख-समझकर भी अनदेखा किया गया।

कहा जा रहा है कि **पानी की जगह पैसा पीने वाले** कई प्रधान सत्तारूढ़ पार्टी के प्रभावशाली नेताओं के खासमखास बन गए। ऐसे में **सैंया भये कोतवाल, फिर डर काहे का** की कहावत जमीन पर उतर आई और प्रधानों ने खुलकर हाथ साफ किया।विकास के नाम पर गांवों की तस्वीर नहीं बदली, लेकिन प्रधानों की तस्वीर जरूर बदल गई। जो प्रधान पहले साइकिल या मोटरसाइकिल पर चलते थे, वे आज चार पहिया लग्जरी गाड़ियों में नजर आते हैं। इन गाड़ियों की चमक और राजसी ठाठ भी अधिकारियों की आंखों से ओझल ही रही।जबकि सच्चाई यह है कि ग्राम प्रधान को महज 5,000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ग्राम प्रधान करोड़पति कैसे बनते जा रहे हैं? सरकार यदि शाहाबाद विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में नल रिबोर व मरम्मत कार्यों कि उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करा लें तो 'जल-लूट' की व्यवस्था की पूरी पोल खुल सकती है और इसमें ब्युरोक्रेसी से लेकर जन प्रतिनिधियों की पोल पट्टी खुल सकती है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

उरई। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम करमेर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम करमेर निवासी मंजीत अहिरवार पुत्र स्वर्गीय हरिचंद्र अहिरवार 32 वर्ष का शव गांव स्थित उसके मकान में फंदे पर लटका मिला। जबकि उसकी पत्नी प्रियंका वर्तमान में उरई स्थित मकान में रहती है। बताय गया कि बुधवार को खेत से लौटकर घर पहुचे मंजीत के चाचा प्रेमचंद्र ने कमरे के अंदर भतीजे का शव पंखे के कुंदे में रस्सी से लटका हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिस्थितियों को संदिग्ध मानते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जिसने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। फिलहाल आत्महत्या या किसी अन्य कारण से मौत होने की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## गणतंत्र दिवस 2026 को गरिमामय व भव्य रूप से मनाने की तैयारियां शुरू, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

जन एक्सप्रेस । उरई

जनपद में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस को पूरे हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाने हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 26 जनवरी 2026 को प्रातः 07:00 बजे प्रभातफेरी का आयोजन माहिल तालाब स्थित गांधी पार्क से किया जाएगा, जो बजरिया एवं अम्बेडकर चौराहा होते हुए पुनः गांधी पार्क पर समाप्त होगी। इसके उपरांत ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संकल्प पाठ एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। प्रातः 07:30 बजे नगर में स्थापित महान विभूतियों की प्रतिमाओं व मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जाएगा। प्रातः 08:30 बजे समस्त सरकारी भवनों पर झण्डारोहण एवं अभिवादन के साथ राष्ट्रगान तथा संविधान में निहित संकल्पों के स्मरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रातः 09:30 बजे पुलिस लाइन में परेड की सलामी एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रातः 10:00 बजे जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। प्रातः 10:30 बजे गांधी चबूतरा ठड़ेश्वरी मंदिर उरई एवं गांधी चबूतरा छत्रसाल इंटर कॉलेज जालौन पर माल्यार्पण किया जाएगा। प्रातः 10:40 से 11:00 बजे तक जिला कारागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिता, फल एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा, साथ ही लहरियापुरवा डूडा कॉलोनी में साफ-सफाई व मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम होगा।

प्रातः 11:30 बजे इंदिरा स्टेडियम में 05 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ (पुरुष) एवं 03 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ (महिला) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अपराह्न 01:30 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई में छात्र-छात्राओं की वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें डिग्री कॉलेज के एनएसएस व इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं समूह बनाकर प्रतिभाग करेंगे। अपराह्न 02:00 बजे जिला अस्पताल के पुरुष एवं महिला वार्ड में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराई जाएगी तथा रात्रि में सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों को रोशन किया जाएगा। समस्त उप जिलाधिकारी अपनी-अपनी तहसीलों में, खंड विकास अधिकारी विकास खंड कार्यालयों में, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्रों में तथा ग्राम प्रधान अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक चौराहे पर लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रातः 06-00 बजे से देशभक्ति गीतों का प्रसारण कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के0के0 सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनपद के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## कुदरा बुजुर्ग गौकशी कांड में पुलिस की बड़ी कार्यवाही मुठभेड़ में दो शातिर गोकश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग में हुई गौकशी में संलिप्त दो शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई को एसओजी/सर्विलांस टीम व कोंच कोतवाली की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। इस दौरान पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लग गई। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंतर्जनपदीय गौकशी गिरोह के सदस्य कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोवा-रवा संपर्क मार्ग पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर कोंच कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान घेराबंदी कर दी। पुलिस से घिरते देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध असलहे, भारी मात्रा में जिंदा व खोखा कारतूस, नगदी, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल, चाकू व चापड़ बरामद किए हैं।

घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः कल्ला उर्फ जावेद पुत्र लियाकत, निवासी मोहल्ला आराजी लाइन, थाना कोंच, जनपद जालौन, उम्र लगभग 45 वर्ष असगर उर्फ अग्गस पुत्र मूसा, निवासी मोहल्ला आराजी लाइन, थाना कोंच, जनपद जालौन, उम्र लगभग 46 वर्ष पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और गौकशी की घटनाओं में इनकी पहले भी संलिप्तता रही है।

## जनपद में वृक्षारोपण लक्ष्यों की तैयारी तेज, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षाकाल 2026 के लिए निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र स्थल चयन का कार्य पूर्ण किया जाए तथा इसकी विस्तृत कार्ययोजना प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्ष 2025 में कराए गए वृक्षारोपण की जीवितता शत-प्रतिशत बनाए रखने के लिए मृत पौधों के स्थान पर नए पौधों का रोपण अनिवार्य रूप से कराया जाए। जिलाधिकारी ने वर्ष 2025 में किए गए वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण एवं जीवितता सत्यापन कराए जाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि नामित सत्यापनकर्ता अधिकारी संबंधित विभागों द्वारा कराए गए वृक्षारोपण की जांच कर निर्धारित प्रारूप में सत्यापन रिपोर्ट तैयार करें तथा दिनांक 20 जनवरी 2026 तक प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 02 अक्टूबर से 31 दिसम्बर की अवधि के मध्य ग्राम पंचायतवार एवं ग्रामसभावार ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के वृक्षारोपण माइक्रोप्लान को संबंधित ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) में अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उपायुक्त, ग्राम्य विकास अभिकरण (मनरेगा) को निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण माइक्रोप्लान को जीपीडीपी में सम्मिलित करते हुए इसकी सूचना प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को समय से उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए और इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को अनिवार्य रूप से लाभान्वित किया जाए तथा बैंकों में कोई भी आवेदन लंबित न रहने पाए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृत किए जाएं, जिससे छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों को शीघ्र आर्थिक संबल मिल सके। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए और बैंकों में लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल स्वीकृत किया जाए, ताकि युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक और संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि योजनाओं के संचालन में अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने ठंड में जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अलग अलग गांवों में समाजसेवियों द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने शिरकत की और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए हैं।

बुधवार को क्षेत्र के इकनौरा गांव में प्रधान वागीश यादव,बरनई चतरखा गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेंद्र द्विवेदी तथा बेहसहरा गांव में समाजसेवी राजीव मिश्रा द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने शिरकत की और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए हैं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक रानू ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, असहाय और जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।उन्होंने समाजसेवियों द्वारा कंबल वितरण के कार्यक्रम की सराहना की हैं।उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची राजनीति है और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक रानू ने आगे कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सरकारी योजनाओं की जानकारी लें और पात्र लोग समय पर उनका लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास, सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर रजनीश कुमार त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष कमलेश पाल, ब्लॉक प्रमुख सांडी अनिल राजपूत, आलोक सिंह, अमित पांडेय, अरविंद कनोजिया, श्रीप्रकाश शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह,अरुण कुमार, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

### ऑक्सीलाइफ सैलून प्रोफेशनल ने लॉन्च किया सिंगल-यूज़ स्किन ब्राइटनिंग डिटैन पैक

आगरा। डाबर इंडिया के प्रीमियम सैलून स्किनकेयर ब्रांड, ऑक्सीलाइफ सैलून प्रोफेशनल ने अपने उन्नत सिंगल-यूज़ स्किन ब्राइटनिंग डिटैन पैक को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस लॉन्च की शुरुआत उनके प्रमुख अभियान स्किनश्योरेंस विद ऑक्सीलाइफ के साथ हुई है, जिसमें लोकप्रिय अभिनेत्री सोनम बाजवा के साथ-साथ कई प्रमुख ब्यूटी और लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर्स नजर आ रहे हैं। पेशेवर सैलून ट्रीटमेंट और घर पर मिलने वाली सुविधा के बीच के अंतर को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया यह नया सिंगल-यूज़ फॉर्मेट, तुरंत टैन हटाने और त्वचा में चमक लाने के लिए एक उच्च-प्रदर्शन, स्वच्छ और सटीक समाधान प्रदान करता है। स्किनश्योरेंस विद ऑक्सीलाइफ अभियान इस सशक्त विश्वास पर आधारित है कि आपकी त्वचा अपना खुद का एक बीमा पाने की हकदार है। यह त्वरित समाधानों से आगे बढ़कर सुरक्षा का एक दीर्घकालिक वादा प्रदान करता है। जैसे-जैसे आपकी त्वचा हर दिन धूप, तनाव और पर्यावरणीय कारकों के निरंतर प्रभाव का सामना करती है, ऑक्सीलाइफ सैलून प्रोफेशनल स्किनकेयर को स्किनश्योरेंस के रूप में फिर से परिभाषित करता है।

## एडीएम की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित

जन एक्सप्रेस । हरदोई



स्वामी विवेकानंद सभागार मे 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी के संबंध में एडीएम प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक मे एडीएम ने निर्देश दिये कि मॉक ड्रिल के आयोजन के स्थल का चयन कर लिया जाये। उन्होंने नगर पालिका को निर्देश दिये कि मॉक ड्रिल से पूर्व शहरवासियों को ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के सम्बन्ध मे सूचित कर दिया जाये।

उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को शाम 06 बजे मॉक ड्रिल किया जायेगा। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किया जाएगा, सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा। मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा आग पर नियंत्रण तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपात चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने नगर पालिका को निर्देश दिये कि मॉक ड्रिल सम्पन्न होने के बाद वहा कि साफ-सफाई की व्यवस्था की जाये।

इस मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा, पावर कॉरपोरेशन, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए, पुलिस एवं जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता रहेगी। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आपदा विशेषज्ञ ज्ञानदीप शर्मा, सहायक उपनियन्त्रक नागरिक सुरक्षा कोर कमलेश कुमार व सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चकमार्ग पर कब्जे को लेकर दो पक्षो में मारपीट, वीडीओ वायरल

जन एक्सप्रेस/हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव में चकमार्ग पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी जिसमे क़ई लोग घायल हो गए। इस घटना का वीडीओ सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष ने थाने पर घटना की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के करनपुर में बुधवार को चकमार्ग पर कब्जे को लेकर मनोहर लाल पुत्र नोखेलाल, सुभाष, रामनिवास, सोनू, अखिलेश पुत्रगण मनोहर लाल का लल्ला सिंह एवं प्रमोद सिंह पुत्रगण मुंशी सिंह, रामखेलावन पुत्र राज बहादुर सिंह, रुस्तम पुत्र राज बहादुर, नन्हे सिंह पुत्र गोवर्धन सिंह गबडे सिंह पुत्र बलराम सिंह, वीरेंद्र सिंह पुत्र बलराम सिंह, देवेश सिंह पुत्र छोटे सिंह, शंभू सिंह पुत्र वीरपाल सिंह, जंटर सिंह पुत्र विजय सिंह के बीच विवाद होने लगा। कुछ ही देर में दोनो पक्षो के बीच मारपीट शुरू हो गयी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा।पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सैनिकों के साहस व देश भक्ति को जनपदवासी हमेशा याद रखेंगे: सुनील कुमार



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर में भूतपूर्व सैनिकों के योगदान को सम्मान देने के लिए आयोजित दसवां सशस्त्र सेवा वेटरन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने जनपद के शहीद वीर जवानों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा 05 शहीद जवानों की वीरगंनाओं और भूतपूर्व सैनिकों को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि देश की रक्षा में योगदान देने वाले इन वीर भूतपूर्व सैनिकों के साहस और देश भक्ति को जनपदवासी हमेशा याद रखेगें। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ओ0पी0 मिश्रा ने कहा कि पहले सशस्त्र सेवा वेटरन दिवस कैम्प में मनाया जाता था परन्तु भूतपूर्व सैनिकों की वीरता को दृष्टिगत अब यह पूरे देश में हर वर्ष 14 जनवरी को वृहद रूप में मनाय जाता है। इस अवसर काफी सख्यां में भूतपूर्व सैनिक उनके परिजन आदि उपस्थित रहे।

## कृषक गोष्ठी में बसंत कालीन गन्ना बुवाई पर प्रगतिशील किसानों से परिचर्चा

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



बसतकालीन गन्ना बुवाई हेतु मिल परिक्षेत्र के प्रगतिशील किसानों से परिचर्चा हेतु एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें चीनी मिल परिक्षेत्र के 100 गांवों से लगभग 200 प्रगतिशील कृषको द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर मुख्य संचालन अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी द्वारा चीनी मिल की बढ़ी क्षमता को देखते हुये अधिक से अधिक रकबे में गन्ना बुवाई की आवश्यकता, गन्ने की खेती को सुगम बनाने हेतु मशीनीकरण, बसंतकालीन गन्ना उत्पादन, तकनीक व समसामयिक क्रियाओं पर चर्चा करते हुये गन्ना फसल सुरक्षा प्रबन्ध पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चीनी मिल लोनी के अपर उपाध्यक्ष एवं इकाई प्रमुख, राजा श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि किसान बसंतकालीन गन्ने की ज्यादा से ज्यादा पैदावार लेने हेतु अपनी मिट्टी की जाँच, सन्तुलित उर्वरक, सन्तुलित सिंचाई प्रबन्धन, मि?ट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने हेतु ढैंचा इत्यादि की बुवाई एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चीनी मिल लोनी के विभागाध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा कृषकों को बसंतकाल में समय से बढ़ाई, उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई जैसे छ्रश 15023, छ्रश 0118, छ्रश्स्र 13235, छ्रश्स्र 14201, छ्रश्स्र 16202 तथा निचली भूमि में छ्रश 98014 की बुवाई करने तथा गन्ना बीज की कमी को देखते हुये किसान भाई अपने गन्ना बीज का सूक्ष्ण अभी से कर लें तथा गन्ना बीज का चयन रोगरहित प्लाट से ही करें। मिल लोनी के अपर महाप्रबन्धक अली आरजू जैदी द्वारा कृषकों को चीनी मिल द्वारा मशीनीकरण पर दिये जा रहे अनुदान एवं पेड़ी प्रबन्धन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद प्रगतिशील किसान अनुराग शुक्ला, राम लखन मिश्रा, प्रेम कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार इत्यादि ने गन्ने की अच्छी पैदावार लेने हेतु किये जाने वाले कृषि कार्यो का अनुभव साझा किया तथा परिचर्चा में उपस्थित सभी प्रगतिशील किसानों द्वारा अपनी समस्त बसंतकालीन गन्ना बुवाई 15 मार्च का पूर्ण करने हेतु शपथ ग्रहण की।

मंच का संचालन उप महाप्रबंधक (गन्ना) गौरव रस्तोगी, द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रगतिशील किसान भाइयों को धन्यवाद व्यक्त किया तथा इस अवसर पर चीनी मिल के अधिकारीगण सुनीता पाण्डेय, आनन्द सिंह, प्रवीर सिंह, मोईन खान, सभी जोनल हेड एवं कर्मचारीगण तथा चीनी मिल क्षेत्र के 200 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## उच्च शिक्षा राज्यमंत्री आज कम्बल वितरण व मेधा सम्मान समारोह में करेंगी शिरकत

जन एक्सप्रेस । हरदोई



उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी आज 15 जनवरी को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय के हरपालपुर आवास पर कंबल वितरण व मेधा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी।वह स्टाफ कार द्वारा अपने आवास इंद्रप्रस्थ कालोनी हरदोई से दोपहर को प्रस्थान करेंगी।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक शिक्षक नेता अनुराग पांडेय ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर हरपालपुर स्थित उनके आवास पर आयोजित कम्बल वितरण व मेधा सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी।इस अवसर पर जरूरतमन्दों को कम्बल वितरित किये जायेंगे तथा मेधा सम्मान में वरिष्ठ वकील,पत्रकार व शिक्षक तथा चिकित्सक को सम्मानित किया जाएगा। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री स्टाफ कार द्वारा अपने आवास इंद्रप्रस्थ कालोनी हरदोई से 12:30 पर प्रस्थान करेंगी जो अपरान्ह 1:30 बजे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

# अंतर्जनपदीय टप्पेबाजी गिरोह का सदस्य चढ़ा पुलिस के हत्थे, जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की आसपुर देवसरा थाने की पुलिस ने बुधवार को एक अंतर्जनपदीय टप्पेबाजी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से सोने और चांदी के आभूषण के साथ ही नकली सोने के बिस्किट बरामद किया है। ये गिरोह जिले के साथ ही जौनपुर, सुल्तानपुर व प्रयागराज में ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। बता दें कि बीते मंगलवार को थाना इलाके के अमरगढ़ उदईशाहपुर निवासी एक महिला से अमरगढ़ चौराहे पर बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने ठगी कर उसके गहने लेकर फरार हो गये थे।

बाइक सवार ठगों ने महिला को झांसे में लेते हुए उसे नकली सोने का बिस्किट देकर उसके असली गहने लिए और चंपत हो गये। जिसके बाद पुलिस महिला की तहरीर पर तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से उनकी तलाश कर रही थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी दीपक भूकर ने घटना के त्वरित अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया। टीमों द्वारा साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज के जरिये आरोपियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। उसी क्रम में थानाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर घटना से संबंधित एक अभियुक्त राजन मिश्रा को थाना इलाके के महादेव इण्टर कालेज के सामने मोलनापुर गांव के समीप घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त राजन मिश्रा मुंगरा बादशाहपुर थाना इलाके के बिलोई गांव का रहने वाला है।

पुलिस ने उसके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण व सोने के जैसा एक कटा हुआ बिस्किट बरामद किया। साथ ही महिला से ठगी करके लिए हुए गहने के साथ ही दो हजार एक सौ साठ रुपये नकद भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह जौनपुर के रहने वाले अपने दो साथियों के साथ मिलकर मंगलवार को अमरगढ़ के साथ ही एवं सहसों, फूलपुर, मछलीशहर एवं जिले में मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर लगाकर एक साथ घटनाओं को अंजाम दिया था।

बुधवार को माल लेकर बटवारे के लिये राजा बाजार जौनपुर जा रहे थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। एएसपी पूर्वी ने बताया कि आसपुर देवसरा पुलिस ने अंतर्जनपदीय टप्पेबाजी के गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। इनका गिरोह फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बाइक से ठगी की घटनाएं करते थे। ये अपने साथ नकली सोने का बिस्किट रखते थे और भोलेभाले लोगों को झांसे में लेकर उन्हें नकली बिस्किट देकर उसके बदले उनके असली गहने लेकर रफूचक्कर हो जाते थे। राजन मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है साथ ही इसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## तौल केंद्रों से समय से नहीं किया जा रहा गन्ना उठान, किसानों में आक्रोश

**कुशीनगर।** गन्ना विकास समिति छितौनी के चेयरमैन प्रतिनिधि समीर सिंह की अगुवाई में मंगलवार को गन्ना किसानों ने डीसीओ को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप था कि समिति द्वारा क्षेत्र में स्थापित कई तौल केंद्रों से गन्ना उठान समय से नहीं किया जा रहा है। इसके चलते तौल केंद्र परिसर में ही उनका गन्ना सूख रहा है। वहीं, चीनी मिल की तरफ से अधिक इंडेंट दिए जाने के चलते पर्चियां भी किसानों में अधिक आवंटित हो गई हैं और तौल केंद्रों से गन्ने के उठान की रफ्तार सुस्त है। इसकी वजह से उन्हें जारी हुई दूसरी पर्चियां हायल हो गई हैं। जिनकी तिथि नहीं बढ़ाई जा रही है। इसको लेकर किसानों व डीसीओ के बीच तीखी बहस भी हुई। छितौनी गन्ना समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि समीर सिंह के साथ मंगलवार को रामप्रताप, विपिन, शिव कुमार गुप्ता, विजय, व्यास कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, उमेश कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा सहित दर्जनों किसान शहर स्थित डीसीओ आफिस पहुंचे व डीसीओ हुदा सिद्दकी को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने कहा कि छितौनी समिति के तहत गड़ौरा चीनी मिल की तरफ से छितौनी, गेठियवा, डोमन छपरा व बेलवनिया तौल केंद्र स्थापित किया गया है। इन केंद्रों पर बीते एक सप्ताह से गन्ने का उठान नहीं हो रहा है।

# कानून व्यवस्था होगी मजबूत: यक्ष एप के शिकंजे में होंगे अपराधी





**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के सत्यापन को और अधिक प्रभावी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्यालय स्तर पर विकसित यक्ष एप के सफल संचालन, कार्यवाही एवं प्रशिक्षण पूर्ण कराने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थानों से उपस्थित उप निरीक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आरक्षी को यक्ष एप के माध्यम से अपराधियों के सत्यापन, डाटा फीडिंग, अद्यतन अभिलेखों के रख-रखाव तथा तकनीकी प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रभारी डीसीआरबी सुभाष सिंह चौरसिया व प्रभारी सीसीटीएनएस सर्वेन्द्र सिंह द्वारा यक्ष एप के संबंध में सभी को जानकारी दी गई। एसपी द्वारा एप के समुचित एवं शत-प्रतिशत उपयोग पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित कर्मी निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रशिक्षण पूर्ण कर एप का नियमित प्रयोग सुनिश्चित करें। एसपी दीपक भूकर ने स्पष्ट किया है कि यक्ष एप के प्रभावी क्रियान्वयन से अपराध नियंत्रण, अपराधियों की निगरानी तथा पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, गति एवं सटीकता आएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि तकनीक का अधिकतम उपयोग करते हुए जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

# कमरे में गोली मारकर स्वास्थ्यकर्मी ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में मेडिकल कॉलेज के एक संविदा स्टाफ नर्स ने अपने घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात थाना इलाके के फुलवारी के रहने वाले अतुल पाण्डेय ( 36 वर्ष ) मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में कार्यरत थे। मंगलवार देर रात अतुल पाण्डेय ड्यूटी से घर लौटे। इसके बाद उन्होंने अपने कमरे में जाकर तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन कमरे की ओर दौड़े जहां अतुल खून से लथपथ फर्श पर पड़े मिले। आननफानन में परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल गये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। चर्चा है कि घरवालों की डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने ये खौफनाक कदम उठाया और अपनी इहलीला ही समाप्त कर ली। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन कर परिजनों से भी मामले के बाबत पूछताछ कर जानकारी ली। सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि मेडिकल कालेज में तैनात एक स्वास्थ्यकर्मी ने अपने कमरे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक ने किसी बात से क्षुब्ध होकर अपनी जान दी है। किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है।

## मदरसों में शिक्षकों की नियुक्ति होगी जांच

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले में चल रहे अनुदानित, गैर अनुदानित मान्यता प्राप्त मदरसों में हुई शिक्षकों की नियुक्ति व मान्यता संबंधी कागजों की अब जांच-पड़ताल कराई जाएगी। इस जांच के लिए निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से जिला प्रशासन को एक पत्र जारी किया गया है। इसमें जांच आख्या रिपोर्ट 15 दिन के अंदर मांगी गई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की तरफ से बीते 7 जनवरी को जारी की गई चिट्ठी के साथ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा की तरफ से 17 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपे गए पत्र का भी हवाला दिया गया है। जिसमें उन्होंने जिले में चल रहे 25 अनुदानित मदरसों की जमीन संबंधी कागजात, शिक्षकों की नियुक्ति में अंकपत्र, जन्मतिथि की सत्यता, मान्यता के मानक की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, साथी समेत दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



> एएसपी पूर्वी ने बताया कि कोतवाली नगर इलाके में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी जबकि उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने छिनैती की घटना को अंजाम दिया था। इनके कब्जे से मोबाइल व पर्स के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इसके अलावा अन्य सामान भी बरामद किया गया है। इनके आपराधिक इतिहास खंगालने के साथ ही अन्य कार्रवाई की जा रही है।

जिले की थाना कोतवाली नगर पुलिस और बदमाशों के बीच मंगलवार रात में हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली जबकि उसके साथी को पुलिस ने दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। घायल अभियुक्त को पुलिस ने ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बता दें कि बीते सोमवार को कोतवाली नगर इलाके के सदर चौराहा पर स्थित वी-टू मॉल के पास एक महिला से दिन में ही अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों द्वारा मोबाइल व पर्स छीन लिया गया था। जिसके बाद महिला की तहरीर पर पुलिस दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक भूकर द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जानकारी व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उसी क्रम में मंगलवार को एएसपी पूर्वी शैलेन्द लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज के पर्वेक्षण में कोतवाली नगर थाने की पुलिस गड़ई चकदइया कारीघाट के पास चेकिंग के दौरान सन्दिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो दोनों पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे।

जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा की गई जबाबी फायरिंग में लूट के अभियोग से संबंधित एक शातिर अभियुक्त अभिषेक उर्फ दउवा के बायें पैर में गोली लगी और घायल हो गया जिसे इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया साथ ही उसके साथी रंजीत सरोज उर्फ निरहू को पुलिस ने दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से छीना हुआ एक मोबाइल फोन, चोरी व लूट के अन्य मोबाइल फोन, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, तीन जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद किया। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभिषेक उर्फ दउवा एवं गिरफ्तार रंजीत सरोज उर्फ निरहू अंतू थाना इलाके के गड़ई पारा हमीदपुर के रहने वाले हैं।

# मकर संक्रांति स्नान पर्व के मद्देनजर व्यापक तैयारियां: डीएम एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**





जिले में बुधवार को डीएम शिवसहाय अवस्थी और एसपी दीपक भूकर ने माघ मेला प्रयागराज में मकर संक्रांति स्नान पर्व के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया। डीएम और एसपी ने कोहड़ौर थाना अंतर्गत रुट डायवर्जन स्थल पर पहुंचकर वहां तैनात पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान डीएम ने कहा कि भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है ताकि जाम की समस्या न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन सड़क के किनारे खड़े नहीं होंगे। भारी वाहन या तो डायवर्जन से अपने गंतव्य को जायेंगे या फिर पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करेंगे। वहीं एसपी दीपक भूकर ने बताया कि स्नान पर्व के मद्देनजर जिले में पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर शहर में यातायात व्यवस्था का व्यापक प्रबंध किया गया है। गरुण वाहिनी द्वारा लगातार गश्त करके निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान दोनों उच्च अधिकारियों ने यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने, जाम की स्थिति से तुरंत निपटने और हर संवेदनशील स्थान पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिया। साथ ही श्रद्धालुओं और आम जनता की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया। मालूम हो कि प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर श्रद्धालुओं का काफी संख्या में आवागमन रहता है। और बात अगर माघ मेले की हो तो इस रूट पर भीड़ बढ़ जाती है। जिसके चलते जिले के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। जिले में माघ मेला के मद्देनजर यातायात व्यवस्था से लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर पुलिस व प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।


## सामीपट्टी को हराकर भटनी ने जीता खिताब

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

बरवा मीरछापर चौराहे पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में मंगलवार को भटनी दादन की टीम ने सामीपट्टी को 63 रन से हराकर खिताब जीत लिया। क्षेत्र के बरवा मीरछापर चौराहा पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में देवरिया बुद्धू खान को हराकर सामीपट्टी और दूसरे सेमीफाइनल में हतवापार को हराकर भटनी दादन ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। मुख्य अतिथि सपा नेता डॉ. विवेक सिंह पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। भटनी दादन और सामीपट्टी के बीच हुए फाइनल मैच में भटनी दादन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज सुहेल ने अपनी टीम को सधी हुई शुरुआत दी। शानदार बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने मात्र 31 गेंदों में ताबड़तोड़ 112 रन बनाए।

# लापता किशोरी का पेड़ से लटका मिला शव, ऑनर किलिंग की आशंका- रात से ही थी लापता

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



जानकारी के अनुसार नंदनी मंगलवार को शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजन रात भर उसकी तलाश में जुटे रहे। इसी बीच बुधवार सुबह कूड़ा प्रबंधन केंद्र के पास पेड़ से उसका शव लटका मिलने की सूचना मिली। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां का दृश्य देख सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

थाना क्षेत्र के कूड़ा प्रबंधन केंद्र के पास बुधवार सुबह 16 वर्षीय किशोरी का आम के पेड़ से लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, वहीं परिवार में चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को किशोरी शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजन रात भर उसकी तलाश में जुटे रहे। इसी बीच बुधवार सुबह कूड़ा प्रबंधन केंद्र के पास पेड़ से उसका शव लटका मिलने की सूचना मिली। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां का दृश्य देख सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना पर बरियारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। किशोरी की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। स्थानीय लोगों द्वारा ऑनर किलिंग की आशंका भी जताई जा रही है।

क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक और तनाव का माहौल है।

# सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं: इन्द्रदेव तिवारी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की पट्टी तहसील के विकास खण्ड मंगरौरा तृतीय से जिला पंचायत सदस्य इन्द्रदेव तिवारी ने बुधवार को न्यायालय के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित कभी नहीं। बता दें कि पंचायत चुनाव 2021 में इन्द्रदेव तिवारी ने मंगरौरा तृतीय से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता था। चुनाव परिणाम आने के बाद उनके प्रतिद्वंद्वी रहे प्रत्याशी उमेश सिंह ने चुनाव परिणाम से संतुष्ट न होकर अनियमितता का आरोप लगाते हुए न्यायालय में वाद दायर कर दिया। मामले की सुनवाई के बाद जिला न्यायाधीश ने 2024 में मंगरौरा तृतीय का चुनाव निरस्त कर दिया। जिसके बाद इन्द्रदेव तिवारी ने उच्च न्यायालय में अपील की।

हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय को पुनः सुनवाई के लिए निर्देशित किया। कुल मिलाकर मामला लगभग साढ़े चार साल तक न्यायालय में चलता रहा और इस दौरान दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा। सोमवार को न्यायालय ने विजयी प्रत्याशी इन्द्रदेव तिवारी के पक्ष में अपना फैसला सुनाया। बुधवार को न्यायालय के फैसले की जानकारी मिलते ही इन्द्रदेव तिवारी व उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाईयां बांटी। इन्द्रदेव तिवारी ने कहा कि मैंने शुरू से ही जनता को सर्वोपरि माना और क्षेत्र के विकास के लिए ही मुझ पर भरोसा करते हुए जनता ने मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर जिताया उसी क्रम में जनता के विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का मैंने हर सम्भव प्रयास किया। न्यायालय के फैसले पर उन्होंने कहा कि मुझे शुरू से ही विश्वास था कि फैसला मेरे पक्ष में ही आयेगा क्योंकि मैंने जनता का भरोसा जीता और जनता ने मुझे वोट दिया था। रही बात मुश्किलों की तो सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। अंत मे जीत सत्य की ही होती है।

## नगर पंचायत के सभासदों व अध्यक्ष में आरोप-प्रत्यारोप से माहौल गरमाया

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

बैतालपुर नगर पंचायत की राजनीति इन दिनों आरोप-प्रत्यारोप के दौर से गुजर रही है। नगर पंचायत के सभासदों ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर राज्य मंत्री व सलेमपुर विधायक विजयलक्ष्मी गौतम के पुत्र अभिषेक गौतम पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता प्रकाश पासवान की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता प्रकाश पासवान नगर के विकास से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय अभिषेक गौतम के निर्देश पर कर रही हैं। उनका कहना है कि सफाई कर्मियों की तैनाती से लेकर विकास कार्यों के प्रस्ताव तक अभिषेक गौतम के कहे अनुसार ही तय किए जा रहे हैं।

# पुलिस ने नहीं लौटाया कोलगेट टूथपेस्ट: पूर्व IPS अमिताभ के 42 हजार की जगह 7200 रुपये ही लौटाए, वाद दाखिल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



स्वयं को पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर का पैरवीकार बताने वाले रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के हरपुर गांव निवासी भीमसेन राव ने आरोप लगाया है कि अमिताभ ठाकुर की गिरफ्तारी के समय उनके पास 42 हजार रुपये थे, लेकिन सामान को अवमुक्त करते समय महज 7208 रुपये ही दिए गए।

पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर प्रकरण में मंगलवार को नया मोड़ आ गया है। इसमें अमिताभ ठाकुर का पैरवीकार बताते हुए एक व्यक्ति ने अमिताभ ठाकुर के पास से रुपये बरामदगी और मोबाइल फोन का लॉक तोड़े जाने को लेकर सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया है। अब इस मामले में 23 जनवरी को सुनवाई होगी।

स्वयं को पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर का पैरवीकार बताने वाले रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के हरपुर गांव निवासी भीमसेन राव ने आरोप लगाया है कि अमिताभ ठाकुर की गिरफ्तारी के समय उनके पास 42 हजार रुपये थे, लेकिन सामान को अवमुक्त करते समय महज 7208 रुपये ही दिए गए।

साथ ही उनके पास से बरामद किए गए वीवो मोबाइल फोन को लौटाते समय, वह बिना पासवर्ड मिला, जबकि उनके दोनों फोन में पहले पिन लॉक लगा हुआ था। इसके अलावा अमिताभ ठाकुर के पास से बरामद किए गए कोलगेट टूथपेस्ट को नहीं लौटाया गया। भीमसेन राव ने पुलिस से इस प्रकरण में आख्या मांगने और कार्रवाई करने का अनुरोध कोर्ट से किया है। भीमसेन राव के अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि अमिताभ ठाकुर के कोलगेट पेस्ट को नहीं लौटाना संदेह उत्पन्न करता है। पुलिस अमिताभ ठाकुर को पेस्ट की जगह कुछ और भरकर इस मामले में फंसा सकती है।

# नए थानेदार विश्व मोहन राय के लिए कच्ची दारू माफिया पर कार्रवाई होगी बड़ी चुनौती

- भट्ठी, सप्लाई और माफिया! नए थानाध्यक्ष को तीनों पर कसनी होगी नकेल
- नशा और अपराध से उजड़ते परिवार,कच्ची दारू पर सख्ती पूरे इलाके की जरूरत

जन एक्सप्रेस। बस्ती



**परशुरामपुर।** परशुरामपुर थाना क्षेत्र में नवागत थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय के सामने सबसे बड़ी और संवेदनशील चुनौती अवैध कच्ची दारू के माफिया पर निर्णायक कार्रवाई की है। यह इलाका वर्षों से कच्ची दारू के अवैध धंधे के लिए कुख्यात रहा है, जहां माफिया बेखौफ कारोबार करते रहे हैं और कानून का भय नाममात्र का दिखता है। गांव-गांव फैला यह नेटवर्क न सिर्फ कानून-व्यवस्था, बल्कि सामाजिक ताने-बाने के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई गांवों में कच्ची दारू की भट्टियां खुलेआम जलती हैं। शाम ढलते ही गलियों, खेतों और सुनसान रास्तों पर बिक्री शुरू हो जाती है। संगठित नेटवर्क के कारण माफिया कार्रवाई से पहले ही सतर्क हो जाते हैं, नतीजतन छापेमारी अक्सर औपचारिकता बनकर रह जाती है। इसका सीधा असर युवाओं पर पड़ा है–पढ़ाई और रोजगार से कटकर सैकड़ों नौजवान नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। कच्ची दारू का जहर स्वास्थ्य से आगे बढ़कर अपराध को जन्म दे रहा है। नशे में चोरी, छिनैती, मारपीट और घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। कमाने वाले हाथ अपराध की राह पर मुड़ते हैं तो घरों में महिलाओं और बच्चों पर सबसे ज्यादा मार पड़ती है। गांवों में उजड़ते परिवार और बिखरती जिंदगियां आम चर्चा बन चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले भी कार्रवाई हुई, पर वह टिकाऊ नहीं रही। कुछ दिन भट्टियां बंद होती हैं, फिर माफिया नए ठिकानों और तरीकों से धंधा दोबारा शुरू कर देते हैं। ऐसे में चुनौती केवल छापेमारी तक सीमित नहीं, बल्कि सप्लाई चेन तोड़ने, स्थायी निगरानी, कठोर कानूनी कार्रवाई और दोषियों की संपत्ति पर प्रभावी प्रहार की है। लोगों को उम्मीद है कि नए थानेदार इस मोर्चे पर सख्ती, निरंतरता और जवाबदेही के साथ उतरेंगे। परशुरामपुर की शांति, सुरक्षा और आने वाली पीढ़ी का भविष्य इसी पर निर्भर करता है कि अवैध कच्ची दारू के इस जहर पर कितनी मजबूती से लगाम लगती है।

### लाला बगिया के पास विनोद उर्फ मास्टर की बड़े पैमाने पर धधकती है भट्ठी?

लाला बगिया क्षेत्र में कच्ची शराब का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। सूत्रों के अनुसार, विनोद उर्फ मास्टर द्वारा मखौड़ा से कोहराएं रोड पर मनोरमा नदी के किनारे, बांध के पास लाला बगिया और उसके आसपास बड़े पैमाने पर कच्ची शराब की भट्टियां संचालित की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि यह इलाका लंबे समय से अवैध शराब के निर्माण और सप्लाई का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां दिन-रात भट्ठी जलती रहती है और तैयार होने वाली कच्ची शराब पूरे क्षेत्र में सप्लाई की जाती है। गांव-गांव तक इसी नेटवर्क से शराब पहुंचती है, जिससे युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। कई परिवारों का कहना है कि इस अवैध धंधे के चलते घरों की आर्थिक हालत बिगड़ रही है और सामाजिक माहौल भी खराब हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के अंधेरे में शराब की ढुलाई की जाती है और सुबह तक माल तय जगहों पर पहुंचा दिया जाता है। बार-बार शिकायतों के बावजूद भट्टियों का दोबारा चालू हो जाना प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

### कुसमोर घाट के पास धधकती भट्ठियाँ

परशुरामपुर थाना क्षेत्र के कुसमोर घाट के पास बड़े पैमाने पर कच्ची दारू की भट्ठियाँ धधकती रहती हैं। यह इलाका लंबे समय से अवैध शराब के धंधे का सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर परसरामपुर पुलिस अक्सर गोंडा बॉर्डर का बहाना बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। कहा जाता है कि सीमा विवाद का हवाला देकर जिम्मेदारी टाल दी जाती है, जबकि माफिया इसी आड़ में बेखौफ कारोबार जारी रखते हैं। नतीजा यह है कि भट्ठियाँ खुलेआम चलती हैं और अवैध दारू परशुरामपुर थाना क्षेत्र अधिकतर गाँवों पहुंच रही है, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### इन गांवों में धधकती हैं कच्ची दारू की भट्टियाँ

वेरता, यरता, कुसमौर, करिगना, नागपुर, रजवापुर, अचरौल सहित दर्जनों गांवों में कच्ची दारू का अवैध कारोबार जड़ें जमाए बैठा है। इन गांवों में सुनियोजित तरीके से भट्टियां लगाई जाती हैं और रात होते ही दारू की खेप आसपास के इलाकों में सप्लाई कर दी जाती है। खेतों, बागों और आबादी से दूर सुनसान ठिकानों को अड्डा बनाकर माफिया बेखौफ धंधा चला रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक वेरता, यरता, कुसमौर, करिगना, नागपुर, रजवापुर और अचरौल जैसे गांव इस अवैध सप्लाई चेन के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। यहां बनी कच्ची दारू आसपास के कस्बों और गांवों तक पहुंचती है, जिससे नशा, अपराध और सामाजिक विघटन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। प्रशासनिक सख्ती के अभाव में यह नेटवर्क और फैलता जा रहा है, जो क्षेत्र की शांति और भविष्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है।

### आबकारी विभाग भी कुंभकर्णी नींद में, माफिया बेखौफ!

परशुरामपुर क्षेत्र में कच्ची दारू का अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है, लेकिन आबकारी विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से भट्टियां जल रही हैं, सप्लाई चेन सक्रिय है, इसके बावजूद आबकारी अमला कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। न नियमित छापेमारी, न ठोस निगरानी और न ही बड़ी कार्रवाई नजर आती है। कभी-कभार की औपचारिक कार्रवाई के बाद फिर वही हालात बन जाते हैं। आबकारी विभाग की इस ढिलाई ने माफिया के हौसले बुलंद कर दिए हैं, जिससे अवैध धंधा लगातार फैलता जा रहा है। इस संबंध में आबकारी विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका नंबर नॉट रीचेबल था।

### कच्ची दारू माफिया कालू का आतंक, टावर के पास बेखौफ पिलाता है मौत का जाम

वेरता गांव में टावर के पास कच्ची दारू माफिया कालू का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। खुलेआम चल रहे इस अवैध धंधे ने इलाके की शांति और सामाजिक ताने-बाने को बुरी तरह प्रभावित किया है। बताया जाता है कि यहां दिन-रात कच्ची दारू की बिक्री होती है, जिससे सैकड़ों नौजवान नशे की गिरफ्त में फंसकर अपनी सेहत और भविष्य दोनों बर्बाद कर रहे हैं। नशे के कारण चोरी, मारपीट और घरेलू कलह की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे परिवारों में डर और तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कालू के खिलाफ आबकारी विभाग के मुकदमे पहले से दर्ज हैं, लेकिन कार्रवाई अक्सर सिर्फ दिखावे तक सीमित रहती है। छापेमारी के बाद कुछ दिनों की शांति रहती है, फिर वही धंधा दोबारा शुरू हो जाता है। बार-बार की ढीली कार्रवाई से माफिया के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन की सख्ती पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# संत चीनी बाबा का देहावसान

जन एक्सप्रेस। बस्ती



**हर्रैया।** नगर पंचायत स्थित प्राचीन माता मंदिर पर लगभग छह दशकों तक महंत रहे सिद्ध संत चीनी बाबा का मंगलवार को शरीर त्याग हो गया। बाबा के देहावसान की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंदिर परिसर में बाबा के अनुयायियों और श्रद्धालुओं का तांता लग गया तथा हजारों की संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में बाबा के पार्थिव शरीर की पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। नगरवासियों ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। माता मंदिर परिसर में ही बाबा की समाधि का निर्माण रातोंरात पूरा किया गया, जहां विधि-विधान के साथ उन्हें समाधि दी जाएगी।करीब 100 वर्ष की आयु तक चीनी बाबा ने सादगी, सेवा और तपस्या का जीवन जिया। बाबा प्रतिदिन रिक्शा से बाजार जाकर स्वयं भंडारे की सामग्री लाते थे। प्रत्येक मंगलवार को विशेष भंडारे का आयोजन होता था, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करते थे।बाबा अपनी खरी और स्पष्ट बातों के लिए प्रसिद्ध थे, लेकिन उनकी वाणी में स्नेह और सच्चाई इतनी होती थी कि कोई भी बुरा नहीं मानता था। कई बार वे स्वयं भोजन बनाने में भी जुट जाते थे, जो उनके सेवाभाव और विनम्रता को दर्शाता था।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र सिंह, सभासद धर्मध्वज सिंह पप्पू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर ध्रुव नारायण सिंह, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता रज्जू, सत्यनारायण सिंह, नरेंद्र मिश्रा, किशनू सिंह, तेज प्रताप सिंह, विनय सिंह, मनोज सिंह, बजरंगी, विनय सिंह विंकुर, ओंकार सिंह पिंटू, मनीष सिंह, शिवकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्त और गणमान्य लोग व्यवस्था में लगे रहे।

# गौरा पाण्डेय में आरएसएस का समरसता सहभोज, समाज को जोड़ने का संकल्प

- सनातन संस्कृति ही राष्ट्र को संगठित और समृद्ध बनाती है – रमेश

जन एक्सप्रेस। बस्ती



**परसरमपुर।** परशुरामपुर ब्लाक के गौरा पाण्डेय गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मकर संक्रांति उत्सव को लेकर बुधवार को सामाजिक समरसता सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट अयोध्या के राजकुमार दास ने किया। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि भारत का इतिहास गवाह है कि सनातन संस्कृति को खत्म करने की तमाम कोशिश हुई। चूंकि उत्सव भारत की परंपरा है और उत्सव जब उत्साह के साथ मनाया जाए तो वह भौगोलिक क्षेत्र कभी नष्ट नहीं हो सकता। बिखरे हुए लोगों को एकजुट करना भारत के पर्व और उत्सवों की परम्परा रही है। जहां भाव है वहीं भारत है, भारत और सनातन अलग नहीं बल्कि एक हैं। कहा कि समरसता प्रदर्शन का नहीं बल्कि आचरण का विषय है और भारत के स्वभाव, संस्कृति, व्यवहार में ही समरसता है। हम सभी समाज में समानता स्थापित करने का संकल्प लें तभी भारत सहित समूचे विश्व का कल्याण संभव है। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व ने हिंदुओं को आपस में बांटने का कार्य किया है ऐसे असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। सनातन ही सभी को संगठित करके समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाज में सामाजिक समरसता के लिए इस तरह के आयोजन बहुत आवश्यक हैं। इस अवसर पर आरएसएस के जिला प्रचारक राघवेन्द्र, सर्वेश, बृजराज शुक्ल, अनन्त पाण्डेय, जगदम्बा, विकास कान्त पाण्डेय, विवेक कान्त पाण्डेय, दीपांशु सिंह, प्रदीप, अरविंद, शक्ति, विनोद शुक्ल, जनार्दन शुक्ल, अरविन्द पाण्डेय, बद्री विशाल पाण्डेय, हरिद्वार मिश्र, देवेन्द्र सिंह, श्रवण तिवारी, विशाल मिश्र, सतीश, रमेश पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, प्रेरक मिश्र, अनूप त्रिपाठी, अरविंद सिंह, सुमित, बृजेश पासवान, दिनेश पांडेय, विजय बहादुर पाण्डेय, रवीन्द्र पाण्डेय, दिनेश सिंह, राम प्रगट पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय, विनय मिश्र, सतीश पाण्डेय, अनिल मिश्रा, कृष्णचंद पाण्डेय, शुभ सागर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# चाइनीज मांझे के चपेट आने से एक डॉक्टर की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जिले में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर एक डॉक्टर की दर्दनाक मौत से जिले में सनसनी फैल गई। यह हादसा लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पचहटिया गांव के पास प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के सामने हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। केराकत कोतवाली क्षेत्र निवासी डॉ. मोहम्मद शमीर के रूप में हुई है, जो ह फिजियो थेरेपी और निजी प्रैक्टिस करते थे। पिता अनुसार, डॉ. शमीर आज सुबह बाइक से जौनपुर मुख्यालय किसी डॉक्टर से मिलने आए थे। वापस लौटते समय प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास अचानक सड़क पर फैले चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए, जिससे उनकी गर्दन बुरी तरह कट गई। प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप कुमार मौर्या ने बताया कि वह अपने बच्चे की फीस जमा कर स्कूल से बाहर निकले ही थे कि अचानक सड़क पर एक बाइक सवार गिर पड़ा। पास जाकर देखा तो उसकी गर्दन कटी हुई थी। मौके पर मौजूद ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने तत्काल एंबुलेंस बुलवाकर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा चाइनीज मांझे पर पूरी तरह रोक लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन मार्केटिंग के चलते इसकी बिक्री पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद शहर में चाइनीज मांझे को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

# जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मडियाहूं के मुसहर समाज को कंबल वितरित कर ठंड में राहत पहुंचाई



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने तहसील मडियाहूं के विकासखंड रामनगर के गांव तरती में मुसहर समुदाय के लोगों को कंबल वितरित किए और उनसे संवाद कर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र लोगों को पेंशन, आवास, राशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार गरीब, असहाय एवं निराश्रित व्यक्तियों को ठंड से बचाने हेतु कंबल वितरित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने शीतकालीन बचाव की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी हैं, जिसमें जनपद के प्रमुख स्थानों पर रैन बसेरों की व्यवस्था और जरूरतमंदों के लिए अलाव का प्रबंध शामिल है। उन्होंने समाजसेवियों से अपील की कि वे भी इस पावन कार्य में आगे आएं और गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाने में योगदान दें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मडियाहूं, खंड विकास अधिकारी रेनू चौधरी, ग्राम प्रधान और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जिलाधिकारी का यह प्रयास स्थानीय मुसहर समुदाय के लिए मुख्यधारा में जुड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है और इससे प्रशासनिक योजनाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# खुटहन पुलिस ने किया शातिर चोर गैंग का पर्दाफाश, बरामद की चोरी की पिकअप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




थाना खुटहन पुलिस ने अन्तर्जनपदीय शातिर चोर/गौतस्कर रविन्द्र वर्मा गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रेमचन्द वर्मा, शक्तिमान और सुगीता देवी शामिल हैं। पुलिस ने चोरी की गई पिकअप वाहन बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 06 जनवरी को बरामदे में सो रहे सुबाष चन्द्र मौर्य और उनके बड़े भाई की पिकअप और मोबाइल चोरी हो गया था। उसी रात पटेला सब्जी मंडी में ग्राहक सेवा केन्द्र और पड़ोसी इलेक्ट्रॉनिक दुकान से भी सामान चोरी कर लिया गया था। पुलिस टीम ने सुल्तानपुर जिले से वापस लौट रही पिकअप को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने जान से मारने की नियत से बैरियर पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की। पिकअप फंसने के बाद अपराधियों में से दो युवक और एक महिला आरक्षी ने पकड़ लिया। महिला आरक्षी ने मौके पर ही एक महिला आरोपी को हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में चोरी की पूरी योजना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गैंग का नेता रविन्द्र वर्मा रहता है, जो चोरी के लिए रेकिंग करवाता और निशानदेही करता था। चोरी की पिकअप की नंबर प्लेट बदलकर पहचान छुपाने की कोशिश की गई थी। बरामदगी और गिरफ्तारी के दौरान मानवाधिकार आयोग और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों का विवरण प्रेमचन्द वर्मा, बरामदपुर जरियारी, मजरूआ, जिला अम्बेडकर नगर शक्तिमान, पट्टी नरेन्द्रपुर, जौनपुर, उम्र 20 वर्ष सुगीता देवी, बरामदपुर जरियारी, महरूआ, जिला अम्बेडकर नगर बरामदगी का सामान चोरी की गई पिकअप वाहन और नगदी ?580/- गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उ0नि0 रवि प्रकाश सिंह, उ0नि0 रामजनम प्रसाद, हे0का0 रविन्द्र कुमार, हे0का0 सुनील कुमार सहित अन्य।

# पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर लाइन बाजार क्षेत्र पूरा है मामला प्रार्थिनी दीपा जायसवाल पत्नी प्रेमचन्द्र जायसवाल मोहल्ला लखनपुर परगना हवेली तहसील सदर थाना लाईनबाजार जनपद जौनपुर की एक शान्तिप्रिय महिला है। विगत कुछ समय से प्रार्थिनी के ससुराल के प?ट्टीदारों व प्रार्थिनी के पति के मध्य पारिवारिक सम्पत्ति व रास्ते का विवाद चल रहा है, जिसका मुकदमा दीवानी न्यायालय जौनपुर में चल रहा है। इस विवाद के कारण प्रार्थिनी के पटीदारी के कुछ लोग प्रार्थिनी के परिवार से काफी रंजिश रखते हैं। आज सुबह लगभग 7-00 बजे जब प्रार्थिनी व उसके पति सो कर उठे तो देखा कि प्रार्थिनी के पटीदारी के श्री चन्द्रभान जायसवाल, पुत्र स्व0 बाबूराम जायसवाल, अंजलि जायसवाल पत्नी सोनू जायसवाल, शिवम् जायसवाल व सोनू जायसवाल पुत्रगण चन्द्रभान जायसवाल तथा इनके द्वारा बाहर से बुलाए गए धर्मेन्द्र, जितेन्द्र व सीमा प्रार्थिनी के परिसर स्थित गोदाम के पास खड़े होकर कुछ कर रहे हैं। संदेह होने पर ध्यान से देखा गया तो पाया गया कि ये लोग ग्लाइण्डर से प्रार्थिनी के पति के गोदाम का ताला काट रहे थे। हम लोगों ने शोर मचाया तब चन्द्रभान जायसवाल, अंजलि जायसवाल, सोनू जायसवाल व शिवम जायसवाल परिसर स्थित अपने घर की ओर भागे तथा धर्मेन्द्र, जीतेन्द्र व सीमा परिसर के पिछले हिस्से में लगे गेट, जिसका भी ताला ये लोग सबसे पहले काटे थे, के पास खड़े लालजी मौर्य व नीरज मौर्य के शह व सहयोग से बाहर भाग गए। इस घटना में उक्त लालजी मौर्य व नीरज मौर्य ने अभियुक्तगण की पूरी सहायता किया। उस समय परिसर के सामने स्थित मुख्य द्वार पर ताला बन्द था। सुबह लगभग 9-30 बजे जब प्रार्थिनी व प्रार्थिनी का पुत्र युवराज जायसवाल परिसर के बाहर जाने के लिए परिसर के सामने वाले मुख्य द्वार के पास आकर उपरोक्त चन्द्रभान जायसवाल वगैरह से आग्रह किया कि मुख्य द्वार का ताला खोल दीजिए हम लोगों को बाहर जाना है, तब उपरोक्त चन्द्रभान जायसवाल, अंजलि जायसवाल, सोनू जायसवाल, शिवम् जायसवाल, उपस्थित आ गए धर्मेन्द्र, जीतेन्द्र व सीमा प्रार्थिनी व उसके पुत्र को भद्दी भद्दी गालियां देने लगे व जान से मारने की धमकी देने लगे। उक्त गाली गलौज का विरोध करने पर उपस्थित सभी लोग प्रार्थिनी व उसके पुत्र युवराज को हाथ में लिए डण्डे व पाईप से जान से मारने की नीयत से मारने लगे एव हम दोनों को खींच कर अपने घर की ओर अन्दर ले गए व बुरी तरह से मारे पीटे।

### बिना अनुमति के धार्मिक स्थल का निर्माण कार्य को पुलिस ने रोका

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत डोमनपुर गांव में एक पोखरे के समीप बगैर अनुमति के एक पक्ष द्वारा मस्जिद का निर्माण करने हेतु गड्ढा खोदा जा रहा था। ग्रामीणों को मामले की जानकारी होते ही गांव में विरोध शुरु हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने तत्काल काम को बंद करवाया।

क्षेत्र के डोमनपुर गांव में एक पोखरे के समीप अल्पसंख्यक समुदाय के द्वारा मस्जिद निर्माण कार्य करने हेतु गड्ढा खोदा जा रहा था। इसकी जानकारी जब गांव के बहुसंख्यको को हुई तो कोतवाली में तहरीर दे विरोध दर्ज कराया। दिये गये तहरीर में कहा गया है कि यहां पर हम लोगों का हर वर्ष होलिका दहन होता है। दुर्गा पूजा पंडाल लगता है। मूर्ति विसर्जन व नागपंचमी पर मेले का आयोजन भी होता है। अगर बिना अनुमति के नया निर्माण किया गया तो यहां का का माहौल खराब हो सकता है। जिसके चलते गांव की शांति व्यवस्था भंग हो सकता है। ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान व कोतवाली निरीक्षक किरन कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर काम को बंद करा दिया गया। सम्बंधित पक्ष को कहा गया है कि अनुमति लेकर ही धार्मिक स्थल का निर्माण करें।

# हाईकोर्ट चीफ जस्टिस का सख्त आदेश: चाइनीज मांझा पर पूरे प्रदेश में पूर्ण प्रतिबंध लागू हो

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने चाइनीज मांझा को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिया है कि जौनपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझा के निर्माण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध प्रभावी रूप से लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा कि इस विषय में हाईकोर्ट पहले ही वर्ष 2015 में प्रतिबंध का आदेश पारित कर चुकी है, बावजूद इसके आज तक उसका समुचित अनुपालन नहीं हुआ। पूर्व में पारित न्यायिक आदेशों का पालन करना राज्य सरकार का संवैधानिक दायित्व है। जब भी पतंगबाजी का मौसम अपने चरम पर हो, तब राज्य सरकार की यह विशेष जिम्मेदारी है कि चाइनीज मांझा के निर्माण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण रोक सुनिश्चित की जाए, क्योंकि यह मनुष्य एवं पक्षियों के जीवन के लिए अत्यंत घातक है। यह जनहित याचिका जौनपुर में चाइनीज मांझा से हुई गंभीर और जानलेवा घटनाओं को आधार बनाकर दाखिल की गई थी। याचीगण की ओर से अधिवक्ता शिवा प्रिया प्रसाद ने अदालत को बताया कि 11 दिसंबर 2025 को अपनी पुत्री को स्कूल छोड़कर लौट रहे अध्यापक संदीप तिवारी की शास्त्री ब्रिज पर चाइनीज मांझा से गला कटने के कारण मृत्यु हो गई। इससे पूर्व 15 सितंबर 2015 को उत्तम दुबे की भी इसी कारण मौत हो चुकी है। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि अधिवक्ता आशीष शुक्ला, शिवराज यादव, रवि सिन्हा, भुवन अस्थाना, पृथ्वी नाथ तिवारी के अलावा राहगीर सोल्जर यादव, एम.आर. दिव्यांशु सिंह, शिवनाथ पाठक सहित कई लोग चाइनीज मांझा से गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। जनहित याचिका दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव,विकास तिवारी एवं नरेंद्र कुमार जायसवाल द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव एवं जिलाधिकारी जौनपुर के विरुद्ध दाखिल की गई थी। याचिका में कहा गया कि चाइनीज मांझा में प्रयुक्त सिंथेटिक धागा, शीशे का पाउडर एवं गोंद इसे रेजर ब्लेड की तरह तेज धार वाला बना देता है, जो कपड़े पहनने के बावजूद शरीर के किसी भी हिस्से को काट सकता है। इससे मानव जीवन के साथ-साथ पशु एवं पक्षियों का जीवन भी लगातार संकट में है। यह भी कहा गया कि चाइनीज मांझा नॉन-बायोडिग्रेडेबल है, जिससे पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है, जो संविधान के अनुच्छेद 48-ए एवं 51-ए(ग) का उल्लंघन है। पर्यावरण के अनुकूल सूती धागे का उपयोग पतंग उड़ाने में सुरक्षित विकल्प हो सकता है।


# मकर संक्रांति पर जिलाधिकारी का संदेश: दान, सेवा और समरसता से ही होगा समाज का उत्थान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति सनातन संस्कृति में दान, पुण्य और आत्मशुद्धि का महापर्व है। यह पर्व भगवान सूर्यदेव के उत्तरायण होने का प्रतीक है, जिसे शास्त्रों में देवताओं का काल माना गया है। इस अवधि में किए गए पुण्य कर्म अक्षय फल प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मकर संक्रांति आत्मसंयम, करुणा और सेवा भाव को जाग्रत करने का श्रेष्ठ अवसर है। इस दिन सूर्योपासना, स्नान, जप-तप एवं दान से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। शास्त्रों में कहा गया है अन्नदान महादान है और विशेष रूप से इस दिन तिल एवं गुड़ से बने पदार्थों का दान कई गुना पुण्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दान का तात्पर्य केवल धन से नहीं, बल्कि अहंकार, लोभ और मोह के त्याग से भी है। भूखे को भोजन कराना, जरूरतमंद को वस्त्र देना, विद्या का प्रसार करना और किसी की भावनाओं का सम्मान करना भी सर्वोच्च दान है। डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, किसान पंजीकरण, डिजिटल फसल सर्वे और मतदाता सूची में युवाओं का नामांकन–भी सेवा और पुण्य का सशक्त माध्यम हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सकता है। अंत में जिलाधिकारी ने भगवान सूर्यदेव को नमन करते हुए सभी नागरिकों से अपील की कि मकर संक्रांति पर दान, संयम, सेवा और सामाजिक समरसता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा वाणी, कर्म और व्यवहार से किसी का अपमान न करें। उन्होंने सभी जनपदवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

# भारत ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ईरान में पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं।

### सहायता के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था। साथ ही ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों को पूरी सावधानी बरतने और विरोध-प्रदर्शन वाले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई थी।

### सतर्क रहने और संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की सलाह

सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है।

### उपलब्ध साधनों से ईरान छोड़ने की अपील

विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ाने भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें।

### मृतकों की संख्या बढ़कर 2,572 हुई

ईरान के प्रधान न्यायाधीश ने सरकार विरोधी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ त्वरित सुनवाई और फांसी की सजा का संकेत दिया है। वहीं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 2,572 हो गई है। अमेरिका स्थित 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' ने बताया कि बुधवार सुबह तक मृतकों की संख्या बढ़कर 2,571 हो गई थी। यह आंकड़ा दशकों में ईरान में हुए किसी भी विरोध प्रदर्शन या अशांति में हुई मौतों की संख्या से कहीं अधिक है और देश की 1979 की इस्लामी क्रांति के दौरान फैली अराजकता की याद दिलाता है। मृतकों की संख्या की जानकारी मिलने के बाद, ट्रंप ने ईरान के नेताओं को चेतावनी दी कि वह किसी भी प्रकार की बातचीत समाप्त कर रहे हैं और ''कार्रवाई करेंगे।'

### दस्तावेज हमेशा रखें तैयार

ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें।

# राहुल गांधी के साथ नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई: डीके शिवकुमार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को साफ किया कि मंगलवार को जब उनकी राहुल गांधी के साथ बात हुई थी, उसमें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दरअसल राहुल गांधी, जब मंगलवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे तो शिवकुमार उनसे अकेले में बातचीत करते नजर आए थे। जिसके बाद फिर से राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कयास शुरू हो गए थे।

### कांग्रेस विधायक के बयान ने बढ़ाई हलचल

हालांकि जब दिल्ली जाने को लेकर सवाल किया गया तो डीके शिवकुमार ने साफ कहा कि वे 16 जनवरी को दिल्ली जाएंगे। दरअसल हाल ही में कांग्रेस विधायक अशोक पत्तन ने कहा था कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं (सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार) को दिल्ली बुलाया है। अभी दिल्ली जाने की तारीख तय नहीं है, लेकिन संक्रांति के बाद दोनों नेता राहुल गांधी से मिलने दिल्ली जा सकते हैं। पत्तन ने ये भी कहा कि उन सभी की इच्छा है कि कैबिनेट विस्तार हो और वे खुद भी मंत्री पद के दावेदार हैं। हालांकि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं को यह कहकर खारिज कर दिया कि ये सिर्फ मीडिया द्वारा गढ़ी गई कहानी है और उनके और डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई मतभेद नहीं हैं। हालांकि कांग्रेस के ही नेताओं की बयानबाजी और गाहे-बगाहे शिवकुमार और सिद्धारमैया की बैठकों से ऐसे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि पर्दे के पीछे नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चा चल रही है।

### राहुल से मुलाकात को लेकर क्या बोले डीके शिवकुमार

बुधवार को मीडिया से बात करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, 'मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता, हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। ये सब बातें सार्वजनिक तौर पर नहीं की जा सकतीं। नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई। राहुल गांधी ने हमें अच्छा काम करने के लिए कहा और हम उसी हिसाब से काम करेंगे।'

# आचार संहिता के बावजूद महायुति को पैसे बांटने की खुली छूट: संजय राउत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

### महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों के लिए मतदान आज

- महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी, 2026 को कराए जाएंगे, यह चुनाव एक ही चरण में होंगे।
- मतदाता चुनाव में आसानी से वोट कर सकें इसके लिए सार्वजनिक अवकाश की भी घोषणा की गई है।
- ग्रेटर मुंबई के सभी पोलिंग स्टेशनों पर सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक वोटिंग होगी।
- नतीजों की घोषणा 16 जनवरी 2025 को होगी।
- गौरतलब है कि नामांकन का प्रक्रिया 23 दिसंबर 2025 से शुरू हुई थी।
- वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 30 दिसंबर थी।
- जिन उम्मीदवारों ने नामांकन कर दिया था, लेकिन किसी कारण वश नाम वापस लेना हो तो उसकी तारीख 2 जनवरी 2026 रखी गई थी।
- 3 जनवरी को जो उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, उनकी अंतिम सूची जारी हुई थी।

मुंबई शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने बुधवार को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद महायुति की पार्टियों भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी को घर-घर जाकर प्रचार और पैसे बांटने की खुली छूट दी जा रही है। मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय राउत ने कहा कि नियमों के मुताबिक मंगलवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका था, लेकिन इसके बाद भी चुनाव आयोग ने डोर-टू-डोर कैंपेन की अनुमति दे दी, जो सवालों के घेरे में है। राउत ने कहा जब आचार संहिता लागू है और प्रचार खत्म हो चुका है, तब घर-घर जाकर प्रचार की इजाजत देना किस तरह का नियम है? यह सीधे तौर पर भाजपा, एकनाथ शिंदे और अजित पवार को पैसे बांटने का लाइसेंस देने जैसा है। संजय राउत ने मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि बिहार में करीब 60 लाख, उत्तर प्रदेश में 1.25 करोड़ और पश्चिम बंगाल में लगभग 54 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कटौती से चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा एक राज्य में लाखों वोटरों के नाम हटाना चुनाव की दिशा बदल सकता है। महाराष्ट्र में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए राउत ने कहा कि पार्टी निष्पक्ष तरीके से चुनाव नहीं लड़ती। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में हिंदू-मुस्लिम मुद्दा असफल होने के बाद अब मुकाबला ईडी बनाम तृणमूल कांग्रेस में बदल गया है। राउत ने यह भी दावा किया कि तमाम कथित साजिशों के बावजूद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भारी बहुमत से जीतेंगी।

# राहुल गांधी 17 जनवरी को जाएंगे इंदौर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 17 जनवरी शनिवार को मध्यप्रदेश के इंदौर जाएंगे। इस दौरान वह भागीरथपुरा पहुंचकर दूषित पानी पीने से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसी दिन कांग्रेस मध्य प्रदेश में मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर विरोध प्रदर्शन भी करेगी। मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि, देश के हर ब्लॉक में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सामूहिक उपवास रखेंगे। साथ ही गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे। इस दौरान भागीरथपुरा में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मुद्दे पर प्रदेश की सियासत भी गरमा चुकी है। कांग्रेस राज्य की मोहन यादव सरकार और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को घेर रही हैं। वहीं, कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी इस मामले में अपनी ही सरकार पर निशाना साध रहे है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस इंदौर में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। भागीरथपुरा मामले को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस ने इंदौर में 11 जनवरी को न्याय यात्रा निकाली थी। इस यात्रा में इंदौर और आसपास के 200 किलोमीटर क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष शामिल हुए थे। इस यात्रा में जितेंद्र पटवारी, उमंग सिंघार, दिग्विजय सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे। प्रदेश कांग्रेस नेताओं का कहना है, 17 जनवरी को राहुल गांधी के इंदौर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इस दौरान वे मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा पार्टी ने कई अन्य मुद्दों पर भाजपा और राज्य सरकार की तगड़ी घेराबंदी करने की योजना तैयार की है। इन्हीं आंदोलन की तैयारियों को लेकर हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बैठक भी की थी। कांग्रेस पार्टी इंदौर की इस त्रासदी के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मेयर पुष्यमित्र भार्गव को जिम्मेदार बताते हुए दोनों नेताओं के इस्तीफे मांग रही है।



# हजारीबाग के बड़ा बाजार टीओपी में जोरदार धमाका, तीन लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

झारखंड के हजारीबाग जिले में बुधवार को बड़ा बाजार टीओपी क्षेत्र में एक जोरदार धमाका होने की खबर है। इस घटना में तीन लोगों की मौत की सूचना सामने आई है, जिनमें एक महिला शामिल बताई जा रही है। वहीं कई अन्य लोगों के घायल होने की भी जानकारी मिल रही है।

### बाड़ी की सफाई के दौरान हुआ हादसा

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब कुछ लोग बाड़ी की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर अफरातफरी मच गई।

### इलाके में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास के लोग सहम गए और घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और स्थिति को नियंत्रण में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी



# थाईलैंड में क्रेन गिरने के कारण पटरी से उतरी ट्रेन, 29 लोगों की मौत, 30 घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

थाईलैंड में एक बड़ा रेल हादसा हुआ है। दरअसल राजधानी बैंकॉक से थाईलैंड के उत्तर पश्चिमी प्रांत जा रही एक ट्रेन पर निर्माणाधीन साइट की क्रेन गिर गई। इसके बाद ट्रेन भी पटरी से उतर गई। इस हादसे में 29 लोगों की मौत हुई है और करीब 30 लोग घायल हैं। ये दुर्घटना बुधवार सुबह थाईलैंड के सिखियो जिले में हुई। यह क्षेत्र राजधानी बैंकॉक से करीब 230 किलोमीटर दूर है।

### कैसे हुआ हादसा?


स्थानीय पुलिस अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि हादसे में 22 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि बाद में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 29 हो गया। हादसे का शिकार हुई रेलगाड़ी उबोन रतचथानी प्रांत जा रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माणाधीन हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट का काम चल रहा था, जिस पर क्रेन काम में लगी थी, जब वहां से ट्रेन गुजर रही थी, तभी क्रेन वहां से गुजर रही ट्रेन पर गिर गई। क्रेन गिरने के चलते ट्रेन पटरी से उतर गई और उसमें आग लग गई। फिलहाल आग को बुझा लिया गया है और बचाव कार्य चल रहा है। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्यों का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि बचाव कर्मी हादसाग्रस्त ट्रेन को काटकर घायल लोगों को निकाल रहे हैं।

### ये आंकड़ा ट्रेन में सीटों के आधार पर बताया गया है

रिपोर्ट के अनुसार, हादसे का शिकार हुई ट्रेन में 195 यात्री सवार थे। हालांकि ये आंकड़ा ट्रेन में सीटों के आधार पर बताया गया है और ट्रेन में असल में कितने यात्री सवार थे, इसका आंकड़ा अलग हो सकता है। थाईलैंड सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। हादसा बुधवार सुबह 9 बजे के करीब हुआ।

# हम पूर्व सैनिकों के सम्मान में सिर झुकाते हैं', सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर बोले रक्षा मंत्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया और जिन सैनिकों ने युद्ध के मैदान में अपने प्राण गंवाएं, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि देश अपने पूर्व सैनिकों के सम्मान में सिर झुकाता है। राजधानी दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को देश का गर्व बताया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम भारत समेत विश्व भर में रहने वाले अपने पूर्व सैनिकों को आदरपूर्वक नमन करते हैं। हम शहादत प्राप्त उन सभी सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। आज मुझे इस विशाल परिवार के साथ में मकर संक्रांति मनाने का अवसर मिला है।

### रक्षामंत्री के रूप में देश की सेवा करने का मौका मिला

राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, 'आपके लिए यह सिर्फ एक पेशा नहीं है; बल्कि एक प्रतिज्ञा है जिसमें आप सभी ने राष्ट्र को अपने से ऊपर रखा है। मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं क्योंकि किसी भी समाज के लिए इससे बड़ा बलिदान कुछ और नहीं होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री के रूप में उन्हें देश सेवा करने का मौका मिला और यह मेरी सबसे संतोषजनक भूमिका रही है। उन्होंने सभी सैनिकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेवानिवृत्ति के बाद भी अपना योगदान देते रहते हैं। इसलिए रक्षा मंत्री के रूप में आपके साथ काम करना मेरे जीवन के सबसे सुखद पलों में से एक है।

# हिंदुत्व हमारी आत्मा, वोट के लिए कभी दिखावा नहीं किया: देवेंद्र फडणवीस

- फडणवीस ने कहा हिंदुत्व हमारी आत्मा है हमने कभी वोट पाने के लिए हिंदुत्व का प्रदर्शन नहीं किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निकाय चुनाव के मतदान से पहले कहा कि उनकी पार्टी ने कभी वोट पाने के लिए हिंदुत्व का प्रदर्शन नहीं किया। फडणवीस ने हिंदुत्व को अपनी पार्टी की 'आत्मा' बताते हुए कहा कि यह मराठी समाज में गहराई से जुड़ा हुआ है और उनकी पार्टी हर समुदाय की परंपराओं और विश्वासों का सम्मान करती है। फडणवीस ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा हिंदुत्व हमारी आत्मा है। हमने कभी वोट पाने के लिए हिंदुत्व का प्रदर्शन नहीं किया। हमने केवल हिंदुत्व की पूजा की। क्या मराठी व्यक्ति हिंदुत्व में विश्वास नहीं करता? हम हर जाति के हिंदुत्व का उनके अपने रीति-रिवाजों के अनुसार सम्मान और पूजा करते हैं। उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी पर इशारों में निशाना साधा। ओवैसी ने हाल ही में यह कहा था कि अगर उनकी गठबंधन सरकार बनी, तो हिजाब पहनने वाली महिला मेयर बन सकती हैं। फडणवीस ने इसे मराठी लोगों की अस्मिता को भ्रमित करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा जब कोई 'मराठी मुसलमानों' के साथ गठबंधन कर के हिजाब में मेयर बनाने का दावा करता है और मराठी लोगों की अस्मिता को भ्रमित करता है, तब हमें हिंदुत्व की वास्तविकता जनता के सामने रखनी पड़ती है।

### उद्धव ठाकरे पर लगाए आरोप

सीएम ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर भी आरोप लगाया कि वे चुनावी फायदे के लिए हिंदुत्व से दूरी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बलासाहेब ठाकरे के लंबे समय से चले आ रहे लाउडस्पीकर हटाने के सपने को कानून और सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरा किया। फडणवीस ने कहा केवल वोट के लिए हिंदुत्व से दूरी बनाना और किसी विशेष समुदाय को लुभाना सही नहीं है। जो लोग सत्ता में आने के बाद लाउडस्पीकर वापस लगाने का दावा कर रहे थे, अब घृणास्पद ढंग से व्यवहार कर रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए।

# भारत में 42 देशों के मेहमान, आज पीएम मोदी करेंगे 28वें सीएसपीओसी सम्मेलन को संबोधित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) का उद्घाटन करेंगे। यह संसद भवन परिसर स्थित संविधान सदन के केंद्रीय हॉल में आयोजित होगा। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे।

### ओम बिरला की अध्यक्षता में होगा सम्मेलन

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में होने वाले इस सम्मेलन में दुनिया के विभिन्न हिस्सों से 42 राष्ट्रमंडल देशों और चार अर्ध-स्वायत्त संसदों के 61 अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। इसमें समकालीन संसदीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों को बनाए रखने में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका भी शामिल है। सम्मेलन में संसदीय कामकाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग, सांसदों पर सोशल मीडिया के प्रभाव, संसद की सार्वजनिक समझ को बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियों और मतदान से परे नागरिक भागीदारी आदि पर भी चर्चा की जाएगी।

# ऑटो में मिला कंकाल

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी परिक्षेत्र में ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में ऑटो में एक मानव कंकाल जला हुआ मिला। बुद्धवार सुबह इस मामले का पता उस समय चला जब टहलने वाले लोगों ने ऑटो में कंकाल देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया। आशंका है कि हत्या करके उसके शव को ठिकाने लगाने के उदेश्य से ऑटो में रखकर आग लगा दिया गया है। सनसनी खेज हृदय विदारक यह घटना देखकर लोगों के होश फाख्ता हो गए। पुलिस को सूचना के बाद दलबल सहित फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस मामले की विवेचना में लग गई है। सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शव की पहचान हेतु सूचना एकत्र किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य माध्यमों से घटना की जांच शुरू कर दिया गया है।

# गाजियाबाद में सड़क पर युवक पर जानलेवा हमला, हमलावर फरार

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



गाजियाबाद के कविनगर थान क्षेत्र निवासी युवक को गाड़ी से कुचलकर मारने का प्रयास किया गया। आम राहगीरों की तत्परता से हमलावर भागने में सफल रहे।पीड़ित द्वारा लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके हमलावरों की तलाश शुरू कर दिया है। घटना के संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार कैलाशपुरम गाजियाबाद निवासी राजेश कुमार जैविक खाद बनाने का कारोबार करते हैं। उनकी कुछ समय से कथित रूप से हमलावर आयुष तेवतिया के साथ कुछ मामले को लेकर अनबन थी। जिसके कारण आरोपी पक्ष पीड़ित से खार खाए हुए था। जिसको लेकर पूर्व में पीटने की धमकी भी दे चुका था। मंगलवार की रात राजेश कुमार के पुत्र ऋषि चौहान गोविंदपुरम के पास सड़क किनारे रेडी से मुंगफली खरीद रहा था। उसी समय एनडीआरएफ रोड पर आरोपी आयुष अपने अन्य मित्र के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर ऋषि को कुचलने का प्रयास किया और दूर तलक उसको गाड़ी से घसीट कर ले गया। उसके बाद गाड़ी से उतरकर सड़क पर ही पीड़ित की जमकर डंडे और किसी हथियार की बट से पिटाई करने लगा। बीच सड़क ऐसे हादसे को देखकर राहगीरों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपी धमकाने केबाद भाग खड़े हुए। जनता द्वारा पुलिस को सूचना देने के बाद आरोपी अपनी गाड़ी छोड़कर भाग खड़े हुए। कार में मादक पदार्थ और डंडे मिले। सहायक पुलिस आयुक्त सूर्य बलि मौर्य ने बताया कि घायल पीड़ित पक्ष ऋषि चौहान के चाचा के तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस बल आरोपी आयुष और उसके साथियों की तत्परता से तलाश करने में लगी है।

# सदर विधायक के अथक प्रयास से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे विजयनगर निकास एवं क्रॉसिंग चौड़ीकरण कार्य आरंभ

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाजियाबाद के विजयनगर क्षेत्र में निकास एवं क्रॉसिंग से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण सदर विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि एक्सप्रेसवे पर लगातार लगने वाले भीषण जाम एवं सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए इस कार्य के लिए विधायक सदर संजीव शर्मा द्वारा अथक प्रयास और कार्यवाही हेतु पत्र लिखकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध किया गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए यह महत्वपूर्ण परियोजना स्वीकृत की गई। जनता की समस्याओं को देखते हुए विधायक।के प्रयास से लगभग 24 करोड़ की यह कार्ययोजना शुरू हुई है। सदर विधायक संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे गाजियाबाद ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर की जीवनरेखा है। विजयनगर क्षेत्र में लगातार जाम और दुर्घटनाओं की समस्या को देखते हुए मैंने इस विषय को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष गंभीरता से रखा था। उनके सकारात्मक सहयोग से आज यह चौड़ीकरण कार्य धरातल पर उतरा है। यह परियोजना पूरी होने के बाद आम नागरिकों को जाम से राहत मिलेगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात पहले से अधिक सुरक्षित व सुगम होगा। जनहित से जुड़े ऐसे कार्यों को पूरा कराना मेरी प्राथमिकता है।